भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 7/21/2022-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
(व्यापार उपचार महानिदेशालय)
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 06 अप्रैल, 2023

अंतिम जांच परिणाम

(मामला सं. एडी(एसएसआर) -10/2022)

विषय: चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न" के आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा।

क. मामले की पृष्ठभूमि

फा.सं. 7/21/2022-डीजीटीआर: समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे यहां आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) तथा उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण एवं क्षति के निर्धारण हेतु) नियमावली, 1995 (जिसे यहां आगे "एडी नियमावली" भी कहा गया) को ध्यान में रखते हुए:

1. निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे यहां आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) को मैसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड(जिसे आगे यहां "आवेदक" भी कहा गया है) से एक आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें चीन जन.गण. (जिसे आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) से हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न (जिसे आगे 'विचाराधीन उत्पाद' अथवा 'संबद्ध वस्तु' भी कहा गया है) के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच शुरु करने का अनुरोध किया गया है।

2. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित मूल पाटनरोधी जांच प्राधिकारी द्वारा फा.सं. 6/12/2017 दिनांक 15 जून 2017 के माध्यम से शुरु की गई थी ताकि संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित विचराधीन उत्पाद के संबंध में पाटन की प्रकृति और मात्रा तथा घरेलू उद्योग पर उसके क्षतिकारी प्रभाव की जांच की जा सके। प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं. 6/12/2017-डीजीएडी दिनांक 24 मई, 2018 के माध्यम से संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्यात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी जिसे सीमा शुल्क अधिसूचना सं. 35/2018-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 9 जुलाई, 2018 द्वारा लागू किया गया था। उक्त शुल्क 5 वर्ष की अवधि के लिए लगाए गए थे और 8 जुलाई, 2023 को समाप्त हो जाएंगे।

3. तत्पश्चात, मैसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चीन जन.गण. के उत्पादकों द्वारा मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के प्रवंचन का आरोप लगाते हुए एक प्रवंचनारोधी आवेदन दायर किया। प्राधिकारी ने फा.सं. 7/9/2022-डीजीटीआर के माध्यम से चीन जन.गण. से हाई टेनेसिटी पालिएसटर यार्न के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचनारोधी जांच की शुरुआत की। प्राधिकरण ने एफ.सं. 7/9/2022-डीजीटीआर दिनांक 31 मार्च 2023 द्वारा एडीडी की धोखाधड़ी-विरोधी जांच के अंतिम निष्कर्ष जारी कर दिया है।

4. इस अधिनियम की धारा 9क(5) के संबंध में, लगाया गया पाटनरोधी शुल्क, यदि उसे पूर्व में रद्द नहीं किया गया हो तो इस प्रकार के लगाए जाने की तिथि से पांच वर्षों के समाप्त होने लागू नहीं रहेगा। प्राधिकारी से यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या उक्त शुल्क की समाप्ति से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना है।

5. इसके अलावा, पाटनरोधी नियमावली के नियम 23(1ख) में निम्नानुसार प्रावधान है:

".....किसी बात के होते हुए भी अधिनियम के अंतर्गत लगाया गया कोई निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क उसके लगाए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक प्रभावी रहेगा

बशर्ते निर्दिष्ट प्राधिकारी उक्त अवधि से पूर्व अपनी खुद की पहल पर या घरेलू उद्योग की ओर से किए गए विधिवत् पुष्टिक;त अनुरोध के आधार पर उक्त अवधि समाप्त होने से पूर्व उचित अवधि के भीतर इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उक्त शुल्क की समाप्ति से पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना है।"

6. उक्त के अनुसार प्राधिकारी के लिए घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित अनुरोध के आधार पर यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना है।

7. आवेदक ने पहले लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा करने और संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के लिए एक निर्णायक समीक्षा की शुरुआत करने का अनुरोध किया है। यह अनुरोध इस कारण पर आधारित है कि उपायों की समाप्ति से पाटन तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

8. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर एडी नियमाकवली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार संबद्ध जांच की शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना सं. 7/21/2022-डीजीटीआर के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की ताकि चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के संबंध में पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा की जा सके और इस बात की जांच की जा सके कि क्या उक्त पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

9. वर्तमान समीक्षा के दायरे में अंतिम जांच परिणाम सं. 6/12/2017 दिनांक 24 मई, 2018 और अधिसूचना सं. 35/2018-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 9 जुलाई, 2018 के सभी पहलू शामिल हैं।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

10. वर्तमान जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. प्राधिकारी ने एडी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच की शुरुआत करने से पहले आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात संबंधी पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच शुरु करते हुए भारत में राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 30 सितंबर, 2022 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ग. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास के माध्यम से उसकी सरकार, संबद्ध देश से ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरुआत अधिसूचना की एक-एक प्रति भेजी और उनसे विहित समय-सीमा के भीतर अपने विचारों से लिखित में अवगत कराने का अनुरोध किया।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को तथा संबद्ध देश की सरकार को भारत में उसके दूतावास के माध्यम से आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन पत्र के अगोपनीय रूपांतरण की प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी परिचालित की गई थी।

ड. प्राधिकारी ने एडी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना मंगाने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली के साथ निर्णायक समीक्षा जांच की शुरुआत करने वाली सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भेजी थी:

i. हुझोऊ यूनिफाल इंडस्ट्रीज फाइबर कंपनी लिमिटेड

ii. हाइओसुंग एडवांस मैटिरियल्स कारपोरेशन

iii. हाइओसुंग केमिकल फाइबर (जियांक्सिंग) कंपनी लिमिटेड

iv. जियांग्सु हैंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटेड

v. ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटेड

vi ओरिएंटल टेक्सटाइल (होल्डिंग) लिमिटेड

vii. क्वियनडाओ वेइफैंग फाइबर कंपनी लिमिटेड

viii. झेजियांग गुआक्सिंडाओ इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड

ix. झेजियांग गुआक्सिंडाओ पोलिएस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड

x. झेजियांग हेलाइड न्यू मैटिरियल कंपनी लिमिटेड

xi. झेजियांग यूनिफाइल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड

च. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया था कि वह अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को विहित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें। ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति संबद्ध देश से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों की सूची के साथ दूतावास को भी भेजी गई थी।

छ. संबद्ध जांच की जांच शुरुआत अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देश से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

i. हुझोऊ यूनिफाल इंडस्ट्रीज फाइबर कंपनी लिमिटेड

ii. हाइओसुंग एडवांस्ड मैटिरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य

iii. हाइओसुंग कैमिकल फाइबर (जियांक्सिंग) कंपनी लिमिटेड

iv. जियांग्सु हैंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटेड

v. जियांग्सु ताइजी इंडस्ट्री न्यू मैटिरियल्स कंपनी लिमिटेड

vi ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटेड

vii. झेजियांग गुआक्सिंडाओ पोलिएस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड

viii. झेजियांग यूनिफाइल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड

ज. प्राधिकारी ने एडी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को प्रश्नावली भेजी थी:

i. अरविंद लिमिटेड
ii. अरविंद ओजी नॉनवोवन्स प्राइवेट लिमिटेड
iii. ऑटोलिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
iv. बिमबन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
v. सेनटेन्नियल फैब्रिक्स लिमिटेड
vi. चावो ओवरसीज
vii. क्लाइवैंस इन्क.
viii. कोटेड सेल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
ix. कम्पोजिट स्ट्रैप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
x. दीपक टेक्सटाइल्स
xi. एंट्रेमोंडे पोलिकोटर्स लिमिटेड
xii. फेनर कन्वेयर बेल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
xiii. फेरेटेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
xiv. फिलटेक इंटरप्राइ प्राइवेट लिमिटेड
xv. फिलिंक एग्जाम प्राइवेट लिमिटेड
xvi. जी.आर कारपोरेशन
xvii. गनेरीवाला एंड संस

xviii. गारवेयर टेक्निकल फाइबर्स लिमिटेड

xix. जियोसिस इंडिया इन्फ्रास्टक्चरस प्राइवेट लिमिटेड

xx. ग्लोबल इम्पैक्स इन्क;

xxi. ग्रैबटेक फैब्रिक्स एलएलपी

xxii. हिमालयन पोलिकोर्ड्स

xxiii. इंडिका कन्वेयर्स लिमिटेड

xxiv. इंटरनेशनल कन्वेयर्स लिमिटेड

xxv. जागृति पोलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड

xxvi. कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड

xxvii. करन पोलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड

xxviii. खोसला प्रोफिल प्राइवेट लिमिटैड

xxix. कोहिनूर रोप्स प्राइवेट लिमिटेड

xxx. लिफ्ट एंड लैस प्राइवेट लिमिटेड

xxxi. एम.जी. पोली कोट्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxii. मधुराम फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxiii. मदुरा कोट्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxiv. मदुरा इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

xxxv. मंगलचंद ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxvi. मारुति लिफ्ट एंड सेफ टेक्निक प्राइवेट लिमिटेड

xxxvii. मेहर फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxviii. मेहर इंजीनियर्ड प्रोडक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

xxxix. एमआरएस एक्सपोर्ट्स

xl. मल्टीटेक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

xli. नेशनल एक्सपोर्ट्स कारपोरेशन

xlii. न्यूएज फायर प्रोटेक्शन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड

xliii. नोबल टेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

xliv. एनआरसी कारपोरेशन

xlv. एनआरसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

xlvi. प्लास्टीन इंडिया लिमिटेड

xlvii. पीएन इंटरनेशनल

xlviii. पीएनपी पोलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड

xlix. पोलीहोस इंडिया (रबड़) प्राइवेट लिमिटेड

l. प्रगति इंटरप्राइजेज

li. सनातन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड

lii. संकल्प सेफ्टी साल्युशंस एलएलपी

liii. संखला इंडस्ट्रीज

liv. संरीया टेक्नीकल टैक्सटाइल्स लिमिटेड

lv. शक्ति कोडर्स प्राइवेट लिमिटेड

lvi. शान फैब (इंडिया)

lvii. स्काई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

lviii. एसआरएफ लिमिटैड

lix. सतराता जियोसिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

lx. सनपुर टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड

lxi. सिंबोलिक फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड

lxii. टैकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड

lxiii. टैक्नो फैब्रिक्स

lxiv. टेक्सपर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

lxv. थ्रैड्स (इंडिया) लिमिटेड

lxvi. टोडी मिल्स

lxvii. ट्रुफ्रोप्स प्राइवेट लिमिटेड

lxviii. वर्धमान यार्नन्स एंड थ्रैड्स लिमिटेड

lxix. विलैक्स इंडस्ट्रियल फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड

lxx. वीआर इंटरप्राइजेज

झ. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु की ज्ञात एसोसिएशन अर्थात इंडियन टेक्निकल टेक्सटाइल एसोसिएशन को नियमावली नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना के परिचालन और उसे मंगाने के लिए प्रश्नावली भी भेजी थी।

ञ. संबद्ध जांच की शुरुआत के उत्तर में प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करके निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने उत्तर दिया है:

i. ऑटोलिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ii. टेकफैब (इंडिया) इंडसट्रीज लिमिटेड
iii. वर्धमान यार्न एंड थ्रीड लिमिटेड

ट. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के गोपनीय अंश को उन्हें सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित करने का निर्देश देकर अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराया।

ठ. क्षति अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तु के आयातों के सौदा-वार ब्यौरे प्रदान करने हेतु वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने सौदों आवश्यक जांच के बाद आयातों की मात्रा की गणना करने और अपेक्षित विश्लेक्षण के लिए डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

ड. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना/आंकड़ों का आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया हैं और इस अंतिम जांच परिणाम के लिए उस पर भरोसा किया गया है। आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से सूचना मांगी गई थी।

ढ. क्षति रहित कीमत (एनआईपी) को घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार उत्पादन लागत और भारत में संबद्ध वस्तु को बेचने के लिए तर्कसंगत लाभ के आधार पर तथा सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और एडी नियमावली के अनुबंध III के अनुसार निर्धारित किया गया है। इस क्षति रहित

कीमत पर यह पता लगाने के लिए विचार किया गया है कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

ण. सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची इस अनुरोध के साथ डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी कि वे अपने अनुरोधों के अगोपनीय अंश को अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ई-मेल कर दें।

त. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि 1st अप्रैल 2021 - 31 मार्च 2022 है। क्षति विश्लेक्षण अवधि में 1st अप्रैल 2018 - 31 मार्च, 2019, 1 अप्रैल 2019 - 31मार्च, 2020, 1 अप्रैल, 2020 - 31 मार्च, 2021 और जांच की अवधि शामिल है।

थ. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित पीसीएन पद्धति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित किए थे। सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों से विहित समय-सीमा के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया गया था। सभी हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर, प्राधिकारी दिनांक 23 नवंबर, 2022 के पत्र द्वारा अंतिम पीसीएन पद्धति अधिसूचित की थी।

द. एडी नियमावली नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने डिजिटल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के ज़रिए 24 जनवरी, 2023 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से उनके विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया। मौखिक सुनवाई में विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध और खंडन अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। पक्षकारों ने अपने अगोपनीय अनुरोधों को सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों से साझा किया था और उन्हें उनके खंडन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था।

ध. इस जांच के अनिवार्य तथ्य जिनसे इस अंतिम जांच का आधार निर्मित हुआ है, वाला एक प्रकटन विवरण 31 मार्च, 2023 को हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया

गया था। हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन विवरण संबंधी टिप्पणियों पर अंतिम जांच परिणाम से संगत पाई गई सीमा तक विचार किया गया है।

न. प्राधिकारी ने जांच की प्रक्रिया के दौरान इस अंतिम जांच परिणाम के आधार के रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की सत्यतता से संभव सीमा तक स्वयं को संतुष्ट किया है और घरेलू उद्योग तथा हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आकड़ा दस्तावेजों का संगत, व्यवहार्य और आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया है।

प. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है। जहां संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था।

फ. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया है या अन्यथा उसे उपलब्ध नहीं कराया है या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/अवलोकन दर्ज किए हैं।

ब. इस अंतिम जांच परिणाम में '•••' चिन्ह किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई और प्राधिकारी द्वारा नियमावली के अन्तर्गत गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

भ. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमरीकी डॉलर=75.37 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

11. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. प्रवंचित उत्पाद को वर्तमान जांच के दायरे का भाग नहीं माना जा सकता है क्योंकि प्रवंचनारोधी जांच में अंतिम जांच परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा, प्राधिकारी ने निर्णायक समीक्षा की जांच शुरुआत अधिसूचना में बताया है कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच के समान ही रहेगा।

ख. प्रवंचनरोधी जांच के अनुपालन में लागू कोई उपाय केवल मूल उपाय के साथ लागू रह सकता है, जो वर्तमान मामले में 8 जुलाई, 2023 तक है। चूंकि प्रवंचनारोधी जांच एडी नियमावली के नियम 25 के अन्तर्गत शुरु की गई थी और इसलिए केवल मूल जांच से संबंधित है, इसलिए इस निर्णायक समीक्षा जांच में की गई कोई सिफारिश स्वत: रूप से प्रवंचित उत्पाद पर अनुशंसित पाटनरोधी शुल्क पर भी लागू हो जाएगी। प्रवंचित उत्पादों पर उक्त तारीख के बाद उपायों को जारी रखने के लिए एडी के नियम के नियम 28 के अन्तर्गत एक समीक्षा शुरु करनी होगी। एडी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित धारा 9क(5) के अन्तर्गत समीक्षा केवल मूल जांच से संबंधित है।

ग. प्राधिकारी प्रवंचित उत्पाद पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के कम मूल्यांकन पर विचार नहीं कर सकते हैं, जैसा कि वर्तमान समीक्षा में प्रवंचनारोधी उपायों को लागू करने के लिए अपेक्षित है, क्योंकि ऐसी शक्ति केवल एडी नियमावली के नियम 25 और 26 के अन्तर्गत दी गई है।

घ. प्रवंचित उत्पाद को किसी निर्णायक समीक्षा जांच के पीयूसी के दायरे में शामिल नहीं किया जा सकता है। बंगलादेश और नेपाल से जूट उत्पादों के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा में भी, प्राधिकारी ने पाटन या क्षति मार्जिन के निर्धारण में प्रवंचित उत्पाद को शामिल नहीं किया था।

ड. यदि पाटनरोधी शुल्क को निर्णायक समीक्षा के अनुपालन में प्राधिकारी द्वारा जारी रखा जाता है तो यदि प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना हुई है तो ऐसा पाटनरोधी शुल्क पीयूआई पर भी लागू होगा।

च. विचाराधीन उत्पाद के दायरे में टॉलरेंस सीमाओं को शामिल करने से पीयूसी के दायरे में वृद्धि हो जाएगी। यह एक दीर्घावधि सिद्धांत है कि निर्णायक समीक्षा जांच में पीयूसी का दायरा नहीं बढ़ाया जा सकता है। दूसरी ओर, इसे कम किया जा सकता है। इस बात का लैदर क्लाथ और प्लास्टिक मैन्यूफैक्चर्रस एसोसिएशन बनाम भारत संघ[1] मामले में समर्थन किया गया है।

छ. मूल जांच में आवेदक ने स्वयं 1000 डेनियर से कम के यार्न को बाहर रखा है।

ज. जब घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु को मूल जांच में कतिपय आयातित वस्तु के समान वस्तु नहीं माना गया है तो प्रवंचनारोधी या निर्णायक समीक्षा जांच में तत्पश्चात उसे 'समान वस्तु' नहीं माना जा सकता है।

झ. 940 डेनियर के यार्न के प्रयोग में वृद्धि हुई है क्योंकि यह ट्वाईन बनाने में 1000 डेनियर के यार्न से बेहतर है। इसके अलावा, डेनियर में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अर्थ वस्तुओं की लंबाई में 6 प्रतिशत कमी है।

ञ. 940 डेनियर एक नया उत्पाद है और वह 990 या 985 डेनियर के यार्न से अलग प्रवंचना उत्पाद नहीं है।

ट. पीयूसी या पीयूआई की खरीद कीमत के बीच अंतर है और ये दोनों एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग नहीं हो सकती हैं। यार्न के डेनियर में वृद्धि होने से यार्न मोटा हो जाता है। परिणामस्वरूप, अनुप्रयोग के समय बड़े छेद वाली सूई की आवश्यकता होगी।

ठ. ओईएम विनिर्देशन-चालित प्रयोगों के लिए फाइनर डेनियर यार्न का उपयोग होता है, जबकि विचाराधीन उत्पाद केवल सिलाई के लिए प्रयोग होता है।

---

[1] 2012 (282) ईएलटी 438.

ड. डेनियर में वृद्धि के साथ ब्रेकिंग लोड में वृद्धि होती है। यदि किसी उत्पाद की ब्रेकिंग लोड की जरूरतें 750 डेनियर के बजाए 700 डेनियर के प्रयोग से पूरी होती है तो उपभोक्ता कच्ची सामग्री की खपत में 6 प्रतिशत की बचत कर सकता है। यही बात 940 बनाम 1000 डेनियर या 1000 बनाम 1100 डेनियर पर भी लागू होती है।

ढ. विचाराधीन उत्पाद पीयूआई के रूप में घोषित किया या खरीदा नहीं गया है। डेनियर का उल्लेख बीजक, अलग-अलग पैलेट और अंतिम पैकेज पर किया गया है। घोषित डेनियर से उत्पाद में कोई अंतर होने पर इसे किसी प्रयोगशाला से सत्यापित किया जा सकता है और इसके लिए किसी दस्तावेजी साक्ष्य की आवश्यकता नहीं है।

ग.2. <u>घरेलू उद्योग के अनुरोध</u>

12. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. इस उत्पाद को वैश्विक रूप से मानक डेनियर में उत्पादित किया और बेचा जाता है, जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रमुख उत्पादकों के ब्रोसर से स्पष्ट है।

हायोसुंग एडवांस मैटिरियल्स	हेंगली ग्रुप	गुक्सियानडाओ	हेलाइड अमेरिका	रिलायंस इंडिया लिमिटेड
			126	
	210			
250	250		250	250
300	300			
			380	
	420		420	
500	500	500	500	500
630			630	
750				750
	840	840	840	840

1000	1000	1000	1000	1000
1300	1300	1300	1300	
1500	1500	1500	1500	
	2000	2000	2000	
		2500		
			2600	2600
	3000	3000	3000	3000
	4000	4000	4000	4000
	5000	5000	5000	
				5200
	6000	6000	6000	6000
	8000			

ख. आवेदक ने समग्र रूप से हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न के आयातों पर मूल रूप से शुल्क लगाने का अनुरोध किया था। तथापि, 1000 डेनियर से कम के यार्न को बाहर रखने के लिए एक शुद्धि-पत्र के माध्यम से उत्पाद के दायरे में बदलाव किया गया था और जांच के अनुसार 6000 डेनियर से अधिक यार्न और 1000 डेनियर से अधिक के एडेसिव एक्टिवेटेड यार्न को बाहर रखा गया था।

ग. पाटनरोधी शुल्क लगने के बाद संबद्ध देश के निर्यातकों ने लागू शुल्क से बचने के लिए उत्पाद के विवरण, नाम या घटक में बदलाव करना शुरु कर दिया। मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से बचने के लिए देश में "असामान्य" डेनियर का आयात किया जा रहा है और इससे आवेदक को प्रवंचनारोधी जांच हेतु आवेदन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

घ. पूर्ववर्ती जांच के आयात आंकड़े दर्शाते हैं कि आवेदक ने 840 डेनियर और उससे कम तथा 8000 डेनियर और उससे अधिक के यार्न को बाहर रखा था। 840 और 1000 डेनियर या 6000 से 7000 डेनियर के बीच किसी यार्न का आयात नहीं हुआ था।

ड. 1000 डेनियर से कम के यार्न को बाहर रखने के स्तर पर यह तर्कसंगत ढंग से माना गया था कि इससे 800 डेनियर या उससे कम के यार्न के आयात की अनुमति मिल जाएगी।

च. विचाराधीन उत्पाद के आयातों में गिरावट आई है जबकि प्रवंचित उत्पाद के आयात में वृद्धि हुई है।

छ. प्रवंचित उत्पाद के आयात केवल चीन से हुए हैं। यहां तक कि मूल जांच में शून्य शुल्क वाले उत्पादकों ने भी ऐसे असामान्य डेनियर का निर्यात नहीं किया है।

ज. यदि 1000 डेनियर से कम के यार्न के बजाए मूल रूप से 840 या उससे कम के डेनियर वाले यार्न को बाहर रखा जाता तो प्रवंचना से बचा जा सकता था। भारत में तथा अन्य क्षेत्राधिकार में पूर्ववर्ती प्रक्रिया दर्शाती है कि प्रवंचित उत्पाद को किसी निर्णायक समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद के दायर में शामिल किया जा सकता है।

झ. इस संबंध में चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित पोलीटेट्राफ्लोरोएथेलीन (पीटीएफई) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा के जांच परिणाम पर भरोसा किया गया है जिसमें प्राधिकारी ने प्रवंचित उत्पाद पर भी पाटनरोधी शुल्क के विस्तार की सिफारिश की थी। यही नीति प्राधिकारी द्वारा बंगलादेश और नेपाल के मूल के अथवा वहां से निर्यातित जूट उत्पादों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की हाल में समाप्त निर्णायक समीक्षा में अपनाई गई थी।

ञ. विचाराधीन उत्पाद के आयातों की मात्रा में गिरावट आई है, जबकि प्रवंचित उत्पाद के आयातों में वृद्धि हुई है।

ट. प्रवंचित उत्पाद ने केवल चीन जन.गण. से प्रवेश किया है। यहां तक कि मूल जांच में 'शून्य' शुल्क वाले उत्पादकों ने भी ऐसे असामान्य डेनियर का निर्यात किया है।

ठ. यह दलील कि यदि पाटनरोधी शुल्क को 840 डेनियर के यार्नों तक बढ़ाया जाता है तो 840 डेनियर से कम के यार्न की प्रवंचना शुरु हो जाएगी, स्वीकार नहीं की जा सकती है। 840 डेनियर का यार्न एक वास्तविक उत्पाद है, और उसे 1000 डेनियर के यार्न के प्रतिस्थापन के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। यदि 840 डेनियर और उससे कम के यार्न भविष्य में पाटित होते हैं तो उनका समाधान केवल एक नई जांच से ही हो सकता है।

ड. नियमावली में प्रवंचित उत्पाद के लिए विचाराधीन उत्पाद के समान उत्पाद होना अपेक्षित नहीं है या घरेलू उद्योग द्वारा प्रवंचित उत्पाद के समान वस्तु का उत्पादन अपेक्षित नहीं है।

ढ. प्रवंचित उत्पाद को मूल जांच के समय आयातित नहीं किया जा रहा था और इसलिए, समान वस्तु के मुद्दे की जांच नहीं की गई थी।

ण. चूंकि विचाराधीन उत्पाद को समान कच्ची सामग्री और विनिर्माण प्रक्रिया के प्रयोग से उत्पादित किया जाता है, और इसका प्रयोग पीयूसी के समान रूप में होता है, और घरेलू उद्योग पीयूसी के समान वस्तु का उत्पादन कर रहा है, इसलिए घरेलू उद्योग ने पीयूआई के भी समान वस्तु का उत्पादन किया है।

त. यदि कम डेनियर के प्रयोग से लाभ मिल रहा था तो हितबद्ध पक्षकारों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें शुल्क लगने के बाद ही ऐसे लाभों का पता क्यों चला। यदि कम डेनियर से लागत में बचत होती है तो उपभोक्ता 840 डेनियर का प्रयोग कर सकते हैं।

थ. हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसे किसी नए डाउनस्ट्रीम उत्पाद को नहीं दर्शाया है जिसे शुल्क लागू होने के बाद लाया गया हो जिसमें 940 डेनियर की आवश्यकता हो। इसके अलावा, ऐसे डेनियर को घरेलू उत्पादकों, अन्य देशों और शून्य शुल्क के अधीन चीन जन.गण. के निर्यातकों से खरीदा नहीं जा रहा है। हितबद्ध पक्षकारों की यह दलील कि 940 डेनियर प्रवंचित उत्पाद नहीं हैं बल्कि 985 और 990 डेनियर ऐसे उत्पाद हैं, का कोई आधार नहीं है।

द. किसी लोअर डेनियर के उत्पादन के लिए केवल मशीन की गति कम करनी होती है, जिससे लागत अधिक हो जाती है। तथापि, विचाराधीन उत्पाद और प्रवंचित वस्तु के बीच कोई कीमत अंतर नहीं है।

ध. इस दावे के संबंध में कि प्रवंचित उत्पाद ओईएम द्वारा प्रयुक्त होता है, यह बताया गया था कि ओईएम अनेक वर्षों से भारत में रहा है परंतु शुल्क लागू होने से पहले ऐसे डेनियरों का आयात नहीं किया जा रहा था।

न. कम डेनियर के यार्न 1000 डेनियर के यार्न से 5-7 प्रतिशत अधिक कीमत के होते हैं। कम डेनियर के प्रयोग से उपभोक्ताओं को कोई बचत नहीं होगी।

प. हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत आवेदक ने किसी गलत घोषणा का नहीं बल्कि शुल्क की प्रवंचना का दावा किया है।

फ. विचाराधीन उत्पाद के दायरे में प्रवंचित उत्पाद भी शामिल होने चाहिएं।

ब. पूर्ववर्ती मामलों में भी प्राधिकारी ने अनुशंसित उपाय को जारी रखने के दायरे में प्रवंचित उत्पाद को शामिल किया है। अन्य पक्षकारों द्वारा मानी गई जूट के मामले में जारी सीमा शुल्क अधिसूचना अचानक हुआ विलोपन प्रतीत होता है और इस मामले में घरेलू उत्पादक इस संबंध में उचित उपचार की मांग कर सकते हैं।

भ. अन्य क्षेत्राधिकारों में भी पूर्ववर्ती प्रक्रिया दर्शाती है कि प्रवंचित उत्पाद को किसी निर्णायक समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया जाता है।

म. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत नियम 26 में यह प्रावधान है कि लागू पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचनारोधी जांच शुरु की जा सकती है, जिसमें मूल लागू शुल्क तथा निर्णायक समीक्षा के अनुसार किसी शुल्क को जारी रखना शामिल हो सकता है। इसके अलावा, नियम 23 में यह प्रावधान है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाएगा, यदि प्राधिकारी यह निष्कर्ष नहीं निकालते कि पाटन और क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है जबकि नियम 28 में किसी अवधि विशेष के बाद उपाय की समाप्ति अपेक्षित नहीं है। इस

प्रकार, एक बार लागू प्रवंचनारोधी उपाय यदि नियम 28 के अन्तर्गत किसी समीक्षा के अनुसार हटाया नहीं जाए तो विचाराधीन उत्पाद पर लागू शुल्क की अवधि तक लागू रहेगा।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

13. मूल जांच में प्राधिकारी के अंतिम जांच परिणाम के अनुसार तथा वर्तमान समीक्षा जांच की शुरुआत के स्तर पर विचाराधीन उत्पाद निम्नानुसार था:

"वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न" है जिसे बाजार शब्दावली में पोलिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न (पीआईवाई) अथवा इंडस्ट्रियल यार्न (आईडीवाई) के रूप में भी जाना जाता है। 1000 से कम डेनियर, 6000 से अधिक डेनियर, ट्विस्टड यार्न, कलर्ड यार्न, 1000 से अधिक डेनियर के एडहेसिव एक्टिवेटेड यार्न और एचएमएलएस विशेषताओं वाले यार्न उत्पाद के दायरे से बाहर हैं। पीयूसी का दायरा मूल जांच के दायरे के समान रहेगा।"

14. आवेदक द्वारा एक अनुरोध के अनुसार (क) 1000 डेनियर से कम परंतु 840 डेनियर से अधिक एडहेसिव एक्टिवेटेड और अन्य दोनों हाई टेनेसिटी यार्न; (ख) 6000 डेनियर से अधिक परंतु 7000 डेनियर से कम के हाई टेनेसिटी यार्न; और (ग) 1000 डेनियर से अधिक परंतु 1300 डेनियर से कम एडहेसिव एक्टिवेटेड यार्न के आयातों के संबंध में 27 जुलाई 2022 को प्राधिकारी द्वारा प्रवंचनारोधी जांच शुरु की गई थी। शुल्क की कथित प्रवंचना और विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनेक अनुरोध किए गए हैं।

15. प्राधिकारी ने दिनांक 30 सितंबर, 2022 की जांच शुरुआत अधिसूचना में पीसीएन पद्धति के संबंध में 15 दिनों के भीतर हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां मंगाई थीं। चूंकि किसी हितबद्ध पक्षकार से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई, इसलिए प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित पीसीएन पद्धति पर विचार किया है:

मापदंड	पीसीएन डिजिट	स्पष्टीकरण

डेनियर	XXXX (4 डिजिट)	0000 = अज्ञात 1000 = 1000 डेनियर 2200 = डेनियर, ... और उससे आगे
प्रकार	XX (2 डिजिट)	एचटी- हाई टेनेसिटी एचएम - हाई मॉड्युल लो स्क्रिंकेज (एचएमएलएस) एलएस - लो स्क्रेज ओटी - अन्य
कोटिंग	XX (2 डिजिट)	एए - एडहेसिव एक्टिवेटेड एनए - नॉन एडहेसिव एक्टिवेटेड

16. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस पर बात पर प्रश्न नहीं उठाया है कि आवेदक द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देशों से आयात की जा रही संबद्ध वस्तु के समान वस्तु नहीं है। अतः, रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करते हैं। इसके मद्देनजर, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद समान वस्तु हैं।

17. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि विचाराधीन उत्पाद के दायरे को निर्णायक समीक्षा जांच में बदला नहीं जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रवंचित उत्पाद वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा नहीं बन सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्णायक समीक्षा के अनुसार उत्पाद का दायरा बढ़ाया नहीं जा रहा है।

शुल्क की किसी प्रवंचना पर प्रवंचनारोधी जांच में कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि लागू शुल्क की प्रवंचना हो रही है और वह विचाराधीन उत्पाद पर शुल्क बढ़ाने की सिफारिश को उचित मानते हैं। वर्तमान समीक्षा के अनुपालन में अनुशंसित शुल्क को जारी रखना ऐसे जांचाधीन उत्पाद पर भी लागू होगा, जैसा कि प्राधिकारी द्वारा यदि धारा 9क(5) के अन्तर्गत शुल्क बढ़ाने का निर्णय लेने पर प्रवंचित उत्पाद पर एडीडी की अवधि बढ़ाई जाती है।

18. प्राधिकारी जहां तक नेपाल और बंगलादेश से जूट उत्पादों के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा जांच में पीयूसी के संबंध में प्राधिकारी के निष्कर्ष का संबंध है, यह नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु पर शुल्क लगाने की सिफारिश प्रवंचना उत्पाद पर भी समान रूप से लागू होती है।

19. यह भी दलील दी गई है कि नियम 25 के अन्तर्गत मूल शुल्क के लागू होने की केवल प्रवंचना पर ध्यान दिया जा सकता है और यदि वर्तमान निर्णायक समीक्षा के पश्चात प्रवंचना उत्पाद के लिए शुल्क को जारी रखना है तो नियम 28 के अन्तर्गत एक अन्य समीक्षा करने की जरूरत है। तथापि, प्राधिकारी इस तर्क को व्यवहार्य नहीं मानते हैं। नियमावली के नियम 26 में यह उल्लेख है कि प्राधिकारी *"अधिनियम की धारा 9क के अन्तर्गत लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की किसी कथित प्रवंचना की मौजूदगी और प्रभाव के निर्धारण के लिए जांच शुरु कर सकते हैं"।* चूंकि मूल शुल्क लगाना और निर्णायक समीक्षा में उसे जारी रखना धारा 9क के अन्तर्गत शामिल है, इसलिए इन दोनों की प्रवंचना पर नियम 26 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकती है। इसके अलावा, नियम 28 का स्पष्ट आशय पहले से लागू प्रवंचनारोधी उपायों की समीक्षा करना है और उसका इस बात से कोई संबंध नहीं है कि क्या लागू शुल्क मूल जांच अथवा निर्णायक समीक्षा के अनुपालन में है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि प्राधिकारी ने पूर्व में यदि प्राधिकारी ने धारा 9क (5) के अन्तर्गत एडीडी को बढ़ाने की सिफारिश करना उचित समझा है तो ऐसे प्रवंचना उत्पादों पर शुल्क लगाया है।

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि मूल शुल्क से उत्पन्न प्रवंचना की कार्यवाही को ऐसे शुल्क लागू होने की अवधि से आगे जारी नहीं रखा जा सकता है और निर्णायक समीक्षा के बाद ऐसे शुल्कों को जारी रखने के लिए नियम 28 के अनुसार समीक्षा करना अपेक्षित होगा। यह अनुरोध व्यवहार्य नहीं है। यह नोट किया जाता है कि शुल्कों की प्रवंचना से संबंधित कोई भी प्रावधान ऐसे शुल्कों की समाप्ति के लिए कोई अवधि निर्धारित नहीं करता है। प्रवंचना जांच के परिणामस्वरूप, अनुशंसित शुल्क मूल जांच के ज़रिए लागू शुल्कों के साथ सह-अवसानी होते हैं। इस तथ्य को देखते हुए कि निर्णायक समीक्षा जांच में मूल शुल्क को बढ़ाया जाता है और इसलिए ऐसी मूल जांच के परिणामस्वरूप अपनाया गया कोई प्रवंचना उपाय निर्णायक समीक्षा जांच पर भी समान रूप से लागू होगा।

21. उपरोक्त के मद्देनजर, वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद निम्नानुसार प्रस्तावित है:

> *"हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न" जिसे बाजार शब्दावली में पोलिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न (पीआईवाई) अथवा इंडस्ट्रियल यार्न (आईडीवाई) के रूप में भी जाना जाता है। 1000 से कम डेनियर, 6000 से अधिक डेनियर, ट्विस्टड यार्न, कलर्ड यार्न, 1000 से अधिक डेनियर के एडहेसिव एक्टिवेटेड यार्न और एचएमएलएस विशेषताओं वाले यार्न उत्पाद के दायरे से बाहर हैं।*

22. यह भी नोट किया गया है मूल जांच में अंतिम जांच परिणाम जारी होने के बाद प्राधिकारी ने प्रवंचनारोधी जांच की है। अधिसूचना सं. 7/9/2022-डीजीटीआर दिनांक 31 मार्च, 2023 के अपने अंतिम जांच परिणाम के ज़रिए प्राधिकारी का निष्कर्ष था कि पीयूसी पर लागू शुल्क की जांचाधीन उत्पाद (पीयूआई) अर्थात्, 1000 डेनियर से कम परंतु 840 डेनियर से अधिक के एडहेसिव एक्टिवेटेड और अन्य दोनों (क) हाई डेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न (पीयूआई I) के जरिए प्रवंचित किया जा रहा है। तथापि, 840 डेनियर या उससे कम के यार्न जब 2.4 प्रतिशत की अनुमति प्राप्त सहनशीलता के भीतर

आयातित किए जाते हैं तो उन्हें उत्पाद के दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखा गया है। 6000 डेनियर से अधिक परंतु 7000 डेनियर से कम के (ख) हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न (पीयूआई II) हैं। तथापि, 2.4 प्रतिशत की अनुमति प्राप्त टोलरेंस के भीतर आयातित 7000 डेनियर के यार्न को उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है। 1000 डेनियर से अधिक परंतु 1300 डेनियर से कम के (ग) एडहेसिव एक्टिवेटेड हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न (पीयूआई III) 2.4 प्रतिशत के अनुमति प्राप्त सहनशीलता के भीतर 1300 डेनियर के यार्न चीन जन.गण. से उत्पाद के दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर हैं और परिणामस्वरूप अधिसूचना सं. 7/9/2022 दिनांक 31 मार्च, 2023 के अंतिम जांच परिणाम के ज़रिए चीन जन.गण. से आयातित पीयूआई पर भी शुल्क की सिफारिश की गई थी।

घ. घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और स्थिति

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

23. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. एसआरएफ की गैर-भागीदारी के कारण की जांच करनी चाहिए क्योंकि वह एक सबसे बड़ा उत्पादक है, उसने मूल जांच में भाग लिया था और पोलिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न खंड में उसने सर्वाधिक बिक्री मात्रा दर्ज की थी।

ख. घरेलू उद्योग की ओर से निष्पादन में सबसे कम सुधार वाले और सर्वाधिक क्षतिरहित कीमत वाले चुनिंदा उत्पादकों की सूचना देने के लिए घरेलू उद्योग का रुझान रहा है।

ग. आवेदक ने मलेशिया में एक संबंधित कंपनी रेक्रॉन मलेशिया एसडीएन. बीएचडी के साथ अपने संबंध का प्रकटन नहीं किया है।

घ. चूंकि नियम 5 निर्णायक समीक्षा पर लागू नहीं होता है, इसलिए तीन अन्य कंपनियों के समर्थन पत्र निष्प्रभावी हैं ओर वर्तमान निर्णायक समीक्षा पर उनका कोई प्रभाव नहीं है।

ङ. तीन समर्थकों द्वारा समर्थन पत्र में व्यापार सूचना 13/2018 या 5/2021 के अन्तर्गत अपेक्षित सूचना नहीं दी गई है। उन्हें मूल आर्थिक मापदंडों की जानकारी देने का निदेश दिया जाना चाहिए और उस पर अंतिम जांच परिणाम में जांच की जानी चाहिए।

च. यद्यपि आवेदक ने यह दावा नहीं किया है कि वह नियम 5(3) या नियम 2(ख) की अपेक्षाएं पूरी नहीं करता है, यह अब स्पष्ट है कि प्राधिकारी ने कैसे इसका निष्कर्ष निकाला होगा।

छ. शुल्क लगने के बाद बाजार में नए प्रवेशकों, एसआरएफ लिमिटेड की गैर-भागीदारी, आवेदक के एक संयंत्र के बंद होने और यह तथ्य कि एसआरएफ और आवेदक, दोनों के पास मूल जांच में 90 प्रतिशत हिस्सा था, घरेलू उद्योग की स्थिति की जांच की जानी चाहिए।

घ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

24. घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. यह याचिका रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर की गई है और वेलनॉन पोलिएस्टर लिमिटेड, सनातन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड और फेयरडील जम्बो पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका समर्थन किया गया है।

ख. यद्यपि एसआरएफ लिमिटेड संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है, परंतु वह विचाराधीन उत्पाद और जांचाधीन उत्पाद का आयात कर रहा है, और इसलिए, उसे घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए।

ग. आरआईएल के पास एसआरएफ का उत्पादन शामिल हो अथवा नहीं, कुल भारतीय उत्पादन का प्रमुख हिस्सा बनता है।

घ. जांच शुरुआत अधिसूचना में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक नियम 5(3) के अनुसार स्थिति की अपेक्षाओं को पूरा करता है और नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग है।

ड. निर्णायक समीक्षा में घरेलू उद्योग के दायरे में परिवर्तन करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है और किसी उत्पादक को पूर्व जांच में केवल भाग लेने के कारण निर्णायक समीक्षा में भाग लेने से वंचित नहीं किया जा सकता है। एसआरएफ लिमिटेड ने भारत में निरंतर पाटन और शुल्क की प्रवंचना में भाग लिया है और योगदान दिया है, इसलिए उसे वर्तमान जांच में पात्र भारतीय उत्पादन का हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए।

च. अपीलीय निकाय द्वारा नोट किए गए अनुसार, ऐसी संभावना है कि कमजोर निष्पादन वाले उत्पादक जांच में भाग लेते हैं। तथापि, यदि ऐसे उत्पादकों का प्रमुख हिस्सा बनता है तो परिणाम में कोई त्रुटि नहीं है।

छ. आवेदक को तीसरे देश में संबंधित पक्षकारों का प्रकटन करने की जरूरत नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग की पात्रता केवल पाटित वस्तुओं के निर्यातकों के साथ संबंध के आधार पर निर्धारित की जाती है।

ज. व्यापार सूचना 11/2018 के अनुसार, जो पक्षकार विहित प्रपत्र के अनुसार सूचना नहीं देते हैं उन्हें भी जांच में भाग लेने की अनुमति है। प्राधिकारी ने विहित प्रपत्र में सूचना दायर नहीं करने पर भी अनेक जांच में समर्थन पर विचार किया है।

झ. किसी घरेलू उत्पादक द्वारा समर्थन से संबंधित नियम 5 निर्णायक समीक्षा पर लागू नहीं होता है।

ञ. यदि समर्थन पत्रों पर विचार न भी किया जाए तो भी आवेदक नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

ट. मूल जांच में आवेदक के पास, हाजिरा में केवल एक संयंत्र था जबकि वर्तमान क्षति अवधि के दौरान उसने पातालगंगा में एक उच्च क्षमता संयंत्र स्थापित

किया है। इस प्रकार, आवेदक की कुल क्षमता और उत्पादन मूल जांच की तुलना में वर्तमान जांच अवधि में काफी अधिक है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

25. वर्तमान आवेदन रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा दायर किया गया है। आवेदक के अलावा भारत में संबद्ध वस्तु के 5 अन्य उत्पादक हैं। वेलनॉन पोलिएस्टर लिमिटेड, सनातन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड और फेयरडील जम्बो पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आवेदन का समर्थन किया है। आवेदक ने संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है और उसके किसी आयातक या निर्यात से संबंधित नहीं है।

26. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि निर्णायक समीक्षा में समर्थन पत्र निष्प्रभावी होते हैं और व्यापार सूचना 13/2018 के अन्तर्गत अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 5 के प्रावधान निर्णायक समीक्षा पर लागू नहीं होते हैं। फिर भी, संगत प्रक्रिया के अनुसार प्राधिकारी ने आवेदन के समर्थक के रूप में अन्य घरेलू उत्पादकों को पर विचार किया है, प्राधिकारी ने आवेदन का केवल समर्थन करने वाले पक्षकारों को छोड़कर एकल आधार पर घरेलू उद्योग के क्षेत्र का निर्धारण किया है।

27. हितबद्ध पक्षकारों ने विशेष रूप से भारी लाभप्रदता संबंधी सार्वजनिक विवरणों के मद्देनजर एसआरएफ द्वारा भागीदारी नहीं करने पर जोर दिया है। तथापि, आवेदक ने दावा किया है कि एसआरएफ लिमिटेड ने संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है और वह प्रवंचना जांच के अधीन उत्पाद के आयात में भी शामिल है। प्राधिकारी ने इस संबंध में डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों की जांच की है। यह नोट किया गया है कि एसआरएफ लिमिटेड ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु की भारी मात्रा का आयात किया है (पीओआई के दौरान ***एमटी), और प्रवंचना जांच में जांचाधीन उत्पाद ***एमटी का भी आयात किया है। इसके अलावा, एसआरएफ लिमिटेड ने न तो प्रश्नावली का उत्तर दिया है न ही वर्तमान समीक्षा में प्राधिकारी का सहयोग किया है। इसके मद्देनजर, प्राधिकारी पाते हैं कि एसआरएफ लिमिटेड को घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं माना जा सकता है। फिर भी, प्राधिकारी ने एसआरएफ लिमिटेड के उत्पादन को शामिल करके और बाहर

रखकर आवेदक के हिस्से की जांच की है। उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकारी निर्धारित करते हैं कि कुल भारतीय उत्पादन में आवेदक का हिस्सा एसआरएफ के उत्पादन को मिलाकर ***प्रतिशत और *** प्रतिशत (एसआरएफ के उत्पादन को हटाकर) है।

28. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आवेदक ने मलेशिया में एक संबंधित पक्षकार का ब्यौरा नहीं दिया है। तथापि, हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच में ऐसी सूचना की संगतता नहीं दर्शाई है। यह नोट किया जाता है कि मलेशिया वर्तमान जांच में संबद्ध देश नहीं है और उसके आयात कथित पाटित वस्तु के आयातों का हिस्सा नहीं हैं। वर्तमान क्षति अवधि के दौरान मलेशिया से उत्पाद के कोई ज्ञात आयात नहीं हैं। मलेशिया में किसी उत्पादक से आवेदक के संबंध से घरेलू उद्योग के रूप में आवेदक की पात्रता प्रभावित नहीं होती है।

29. कुछ अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि आवेदक के एक संयंत्र के बंद होने, उत्पादकों की संख्या में वृद्धि और एसआरएफ की गैर-भागीदारी का प्रभाव आवेदक के उत्पादन के हिस्से पर पड़ा है और उसका विश्लेषण होना चाहिए। इस संबंध में यह नोट किया गया है कि यद्यपि मूल जांच के समय केवल 3 उत्पादक थे (अर्थात् एसआरएफ लिमिटेड, आरआईएल और फेयरडील जम्बो पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड) जिनकी समग्र उत्पादन क्षमता लगभग ***एमटी थी, परंतु वर्तमान में 6 उत्पादक हैं (अर्थात एसआरएफ लिमिटेड, आरआईएल, फेयरडील जम्बो पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, वेलनॉन पोलिएस्टर लिमिटेड, सनातन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड और फेरोटेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) जिनकी संयुक्त उत्पादन क्षमता ***एमटी है। आवेदक का उत्पादन मूल जांच की जांच अवधि की तुलना में वर्तमान जांच अवधि में काफी अधिक है। मूल जांच की जांच अवधि के दौरान आवेदक के पास हजिरा में कम क्षमता का संयंत्र था, जो वर्तमान क्षति अवधि के दौरान बंद हो गया था। तथापि, पातालगंगा के संयंत्र, जो मूल जांच की जांच अवधि के दौरान मौजूद नहीं था, के उत्पादन के शुरु होने पर आवेदक के समग्र उत्पादन में वृद्धि हुई है।

30. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक का उत्पादन भारतीय उत्पादन का प्रमुख हिस्सा बनता है। तदनुसार, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि आवेदक नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग है।

ङ. गोपनीयता

ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

31. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए है:

क. आवेदक ने पीसीआई वुड मैकेंजी रेडबुक रिपोर्ट को ऐसी किसी रिपोर्ट की वैधता के किसी अतिरिक्त अपेक्षित सूचना या लेखक के ब्यौरों को उपलब्ध कराए बिना गोपनीय होने का दावा किया है।

ख. याचिका के अगोपनीय अंश में व्यापार सूचना सं. 1/2013 के अन्तर्गत यथा-अपेक्षित औचित्य नहीं बताया गया हे।

ग. याचिका का अगोपनीय अंश व्यापार सूचना 1/2013 में यथा-अपेक्षित गोपनीय अंश की अनुकृति नहीं है।

घ. घरेलू उद्योग ने व्यापार सूचना 10/2018 के अन्तर्गत यथा अपेक्षित अन्य उत्पादकों के उत्पादन और कुल उत्पादन में अपने हिस्से का प्रकटन नहीं किया है।

ङ. यहां तक कि कच्ची सामग्रियों के नाम जैसी सूचना जो उत्पादन प्रक्रिया समझने के लिए जरूरी है, नहीं बताई गई है।

च. लाभ/हानि का प्रतिशत, नियोजित पूंजी पर आय, कम कीमत पर बिक्री/क्षति मार्जिन के गोपनीय होने का दावा किया गया है।

छ. घरेलू उद्योग ने भरोसा किए गए आयात आंकड़ों के नाम/स्रोत का प्रकटन नहीं किया है और ऐसे आंकड़े विश्वसनीय नहीं हो सकते हैं।

ज. आवेदक ने न तो अनिवार्य लागत निर्धारण प्रपत्र प्रस्तुत किया है और न ही संभावना सिद्ध करने के लिए तीसरे पक्ष की सूचना का स्रोत बताया है। लागत निर्धारण प्रपत्र के आंकड़े गोपनीय हो सकते हैं और सूचीबद्ध/सम्पादित किए जा सकते हैं। तथापि, कच्ची सामग्री, सुविधाओं आदि के नाम सहित ऐसे लागत निर्धारण प्रपत्र को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिए अगोपनीय प्रकटन में संलग्न किया जाना चाहिए।

झ. आवेदक द्वारा भरोसा की गई तीसरे पक्ष की सूचना के स्रोत की प्राधिकारी द्वारा एडी नियमावली के नियम 5(3)(ख) द्वारा यथा-निर्धारित साक्ष्य की सत्यतता और पर्याप्तता के लिए जांच की जानी चाहिए। इस बात को ट.टकानो बनाम सेब . [(2022) 8 एससीसी 162) में माननीय उच्चतम न्यायालय और आल इंडिया लेमिनेटेड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी एवं अन्य (2021 की पाटनरोधी अपील सं. 52173) में माननीय सेस्टेट के निर्णयों में भी अधिदेशित किया गया है।

ञ. आल इंडिया लेमिनेटेड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी एवं अन्य मामले में माननीय सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क अपीलीय न्यायाधिकरण ("सेस्टेट") ने दिनांक 28.02.2022 के अपने निर्णय में यह माना था कि ऐसी असाक्ष्यांकित रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह एडी नियमावली के नियम 7 का उल्लंघन करती है, जो प्राधिकारी के लिए पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना की सत्यतता से स्वयं को संतुष्ट करना अधिदेशित करता है।

ट. आवेदक ने न तो अनिवार्य लागत निर्धारण प्रपत्र प्रस्तुत किया है और न ही संभावना सिद्ध करने के लिए तीसरे पक्ष की सूचना का स्रोत बताया है। तथापि, कच्ची सामग्री, सुविधाओं आदि के नाम सहित ऐसे लागत निर्धारण के आंकड़ों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिए अगोपनीय प्रकटन में संलग्न किया जाना चाहिए।

ड.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

32. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत पीसीआई रेडबुक प्राधिकारी को प्रस्तुत की गई है। चूंकि यह एक विश्व विख्यात बाजार अनुसंधान एजेंसी है, इसलिए वह सूचना का एक विश्वसनीय स्रोत है।

ख. पीसीआई रेडबुक के संबंध में दावा की गई गोपनीयता के कारण अन्य हितबद्ध पक्षकारों से कोई पक्षपात नहीं हुआ है क्योंकि वह संगत शुल्क का भुगतान करके स्वयं इसे प्राप्त कर सकते हैं। तथापि, याचिकाकर्ता उसे शेयर करने से प्रतिबंधित है क्योंकि वह एक तीसरे पक्ष की सूचना है और ऐसी रिपोर्ट का कॉपीराइट केवल संगत एजेंसी के पास होता है।

ग. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत आवेदक ने व्यापार सूचना 1/2013 में यथा-अपेक्षित औचित्य तालिका उपलब्ध कराई है।

घ. खंड VI में दी गई सूचना व्यापार स्वामित्व से संबंधित सूचना है और उसका प्रकटन नहीं किया जा सकता है।

ड. यद्यपि हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि अगोपनीय अंश गोपनीय अंश की अनुकृति नहीं है। तथापि, उन्होंने अंतर नहीं बताया है।

च. अन्य हितबद्ध पक्षकारों की दलील के विपरीत, कुल भारतीय उत्पादन का प्रकटन नहीं किया गया है। अन्य उत्पादकों के अलग-अलग उत्पादन और उत्पादन के हिस्से का प्रकटन नहीं किया जा सकता है क्योंकि उससे आवेदक और विभिन्न पक्षकारों के उत्पादन का प्रकटन हो जाएगा।

छ. इस तर्क के संबंध में कि प्रपत्रों को कच्ची सामग्री की पहचान करने के लिए सम्पादित रूप में दिया जाना चाहिए था, यह स्पष्ट किया गया कि कच्ची सामग्री के नामों सहित विनिर्माण की प्रक्रिया आवेदन के अगोपनीय अंश में दी गई थी।

ज. लाभ/हानि का प्रतिशत, नियोजित पूंजी पर आय, कम कीमत पर बिक्री और क्षति मार्जिन व्यापार स्वामित्व संबंधी गोपनीय सूचना है, जिसका प्रकटन नहीं किया जा सकता है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

33. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार निरीक्षण के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया।

34. सूचना की गोपनीयता के संबंध में नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान है:-

" गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में निहित किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

35. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और वह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध कराए थे। आयातों, घरेलू उद्योग के निष्पादन मापदंडों और क्षति मापदंडों से संबंधी सूचना सार्वजनिक फाइल में उपलब्ध कराई गई है। व्यापार संवदी सूचना को प्रक्रिया के अनुसार गोपनीय रखा गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध किसी सूचना को गोपनीय नहीं माना जा सकता है।

36. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए गोपनीयता के दावों पर विचार किया है और इस संबंध में संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने गोपनीयता संबंधी दावे की अनुमति दी है। प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया कि वे उनके प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतर परिचालित करे।

37. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि चूंकि पीसीआई वुड मैकेंजी रेडबुक रिपोर्ट के गोपनीय होने का दावा किया गया, इसलिए प्राधिकारी को उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने बताया है कि यह रिपोर्ट एक तीसरे पक्ष की सूचना है और आवेदक उसे सार्वजनिक रूप से प्रकटन करने के लिए प्राधिकृत नहीं है। अतः, प्राधिकारी मानते हैं कि ऐसे साक्ष्य की गोपनीयता नियमों के अन्तर्गत संरक्षित है। यह भी नोट किया जाता है कि आवेदक ने अगोपनीय संस्करण में इस रिपोर्ट से आवेदक द्वारा भरोसा की गई सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान की है। इसलिए, हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसी गोपनीयता के कारण उन्हें हुए किसी पूर्वाग्रह का प्रदर्शन नहीं किया है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे को नोट करते हैं कि ये हितबद्ध पक्ष सीधे पीसीआई से रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र थे, क्योंकि रिपोर्ट आवश्यक भुगतान के बाद किसी भी पार्टी द्वारा प्राप्त की जा सकती है। आगे यह नोट किया जाता है कि आवेदक ने अपने आवेदन में रिपोर्ट का पर्याप्त अगोपनीय सारांश प्रदान किया है।

38. हितबद्ध पक्षकारों ने दलील दी है कि घरेलू उद्योग ने खंड-VI में क्षमता, उत्पादन, बिक्री, निवेश पर आय, लागत और सूचना का प्रकटन नहीं किया है। घरेलू उद्योग ने सभी क्षति मापदंडों से संबंधित सूचीबद्ध संख्याएं प्रदान की हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी सूचना की प्रकृति गोपनीय है और उन्होंने घरेलू उद्योग के गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है।

39. इस आरोप के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रयुक्त आयात आंकड़े अविश्वसनीय हो सकते हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों की चिंता का प्राधिकारी द्वारा वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों पर भरोसा करके समाधान किया गया है।

च. <u>विविध मुद्दे</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

40. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

क. 5 वर्ष के पश्चात शुल्क की समाप्ति धारा 9क(5) के अन्तर्गत सामान्य नियम है, और शुल्क जारी रखना उक्त प्रावधान के परंतुक के अनुसार एक अपवाद है।

ख. मौजूदा शुल्क की अवधि में आगे वृद्धि करना पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 11.1 और सीमा शुल्क टैरिफ नियमावली, 1995 के नियम 23(1) का उल्लंघन होगा क्योंकि शुल्क ने अपना कार्य कर दिया है और पाटन के विरुद्ध इसकी मौजूदगी का अब कोई औचित्य नहीं है। ऐसी कोई विशेष/आपवादिक परिस्थितियां नहीं हैं जिनमें पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना आवश्यक हो।

ग. आवेदक द्वारा प्रदत्त सूचना नियमावली के नियम 5(3) और अनुच्छेद 5.3 के द्वारा यथा-अपेक्षित तथा अमेरिका-कनाडा से साफ्टवुड लुम्बर, मेक्सिको - स्टील पाइप और ट्यूब और गुवाटेमाला - सीमेंट-II मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल के

निष्कर्षों के अनुसार जांच की शुरुआत को उचित ठहराने के लिए बिल्कुल 'अपर्याप्त' हैं।

घ. शुल्क की अवधि बढ़ाने से कोई उद्देश्य प्राप्त नहीं होगा क्योंकि अधिकांश आयात अग्रिम लाइसेंस के अन्तर्गत स्वीकृत हैं और मूल जांच में 'शून्य' रेटेड निर्यातकों द्वारा निर्यातित हैं।

ङ. नियम 23(1) और 23(3), पाटनरोधी नियमावली के नियम 4(घ), नियम 17(1) और अनुबंध-III के प्रावधानों के मद्देनजर शुल्क को विशेष रूप से जब कोई नया उत्पादक जांच में भागीदारी करता है तो निर्णायक समीक्षा में पुन: निर्धारित करना अपेक्षित है। ऐसा उत्पादक अवशिष्ट शुल्क के अधीन होना चाहिए।

च. ओटीआईजेड, मूल पाटनरोधी जांच में शून्य पाटन मार्जिन और शुल्क की शून्य दर के साथ निर्णायक समीक्षा के अधीन नहीं हो सकता है। पाटन के जारी रहने या पुनरावृति होने की तब कोई जांच नहीं हो सकती है जब प्राधिकारी ने पहले ही निर्धारित किया है कि ओटीआईजेड मूल जांच के समय पाटन नहीं कर रहा था या उन्होंने पाटनरोधी नियमावली के नियम 14(ग) के लिए किसी विषय पर डब्ल्यूटीओ एडी करार के अनुच्छेद 5.8 के अनुसार और बीफ तथा राइस पर मेक्सिको - निश्चयात्मक पाटनरोधी उपाय के अनुसार जांच को प्रभावी ढंग से समाप्त कर दिया है।

छ. चूंकि प्राधिकारी ने व्यापार सूचना 1/2022 के अन्तर्गत आयात आंकड़े लेने के लिए संशोधित प्रक्रिया विहित की है, इसलिए आवेदक को डीजीसीआईएंडएस से आयात आंकड़े लेने चाहिए और उसके बाद ऐसे आंकड़ों को अलग करने की पद्धति बतानी चाहिए। ऐसी सूचना के अभाव में, इस जांच में आगे कार्यवाही नहीं होनी चाहिए।

ज. पीसीआई रेडबुक आंकड़े संगत राष्ट्रव्यापी व्यापक स्तर के आंकड़े दर्शाते हैं और वह संवेदनशील सूचना नहीं है। टी.टकानो बनाम सेबी मामले में उच्चतम न्यायालय ने माना था कि प्रक्रिया से संबंधित समस्त सूचना बताई जानी चाहिए।

इंडिया लेमिनेटेड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य मामले में न्यायाधिकरण ने माना था कि असाक्ष्यांकित रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

झ. पीसीआई रेडबुक के अनुसार क्षमता और उत्पादन स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे आंकड़े हाई टेनेसिटी पोलिएस्टर यार्न और विचाराधीन उत्पाद के लिए विशेष रूप से नहीं दिए गए हैं और अनेक उत्पादकों ने इसमें भागीदारी की है। इसके अलावा, उक्त रिपोर्ट के संगत पृष्ठों के अन्य पक्षकारों से गोपनीय होने का दावा किया गया है। प्राधिकारी को अतिरिक्त और अप्रयुक्त क्षमता निर्धारित करने के लिए वास्तविक क्षमता, उत्पादन पर विचार करना चाहिए।

ञ. पीसीआई रेडबुक पर विचार करते हुए, यह बताया गया था कि इंडिया लेमिनेटेड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य मामले में न्यायाधिकरण ने माना था कि असाक्ष्यांकित रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

41. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

क. हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि कोई परंतुक नियम का अपवाद होता है। इस प्रकार, यह बताने वाला परंतुक कि शुल्क को बढ़ाया जाएगा यदि पाटन और क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, का अर्थ यह है कि शुल्क परंतुक में मौजूद व्यवस्था की स्थिति को छोड़कर 5 महीने में समाप्त हो सकते हैं।

ख. जैसा विभिन्न मामलों में न्यायालयों द्वारा माना गया है, जांच शुरुआत के स्तर पर केवल *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य की आवश्यकता है।

ग. यद्यपि हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि जांच पर्याप्त साक्ष्य के बिना शुरु की गई थी, तथापि उन्होंने यह नहीं बताया है कि कौन से मापदंड को विधिवत रूप से साक्ष्यांकित नहीं किया गया था। प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा

प्रदत्त साक्ष्य की सत्यतता और पर्याप्तता को पूरा करने के पश्चात जांच की शुरुआत की थी।

घ. न्यायाधिकरण के अवलोकन और प्राधिकारी की पूर्व प्रक्रिया के मद्देनजर ऐसे निर्यातक जिन्हें मूल जांच में शुल्क की शून्य दर दी गई है, को वर्तमान जांच के दायरे के भीतर माना जाना चाहिए।

ड. मूल जांच में शून्य शुल्क वाले निर्यातकों के लिए शुल्क की राशि वर्तमान आंकड़ों और पीओआई के बाद की सूचना के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए।

च. इस दावे के संबंध में कि शुल्क को विशेष रूप से एक नए उत्पादक की भागीदारी के कारण पुन:निर्धारित करना चाहिए, इस बात पर जोर दिया गया था कि किसी नए उत्पादक को न्यू शिपर समीक्षा के लिए आवेदन करना चाहिए या मध्यावधि समीक्षा में सामान्य पुन:निर्धारण किया जा सकता है। किसी नए उत्पादक को केवल अवशिष्ट शुल्क के अधीन रखा जा सकता है, जैसा कि टीडीआई और वीएसएफ मामले में किया गया था।

छ. शुल्क को पीओआई के बाद की सूचना पर विचार करने के बाद ही संशोधित किया जाना चाहिए और यदि यह सिद्ध हो जाता है कि आयात मात्राओं और आयात कीमतें उचित स्थिति दर्शाती हैं, तभी बदला जाना चाहिए।

ज. यद्यपि आवेदक ने डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों के लिए अनुरोध किया है, तथापि, उसे ये अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं और इसलिए वह उस आधार पर आयात सूचना नहीं दे सका है।

झ. निर्यातक से भी पीओआई के बाद के आंकड़े देने के लिए कहना चाहिए और ऐसा नहीं करने वाले निर्यातक को असहयोगी माना जाना चाहिए।

ञ. चूंकि घरेलू उद्योग ने उचित वृद्धि के साथ शुल्क की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया है, इसलिए शुल्क घटाया नहीं जाना चाहिए। किसी भी तरह कटौती की आवश्यकता को केवल निर्यातक द्वारा पीओआई पश्चात आंकड़े देने पर ही जांच की जानी चाहिए।

ट. यद्यपि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि पीसीआई रेडबुक आंकड़ों को स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि वह उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए थे, तथापि पीसीआई को पहले एक प्रतिष्ठित स्रोत माना गया है। यदि अन्य पक्षकार आंकड़ों को सह-संबंधित करना चाहते हैं तो वे स्वयं रिपोर्ट खरीद सकते हैं।

ठ. प्रत्यक्ष सूचना के अभाव में आवेदक ने एचटीपीवाई के उत्पादन और मांग के निर्धारण हेतु समग्र क्षमता के लिए एचटीपीवाई की क्षमता के अनुपात को लागू किया था। तथापि, यदि एचटीपीवाई की क्षमताओं को कुल उत्पादन और मांग के साथ माना जाए तो भी वह भारी अप्रयुक्त क्षमताएं दर्शाएंगी।

च.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

42. जहां तक शुल्क की अवधि के संबंध में प्रस्तुतियों का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य घरेलू उद्योग को पाटन और परिणामी क्षति को रोकना है, जिससे घरेलू उत्पादकों को क्षतिपूर्ण डंपिंग के खिलाफ एक समान अवसर और राहत मिलती है। एडीडी पहले लगाया गया था क्योंकि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा एक आवेदन दायर करने के बाद पाया था कि विदेशी उत्पादकों ने भारतीय बाजार में माल की पाटन का सहारा लिया था और इससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई थी। वर्तमान शुल्क की समाप्ति की स्थिति में डंपिंग या क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना की जांच करने के लिए वर्तमान जांच शुरू की गई है। यदि प्राधिकारी निर्धारित करते हैं कि मौजूदा शुल्कों के अभाव में पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति होने की संभावना है और पाटनरोधी शुल्क को शुल्क लागू करने की अवधि के होते हुए भी कानूनी रूप से आगे बढ़ाना आवश्यक है।

43. कुछ अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आवेदक द्वारा प्रदत्त सूचना जांच शुरुआत को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। तथापि पक्षकार ऐसा कोई विशिष्ट ब्यौरा या साक्ष्य देने में विफल रहे हैं कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़े जांच शुरुआत को उचित ठहराने के लिए क्यों अपर्याप्त हैं। इसके अलावा, प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार प्रस्तुत पाटन और

क्षति की संभावना के साक्ष्य सहित विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन को ध्यान में रखते हुए निर्णायक समीक्षा शुरु की थी। अत:, प्राधिकारी को इस दलील में कोई सच्चाई नहीं दिखती है।

44. कुछ अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने बताया है कि नए उत्पादकों/निर्यातकों के लिए शुल्क को पुन:निर्धारित करना चाहिए। इस मामले की जांच की गई है और यह नोट किया गया है कि वर्तमान समीक्षा में प्राधिकारी कानूनी प्रावधानों और पूर्व प्रक्रिया के अनुसार निर्धारण करेंगे।

45. मूल जांच में पाटन नहीं करते हुए पाए गए उत्पादकों के विरुद्ध जांच की समाप्ति के अनुरोध के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी समाप्ति स्थापित न्याय-शास्त्र और उनकी स्वयं की प्रक्रिया के अनुसार नहीं होगी। मूल जांच के दौरान निर्यातक पर शून्य शुल्क लगाया गया परंतु उसके विरुद्ध जांच समाप्त नहीं की गई। प्राधिकारी ने संगत रूप से यह रुख अपनाया है कि वह मूल जांच में शून्य शुल्क वाले किसी निर्यातक के विरुद्ध निर्णायक समीक्षा कर सकते हैं। *रोबिन रिसोर्सिस बनाम भारत संघ* मामले में माननीय सेस्टेट ने भी निम्नानुसार नोट किया है:

> *"9.हम नोट करते हैं कि निर्दिष्ट प्राधिकारी मूल जांच में शून्य शुल्क वाले किसी निर्यातक पर विचार कर सकते हैं जिसे अब पाटन करते हुए पाया गया है और जिससे घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है, उसके बाद एडी शुल्क पर समीक्षा के दौरान निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के संदर्भ में लगाने पर विचार किया जा सकता है। हम नोट करते हैं कि डीए ने एडीए के अनुच्छेद 2 और 3 और एडी नियमावली के संगत प्रावधानों का पालन किया है। हम यह भी नोट करते हैं कि अपीलकर्ताओं के संबंध में डीए ने मूल जांच के सभी पहलुओं की जांच और समीक्षा की है और इसके अलावा, यह जांच की है कि क्या आरंभिक अधिसूचना की समाप्ति से पाटन/घरेल उद्योग की क्षति की पुनरावृति होने की संभावना है। जैसा पहले नोट किया गया है कि जहां तक अपीलकर्ता का*

संबंध है, यह एक नई जांच की तरह है और हमें निर्दिष्ट प्राधिकारी की इस कार्यवाही में कोई कानूनी कमजोरी नहीं दिखती है...."

46. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि आवेदक को डीजीसीआईएंडएस के आंकड़े देने चाहिए और उसके बिना जांच आगे नहीं बढ़ सकती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच के प्रयोजनार्थ डीजीसीआईएंडएस के आंकड़े प्राप्त किए हैं। उक्त आंकड़ों के अनुसार जानकारी प्रकटन विवरण में दी गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को उन पर टिप्पणी करने का अवसर दिया गया था। इस प्रकार, किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हित के प्रति कोई पक्षपात नहीं किया गया है।

47. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि बाजार अनुसंधान एजेंसी की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने तथापि यह सिद्ध नहीं किया है कि पीसीआई वुड मेकेंजी के पास वर्तमान प्रयोजन के लिए पर्याप्त विश्वसनीयता और स्वीकार्यता नहीं है। पीसीआई और वुड मेकेंजी की रिपोर्ट पर पहले ही प्राधिकारी द्वारा विश्वसनीय साक्ष्य के रूप में विचार किया गया है जैसे कि पीटीए, पीईटी रेजिन और फुली ड्रान यार्न के आयातों से संबंधित जांच। तदनुसार, प्राधिकारी को रिपोर्ट में दी गई जानकारी की अनदेखी करने का कोई कारण ज्ञात नहीं है। चूंकि यह रिपोर्ट एक स्वामित्व वाली रिपोर्ट है और विशिष्ट प्रयोजन से खरीदी गई है, इसलिए इसे शेयर नहीं किया जा सकता है। तथापि, अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इस रिपोर्ट को खरीदने की स्वतंत्रता है।

छ. <u>सामान्य मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार, निर्यात कीमत और पाटन का निर्धारण</u>

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

48. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सामान्य मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. मूल जांच में, प्राधिकारी ने संगत तथ्यों की विस्तृत जांच के बाद एचसीएफ को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा दिया था। प्राधिकारी ने चीन जन.गण. और कोरिया

गणराज्य में क्रमशः उत्पादक और निर्यातक का मौके पर सत्यापन भी किया था। वे सभी तथ्य जिनके आधार पर मूल जांच में एमईटी का दर्जा दिया गया था, अब भी समान हैं। अतः, वर्तमान निर्णायक समीक्षा में भी एमईटी का दर्जा जारी रहना चाहिए।

ख. एचसीएफ के सभी निदेशक और शेयरधारक कोरिया के मालिक और कंपनियां हैं। अतः, उनके प्रचालन में राज्य का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

ग. भारतीय उपभोक्ताओं के साथ बिक्री स्थितियों के लिए बातचीत हियोसंग -कोरिया द्वारा सीधे की जाती है और एचसीएफ को एक पारदर्शी एसएपी प्रणाली के जरिए आदेश दिए जाते हैं। घरेलू बिक्री के लिए एचसीएफ को चीन के उपभोक्ताओं के साथ बिक्री संबंधी बातचीत के लिए हिओसंग - कोरिया द्वारा प्राधिकृत किया गया है। प्रमुख कच्ची सामग्रियां असंबंधित कंपनियों से खरीदी जाती हैं।

घ. एचसीएफ प्रत्येक महीने के पहले दिन सूचित मुद्रा सौदों में विदेशी मुद्रा सौदों के हस्तांतरण के लिए विदेशी विनिमय के राज्य प्रशासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार वाणिज्यिक विनिमय दर को अपनाता है। एचसीएफ के निर्यात आय के प्रयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

ड. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि एचसीएफ कंपनी कानूनों, श्रम कानून, लेखांकन कानून, संविदा कानून, चीन जन.गण. के दिवालिया कानून या संपति कानून के अन्तर्गत कोई अधिकार या छूट प्राप्त नहीं करता है। पीयूसी के विनिर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्री पीईटी चिप्स हैं। जिस कीमत पर पीईटी चिप्स एचसीएफ द्वारा खरीदी जाती हैं वह अंतर्राष्ट्रीय कीमत दर्शाती है। इसके अलावा, पीयूसी के उत्पादन में प्रयुक्त आयलिंग एजेंट को एचसीएफ द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था देशों से आयातित किया जाता है।

च. पीयूसी के विनिर्माण में प्रयुक्त सुविधाओं को सौदा कीमतों पर खरीदा जाता है और ये अंतर्राष्ट्रीय कीमतों से तुलनीय हैं।

छ. एचसीएफ के प्रचालनों और कार्यकलापों पर कोई अन्य सरकारी प्रतिबंध नहीं है।

ज. ची जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था नहीं माना जाना चाहिए और सामान्य मूल्य अनुच्छेद 2 के अनुसार परिकलित किया जाना चाहिए क्योंकि एक्सेसन प्रोटोकोल का अनुच्छेद 15 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गया है। इस प्रकार, सामान्य मूल्य निर्धारण के लिए 'प्रतिनिधि देश' निर्धारित करने की प्रक्रिया का प्रयोग नहीं होना चाहिए। ईसी - फास्टनर (चीन) मामले में अपीलीय निकाय की हाल की रिपोर्ट का उल्लेख किया जा सकता है। चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था मानने से चीन डब्ल्यूटीओ के समक्ष ऐसे निर्धारण को चुनौती देने का अधिकार होगा।

झ. भारत डब्ल्यूटीओ के सदस्य के रूप में 'व्यवस्था बनाए रखने' के सिद्धांत द्वारा बाध्य है और उसे 11 दिसंबर, 2016 से चीन को पूर्ण बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे की मान्यता देनी होगी।

ञ. व्हाइट हाउस द्वारा जारी वक्तव्य और ईसी परिषद से संलग्न स्पष्टीकरण ज्ञापन के निर्णय से पता चलता है कि यूएस और यूरोपीय संघ भी यह समझ रखते हैं कि चीन को 11 दिसंबर, 2016 से केवल एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जा सकता है।

ट. प्राधिकारी के पास चीन के उत्पादकों पर उनकी घरेलू कीमतों और लागतों की अनदेखी करते हुए गैर-बाजार अर्थव्यवस्था सिद्धांतों पर प्रचालन करने पर विचार करने के लिए कोई कानूनी प्रावधान या पद्धति नहीं है। चीन के उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य संबद्ध वस्तु की उनकी घरेलू कीमतों और लागत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

ठ. चीन के निर्यातकों के लिए उनकी घरेलू कीमतों और लागत के आधार पर पाटन मार्जिन के निर्धारण से पता चल जाएगा कि पाटन की कोई संभावना नहीं है।

ड. घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई हो, परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान अपने निष्पादन में सुधार स्वीकार किया है।

ढ. हियोसंग के बाजार अर्थव्यवस्था के दावे को स्वीकार किए जाना चाहिए, जैसा कि मूल जांच में सत्यापन के पश्चात किया गया था।

ण. भारतीय प्राधिकारी को इस मामले के लिए सामान्य मूल्य के परिकलन में प्रतिनिधि देश पद्धति का प्रयोग नहीं करना चाहिए और इसके बजाए घरेलू कीमतों और लागतों पर विचार करना चाहिए।

त. नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अन्तर्गत यदि बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से सूचना उपलब्ध नहीं हो तो सामान्य मूल्य प्रदत्त या देय कीमत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। घरेलू उद्योग पर दायित्व है कि वह किसी अतर्कसंगत दूरी के बिना उचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश का चयन करे। यह शेनयांग मात्सुशिता मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के भी अनुसार है।

थ. निर्यात कीमत में दावा किए गए समायोजन साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं हैं।

द. प्राधिकारी को प्रस्तुत उत्तरों का सत्यापन करना चाहिए और दिए गए वास्तविक आंकड़ों के आधार पर पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन का आकलन करना चाहिए।

ध. प्राधिकारी को पीओआई के बाद 6 महीने और न कि पीओआई से पहले के घरेलू उद्योग के कार्य-निष्पादन की जांच द्वारा पाटन और क्षति की संभावना का समग्र आकलन करना चाहिए।(एमओपी का पैरा 17.30)

न. घरेलू उद्योग के एक संयंत्र के बंद होने के बावजूद, बिक्री, लाभ, आय, पूंजी उपयोग आदि में पीओआई के दौरान वृद्धि हुई है।

प. संबद्ध देश से बढ़े हुए आयातों का कारण पाटन नहीं है बल्कि डाउनस्ट्रीम उद्योग के विकास के बाद घरेलू उद्योग की मांग है।

फ. घरेलू उद्योग जानबूझकर पीओआई के बाद के आंकड़े देने से बच रहा है जो क्षति की संभावना निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

ब. चीन जन.गण. से आयातों में वृद्धि भारत में मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को पूरा करने के लिए हुई है।

भ. जब घरेलू उद्योग ने तीसरे देशों (ताइवान और वियतनाम) से आने वाले आयातों से क्षति का दावा नहीं किया है, तो चीन से पाटन और क्षति की संभावना नहीं हो सकती है।

छ.2 घरेलू उद्योग के विचार

49. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. चीन को एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15(क)(i), जो अभी समाप्त नहीं हुआ, के प्रावधानों के अन्तर्गत गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए। प्राधिकारी ने हाल के सभी मामलों में चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना है।

ख. भारत ने "व्यवस्था बनाए रखने" के प्रावधानों के अनुसार असंगत कार्य नहीं किया है क्योंकि चीन ने विकृतियां समाप्त नहीं की हैं और बाजार द्वारा कीमत निर्धारित नहीं होती है।

ग. यूएसए और यूरोपीय संघ ने भी चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था मानना जारी रखा है। वास्तव में, चीन ने ऐसे व्यवहार के विरुद्ध डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान निकाय से संपर्क किया है, परंतु अपना अनुरोध वापस ले लिया है।

घ. हिओसंग को छोड़कर किसी भी उत्पादक ने एनएमई प्रश्नावली प्रस्तुत नहीं की है।

ड. चूंकि केवल एक उत्पादक को छोड़कर किसी अन्य ने यह नहीं दर्शाया है कि उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां हैं, इसलिए प्राधिकारी के लिए चीन में घरेलू कीमतों या लागतों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित करना अपेक्षित नहीं है।

च. चूंकि तीसरे बाजार में संबद्ध वस्तु की कीमत के संबंध में और तीसरे देशों से आयातों की पीसीएन-वार कीमत के बारे में कोई सार्वजनिक सूचना उपलब्ध नहीं

है, इसलिए सामान्य मूल्य को भारत में देय कीमत में तर्कसंगत लाभ मार्जिन के समायोजन के बाद उसके आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए।

छ. हितबद्ध पक्षकार यह स्पष्ट करने में विफल रहा है कि प्राधिकारी को सामान्य मूल्य के परिकलन हेतु प्रतिनिधि देश की पद्धति पर क्यों विचार नहीं करना चाहिए।

ज. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आवेदक के लिए बाजार अर्थव्यवस्था वाले उचित देश के चयन की सूचना देना अपेक्षित नहीं है। अन्य पक्षकार भी इसका सुझाव देने के लिए स्वतंत्र है।

झ. परिकलित सामान्य मूल्य को वास्तविक उत्पादन लागत पर निर्धारित किया जाना चाहिए क्योंकि यह मानना उचित नहीं है कि चीन में उत्पादक सबसे ईष्टतम उत्पादन लागत पर अपने संयंत्रों का प्रचालन कर रहे हैं।

ञ. यद्यपि हेंगली ने दावा किया है कि पाटन मार्जिन घरेलू कीमतों या लागत पर आधारित होना चाहिए, परंतु उसने एमईटी प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

ट. निर्यात कीमत के लिए समायोजन का दावा प्राधिकारी की संगत प्रक्रिया के अनुसार किया गया है। चूंकि उत्पादकों ने जांच में भाग लिया है, इसलिए निर्यात कीमत को उनके आंकड़ों के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

ठ. निर्यातकों से पीओआई के बाद के आंकड़े भी देने के लिए कहना चाहिए और ऐसे आंकड़े नहीं देने वाले निर्यातक को असहयोगी माना जाना चाहिए।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

50. डब्ल्यूटीओ में चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार प्रावधान है: " जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद- VI, टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ('पाटनरोधी करार') के अनुच्छेद VI और एससीएम करार के कार्यान्वयन संबंधी करार

किसी डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन की मूलता के आयातों वाली कार्यवाही पर निम्नानुसार लागू होंगे:

"(क) गैट, 1994 के अनुच्छेद VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वैलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क) (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

51. यह नोट किया जाता है कि जबकि अनुच्छेद 15 (क) (II) में निहित प्रावधान 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गया है, प्रवेश नवाचार के 15 (क) (I) के अंतर्गत दायित्व के साथ पठित विश्व व्यापार संगठन के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जा का दावा करने के लिए पूरक प्रश्नावली में दिए जाने हेतु सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट किए जाने के लिए भारत की नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड अपेक्षित हैं। यह नोट किया जाता है कि चूंकि चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने एमईटी/पूरक प्रश्नावली का उत्तर निर्धारित रूप में और तरीके से प्रस्तुत नहीं किया है, सामान्य मूल्य की गणना इस नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार किया जाना अपेक्षित है। यह नोट किया गया है कि चीन जन.गण. से एक उत्पादक को छोड़कर किसी भी उत्पादक ने यह सिद्ध करते हुए सूचना प्रस्तुत नहीं की है कि वे बाजार अर्थ-व्यवस्था की दशा में प्रचालन कर रहे हैं।

52. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैसर्स हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. ने अपने व्यापारी मैसर्स हुओसुंग एडवांस्ड मैटिरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य के साथ वर्तमान जांच में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी) प्रश्नावली प्रस्तुत की है।

53. निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर और इन प्रतिवादी उत्पादकों और निर्यातकों के बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रश्नावली के उत्तर की जांच की गई थी। सत्यापनों के अनुसार बाजार अर्थव्यवस्था के दावे संबंधी स्थिति का सारांश नीचे दिया गया है।

मैसर्स हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. ("एचसीएफ") और मैसर्स हुओसुंग एडवांस्ड मैटरिरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य ("एचएएमसी") के लिए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार

54. प्राधिकारी ने हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा किए गए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार संबंधी दावे की जांच की है क्योंकि कंपनी ने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रश्नावली का उत्तर दिया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड के दो शेयरधारक अर्थात हुओसुंग एडवांस्ड मैटरिरियल्स कारपोरेशन ('एचएएमसी') और हुओसुंग स्पेन्डेक्स (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटैड ('एचएसजेसी') हैं। दोनों शेयरधारक हुओसुंग समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां हैं। अत:, एचसीएफ की अंतिम धारक कंपनी हुओसुंग कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य है।

55. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एचसीएफ चीन जन.गण. में विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है और उसने अपने संबंधित निर्यातक अर्थात एचएएमसी, कोरिया गणराज्य के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। दोनों कंपनियों ने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है।

56. मूल जांच में मैसर्स हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. (एचसीएफ) और उसके व्यापारी मैसर्स हुओसुंग एडवांस्ड मैटेरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य ("एचएएमसी") द्वारा प्रस्तुत सूचना/आंकड़ों का मौके पर सत्यापन चीन जन.गण. और कोरिया गणराज्य ने क्रमश: कंपनियों के परिसर में किया गया था और उन्हें विस्तृत सत्यापन रिपोर्ट जारी की गई थी। वर्तमान समीक्षा जांच में प्राधिकारी ने मैसर्स हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. और व्यापारी मैसर्स हुओसुंग एडवांस्ड मैटिरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य ('एचएएमसी') के बाजार अर्थव्यवस्था के दावे से संबंधित रिकॉर्डों का डेस्क पर सत्यापन किया है।

57. प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन के दौरान एचसीएफ के रिकॉर्ड सत्यापित किए हैं। यह नोट किया गया था कि एचसीएफ *** के नियंत्रण में कार्य करता है जो *** के पूर्ण स्वामित्व में है। यहां तक कि ***, चीन जन.गण. ('एचएसजेसी') जिसके पास एचसीएफ में थोड़ी शेयरधारिता है, अन्ततः *** के स्वामित्व में है। एचसीएफ के निदेशक बोर्ड में सभी कोरिया के नागरिक हैं और एचसीएफ के निदेशक बोर्ड में चीन का कोई नागरिक (सरकारी या अन्यथा) नहीं है।

58. प्राधिकारी मानते हैं कि कंपनी को मूल जांच में बाजार अर्थव्यवस्था का व्यवहार दिया गया था। वर्तमान समीक्षा के दौरान घरेलू उद्योग ने पूर्ववर्ती निर्धारण की समीक्षा को आवश्यक बनाने के लिए किसी परिवर्तित परिस्थिति को दर्शाने वाला कोई रिकॉर्ड का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है और न ही पूर्ववर्ती निर्धारण की समीक्षा करने के लिए रिकॉर्ड में कोई अन्य सूचना/साक्ष्य मौजूद है और वर्तमान जांच लागू एडीडी की एक निर्णायक समीक्षा जांच है। अत:, प्राधिकारी मूल जांच के निर्धारण को जारी रखते हुए, एचसीएफ और एचएएमसी को बाजार अर्थव्यवस्था का व्यवहार प्रदान करते हैं।

मैसर्स हुओसुंग केमिकल फाइबर (जियाक्सिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. (एचसीएफ) और मैसर्स हुओसुंग एडवांस्ड मैटरिरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य (एचएएमसी) के लिए सामान्य मूल्य

59. उत्पादक/निर्यातक को ऊपर स्पष्ट किए गए अनुसार बाजार अर्थव्यवस्था की दशाओं में प्रचालन करता हुआ पाया गया था।

60. एचसीएफ और एचएएमसी द्वारा दायर उत्तर से प्राधिकारी नोट करते हैं कि एचसीएफ और एचएएमसी ने पीओआई के दौरान भारत को केवल एक पीसीएन का निर्यात किया है। तद्नुसार, प्राधिकारी ने उसी पीसीएन के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। यह नोट किया गया था कि पीओआई के दौरान एचसीएफ ने घरेलू बाजार में तुलनीय पीसीएन की बिक्री की है [*** एमटी]। घरेलू बाजार में सभी बिक्रियां पीओआई के दौरान गैर-संबद्ध पक्षकारों को की गई थी। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की पाटन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया था। यह नोट किया गया था कि लाभप्रद सौदे 80 प्रतिशत से कम थे। तद्नुसार, सामान्य मूल्य की गणना हेतु केवल लाभप्रद घरेलू बिक्रियों पर विचार किया गया है।

61. एचसीएफ ने अंतरदेशीय भाड़े और घरेलू बिक्री कीमत से ऋण संबंधी खर्चों के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन के बाद इन समायोजनों की अनुमति दी है। तद्नुसार, एचसीएफ के लिए सामान्य मूल्य परिकलित किया गया है और नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>चीन जन.गण. से सभी अन्य उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

62. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. से एक उत्पादक को छोड़कर, किसी भी उत्पादक ने अपने स्वयं के डाटा/सूचना के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए दावा नहीं किया है; सामान्य मूल्य का निर्धारण नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसरण में किया गया है, जो निम्नानुसार है:

> *"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में, सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश या भारत सहित अन्य देशों को ऐसे*

तीसरे देश से कीमत के आधार पर अथवा जहां ऐसा करना संभव नहीं है या अन्य उचित आधार पर, जिसमें विधिवत रूप से समायोजित, यदि अनिवार्य हो, एक उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए, कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा एक उचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन संबंधित देश और प्रश्नाधीन उत्पाद के विकास के स्तर को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर उचित ध्यान दिया जाएगा। किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में, किसी समान मामले में की गई जांच की, जहां उचित हो, समयावधि के भीतर हिसाब लिया जाएंगे। जांच किए जाने वाले पक्षकारों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उक्त चयन के बारे में सूचित किया जाएगा और उन्हें उनकी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए उचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

63. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार, सामान्य मूल्य को एक बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर या भारत सहित अन्य देशों को ऐसे देश से निर्यातों की कीमत के आधार पर भी निर्धारित किया जा सकता है। हालांकि, किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में बिक्री कीमत या उत्पादन की लागत के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई सूचना नहीं उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में पीसीएन को अपनाने के कारण वर्तमान जांच में भारत सहित किसी अन्य देशों को किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से निर्यात कीमत पर विचार नहीं किया जा सकता। वर्तमान जांच में पीसीएन-वार तुलना किया जाना जरूरी है।

64. इसलिए, प्राधिकारी ने भारत में चीन जन.गण. से संबद्ध आयातों के लिए सामान्य मूल्य का परिकलन "किसी अन्य उचित आधार पर" किया है। चीन जन.गण. से सभी अन्य उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण विधिवत समायोजित, भारत में उत्पादन

की लागत के आधार पर और बिक्री, सामान्य व प्रशासनिक व्ययों तथा एक उचित लाभ मार्जिन के लिए उचित परिवर्धनों के आधार पर निर्धारण किया गया है। इसका नीचे पाटन-मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

<u>निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

65. निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर दायर किए हैं:

i. हुझोऊ यूनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड
ii. ह्योसंग एडवांस्ड मैटीरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य
iii. ह्योसंग केमिकल फाइबर (जियांगशिंग) कंपनी लिमिटेड
iv. जियांगसू हैंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटैड
v. जियांगसू तायजी इंडस्ट्री न्यू मैटीरियल्स कंपनी लिमिटेड
vi ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटेड
vii. झेजियांग गुशियानदाओ पॉलिएस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड
viii. झेजियांग यूनीफल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड

<u>ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटेड</u>

66. ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटेड (जिसे यहां "ओटीआईजेड" कहा गया है) चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक है। ओटीआईजेड संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन करता है और भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे ही निर्यात करता है। ओटीआईजेड ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर में यथा निर्धारित प्रासंगिक सूचना उपलब्ध कराई है।

67. ओटीआईजेड ने अपने उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यातों से संबंधित पीसीएन-वार सूचना उपलब्ध कराई है। यह नोट किया गया है कि ओटीआईजेड ने भारत में असंबद्ध ग्राहकों को ***मी.टन का निर्यात किया है। ओटीआईजेड ने समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्ययों, क्रेडिट लागत और बैंक

प्रभारों के कारण समायोजनों का दावा किया है जिसे उचित सत्यापन के बाद प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की गई है।

68. प्राधिकारी ने ओटीआईजेड द्वारा प्रश्नावली उत्तरों में भारत को निर्यातों के लिए पीसीएन-वार सूचना की जांच की है। ओटीआईजेड के लिए निर्धारित निर्यातों को नीचे पाटन मार्जिन सारणी में दिया गया है।

झेजियांग गुशियांगदाओ पॉलीस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड

69. झेजियांग गुशियानदाओं पॉलिएस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड (जिसे यहां "गुशियानदाओ" कहा गया है) चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक है। गुशियानदाओ संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन करता है और भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे ही निर्यात करता है। गुशियानदाओ ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर में यथा निर्धारित संगत सूचना उपलब्ध कराई है।

70. गुशियानदाओ ने अपने उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यातों से संबंधित पीसीएन-वार सूचना उपलब्ध कराई है। यह नोट किया गया है कि गुशियानदाओ ने भारत में असंबद्ध ग्राहकों को संबद्ध वस्तुओं के *** मी.टन का निर्यात किया है। गुशियानदाओ ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्ययों, क्रेडिट लागत और बैंक प्रभारों के कारण समायोजनों का दावा किया है जिसके लिए प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

71. प्राधिकारी ने गुशियानदाओं द्वारा प्रश्नावली में दी गई भारत को किए गए निर्यातों के लिए पीसीएन-वार सूचना का सत्यापन किया है। गुशियानदाओ के लिए निर्धारित भारांशित औसत निर्यात कीमत का नीचे पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

मैसर्स जियांगसू ताएजी इंडस्ट्री न्यू मैटीरियल कंपनी लिमिटेड (उत्पादक/निर्यातक) चीन जन.गण.

72. जियांगसू ताएजी इंडस्ट्री न्यू मैटीरियल कंपनी लिमिटेड (जिसका यहां "ताएजी" के रूप में उल्लेख किया गया है) चीन जन.गण. से एक उत्पादक है।

73. ताएजी ने अपने प्रश्नावली उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत के निर्यातों से संबंधित पीसीएन-वार सूचना उपलब्ध कराई है। पीओआई के दौरान, ताएजी ने एफओबी आधार पर भारत को सीधे ही *** मी.टन का निर्यात किया है। ताएजी ने अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्ययों, बैंक प्रभारों और क्रेडिट लागतों के कारण समायोजनों का दावा किया है जिसे डेस्क सत्यापन के बाद स्वीकृति प्रदान की गई है। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित की गई निर्यात कीमत का नीचे पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

मैसर्स झेजियांग यूनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड (उत्पादक/निर्यातक) चीन जन.गण. और मैसर्स हुझोऊ यूनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड (निर्यातक/व्यापारी) चीन जन.गण.

74. झेजियांग यूनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण् (जिसे यहां यूनिफुल कहा गया है) चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक है। पिछले तीन वर्षों में, कंपनी की संरचना में कुछ विशिष्ट परिवर्तन हुए हैं। कंपनी की संरचना में प्रमुख परिवर्तन 28 सितंबर, 2019 को हुए हैं।***

75. यूनीफुल ने अपने प्रश्नावली उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यातों से संबंधित पीसीएन-वार सूचना उपलब्ध कराई है। पीओआई के दौरान, यूनीफुल ने सीआईएफ आधार पर भारत को सीधे ही ***मी.टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। इसके अलावा, यह भी नोट किया गया है कि यूनीफुल ने एक संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् हुझोऊ यूनीफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड के जरिए भारत को अप्रत्यक्ष रूप से ***मी.टन के ***अमरीकी डॉलर की इनवॉयस मूल्य संबद्ध वस्तुओं का भी निर्यात किया है। उत्पादक/निर्यातक ने समुद्री माल भाड़े, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन और पत्तन संबंधी व्ययों, क्रेडिट लागत और बैंक प्रभारों तथा क्रेडिट लागत के कारण समायोजनों का दावा किया है, जिसे डेस्क सत्यापन के बाद स्वीकृति प्रदान की

गई है। तद्नुसार, इस प्रकार निर्धारित भारांशित औसत निर्यात कीमत का पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

मैसर्स ह्योसंग केमिकल फाइबर (जियाशिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण.(एचसीएफ) और मैसर्स ह्योसंग एडवांस्ड मैटीरियल कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य (एचएएमसी)

76. ह्योसंग केमिकल फाइबर (जियांगशिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक है और इसका एक संबंधित व्यापारी अर्थात ह्योसंग, एडवांस्ड मैटीरियल्स कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य है। ह्योसंग ने अपने प्रश्नावली उत्तर में भारत को किए गए निर्यातों की पीसीएन-वार सूचना पठपलब्ध कराई है। उक्त संबंधित कंपनियों द्वारा दायर किए गए उत्तर से यह नोट किया गया है कि पीओआई के दौरान, उत्पादन ने अपने इस संबंधित पक्षकार के जरिए भारत को *** मी.टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन के जरिए डाटा का सत्यापन किया है। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित की गई निर्यात कीमत का नीचे पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

मै. जियांगशु हेंगली कैमिकल फाइबर कं. लि. की निर्यात कीमत का निर्धारण

77. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैसर्स जियांगसू हेंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटेड (जिसे यहां हेंगली कहा गया है) चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक है और इसने पीओआई के दौरान सीधे ही भारत को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। हेंगली ने भारत को निर्यातों की पीसीएन-वार सूचना उपलब्ध कराई है।

78. पीओआई के दौरान, हेंगली ने भारत को संबद्ध वस्तुओं की कुल *** कि.ग्रा. मात्रा का निर्यात किया है। हेंगली ने अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और संभाल व्ययों और क्रेडिट लागत के कारण समायोजनों का दावा किया है जिसे डेस्क सत्यापन के बाद प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। तद्नुसार इस प्रकार निर्धारित भारांशित औसत निर्यात कीमत का नीचे पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

चीन जन.गण. से अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए

79. अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए, जिन्होंने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, निर्यात कीमत को उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। इस का पाटन मार्जिन सारणी में उल्लेख किया गया है।

<u>पाटन मार्जिन</u>

80. वर्तमान जांच में प्रस्तावित सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	देश	उत्पादक का नाम	सीएनवी/एनवी अमरीकी डॉलर प्रति कि.ग्रा.	एनईपी अमरीकी डालर प्रति कि.ग्रा.	पाटन मार्जिन अमरीकी डालर प्रति कि.ग्रा.	पाटन मार्जिन %	रेंज
1	चीन	झेजियांग गुशियानदाओ पॉलीएस्टर डोप डाइड यार्न कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30%
2	चीन	ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लिमिटे	***	***	***	***	10-20%
3	चीन	ह्योसंग केमिकल फाइबर (जियांनशिन) कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	0-10%
4	चीन	जियांगसू हेंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	30-40%
5	चीन	झेजियांग यूनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कंपनी लिमिटेड - जोड़	***	***	***	***	40-50%
6	चीन	अन्य सभी	***	***	***	***	40-50%

ज. <u>क्षति और कारणात्मक संबंध का मूल्यांकन और पाटन तथा क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृतति की संभावना</u>

ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध</u>

81. क्षति, कारणात्मक संबंध का पाटन व क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:-

क. धारा 9क(5) और नियम 23 इसे स्पष्ट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का समापन आदर्श है और इसको जारी रखना एक अपवाद है। इसका यूनाइटेड स्टेट्स कारोजन - एसिसटेंट कार्बन स्टील फ्लैट प्रोडक्ट्स और यूएस - ओसीटीजी निर्णायक समीक्षाओं में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णयों द्वारा भी समर्थन किया गया है। वर्तमान मामले में, ऐसे कोई आपवादिक परिस्थितियां मौजूद नहीं हैं और केवल यही उचित है कि प्राधिकारी वर्तमान समीक्षा में निष्कर्ष देते हैं कि पाटनरोधी उपायों के जरिए घरेलू उद्योग को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है और किसी अधिक सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है।

ख. चूंकि, उत्पाद के दायरे को इस सतर पर बदला नहीं जा सकता, विचाराधीन उत्पाद के लिए आंकड़ों को मांग और अन्य क्षति संबंधी सूचना से बाहर रखा जाना चाहिए।

ग. प्रवंचनारोधी उत्पादों के आयातों के कारण निष्पादन पर लगातार विपरीत प्रभाव और दुर्बलता के संबंध में मौखिक सुनवाई में घरेलू उद्योग के दावे घरेलू उद्योग द्वारा आवेदन में किए गए दावों के अनुरूप नहीं हैं।

घ. आरआईएल एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित नहीं है। यह एक वृहत स्तर का उपक्रम है और इसे एक दुर्बल उद्योग नहीं समझा जा सकता।

ड. घरेलू उद्योग के दावों के विपरीत, विचाराधीन उत्पाद के आयातों में समय के साथ-साथ वृद्धि हुई है।

च. मांग-आपूर्ति अंतर को समाप्त करने के लिए आयातों में वृद्धि हुई है, चूंकि, मांग में वृद्धि के अनुरूप घरेलू उद्योग की बिक्रियों में वृद्धि नहीं हुई है जो डाउनस्ट्रीम उद्योग के विकास के अनुसरण में वृद्धि की साक्षी है। यह घरेलू उद्योग की घटती हुई माल सूचियों से भी साक्ष्य है।

छ. चीन से आयातों और घरेलू उद्योग की निष्पादन के बीच कोई सह-संबंध नहीं है क्योंकि आयातों की मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ घरेलू उद्योग के निष्पादन में भी वृद्धि हुई है।

ज. याचिकाकर्ता ने संबद्ध वस्तुओं के बढ़े हुए आयातों के बारे में अतिशयोक्तिपूर्ण रूप से बताया है और जानबूझ कर घरेलू उद्योग को क्षति का आविष्कार किया। भारतीय याचिकाकर्ता की वित्तीय स्थिति में ह्रास, यदि कोई हो, अन्य कारकों के परिणाम स्वरूप है।

झ. क्षमता उपयोग, बिक्रियों, लाभ, आय आदि के संदर्भ में घरेलू उद्योग के समग्र निष्पादन में इसके संयंत्रों में से एक के बंद होने और सकारात्मक कीमत कटौती के बावजूद महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

ञ. प्राधिकारी इस दावे पर विश्वास करने से पूर्व कि आवेदक को निर्यात करने के लिए विवश किया गया था, निर्यात कीमत और आवेदक की घरेलू बिक्री कीमत की जांच कर सकते हैं।

ट. संयंत्र बंद होने के कारण क्षमता में गिरावट के बावजूद, याचिकाकर्ता के उत्पादन और क्षमता उपयोग और बिक्रियों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

ठ. समय के साथ याचिकाकर्ता के औसत भंडार में गिरावट आई है जिस का अर्थ है कि याचिकाकर्ता उस सब की बिक्री करने में सक्षम है जिसका वह उत्पादन कर रहा है।

ड. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्से में गिरावट संयंत्र के बंद होने के कारण है, जहां आयातों के हिस्से में मांग-आपूर्ति अंतर के कारण वृद्धि हुई है। फिर भी, प्रमुख बाजार हिस्सा अभी भी घरेलू उत्पादकों द्वारा कब्जा किया जा रहा है।

ढ. पिछले मामलों में भी, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने शुल्कों को जारी रखने की सिफारिश नहीं की है, जहां घरेलू उद्योग महत्वपूर्ण लाभ अर्जित कर रहा था।

ण. कर्मचारियों की संख्या और मजदूरियों में गिरावट घरेलू उद्योग के संयंत्र के बंद होने के कारण हो सकती है और उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

त. इसकी जांच की जानी चाहिए कि क्या लागत में गिरावट कच्चे माल की लागत में गिरावट के कारण है।

थ. घरेलू उद्योग आयात कीमतों में गिरावट के संबंध में भारांशित औसत कीमतों के आधार पर यह विश्लेषण कर रहा है न कि कच्चे माल की कीमतों के अनुसरण में।

द. आवेदक द्वारा पीसीएन-वार पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और कीमत कटौती उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है।

ध. आवेदक पीसीएन-वार मार्जिन पर पहुंचने में असफल रहा है और उसने उत्पादों के विभिन्न प्रकारों में अंतरों की उपेक्षा की है जिसकी कीमतों में बाजार में बिक्री करते समय महत्वपूर्ण अंतर हो सकता है। अतुलनीय वस्तुओं का ऐसा सामान्यीकरण आंकड़ों को प्रस्तुत करने और उसके किसी विश्लेषण को लागू करने की प्रक्रिया के विपरीत है।

न. पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति या जारी रहने की संभावना को सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उद्योग के पीओआई पश्चात निष्पादन की प्राधिकारी द्वारा जांच की जानी चाहिए।

प. पीओआई की तुलना में पीओआई पश्चात अवधि में मात्रा संबंधी मापदंडों के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन में कोई उल्लेखनीय गिरावट नहीं आई है।

फ. अप्रैल-सितंबर, 2023 के लिए पीओआई पश्चात आंकड़ों को प्रस्तुत करने का कोई आधार नहीं है और इसका बही खातों में कोई आधार नहीं है।

ब. पीओआई और पीओआई पश्चात आंकड़ों में अंतर है जिसे स्पष्ट नहीं किया गया है। पीओआई से एक वितीय वर्ष के अंतर के साथ पीओआई पश्चात आंकड़ों पर विचार करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

भ. बिक्री कीमत में तदनुरूपी वृद्धि के बिना बिक्रियों की लागत में वृद्धि के कारण पीओआई पश्चात आंकड़ों में हानियां उपगत की गई हैं, क्योंकि आवेदक अकुशल हो गया है। प्रति यूनिट निवल बिक्री आय में वृद्धि, मूल्यह्रास, ब्याज लागत स्थायी परिसंपत्तियों में कमी और पीओआई पश्चात आंकड़ों पर क्षमता उपयोग में लगभग बिना किसी परिवर्तन के बावजूद, आवेदक ने नकारात्मक पीबीआईटी, पीबीडीआईटी और नकद लाभ दर्शाया है।

म. इस का कोई साक्ष्य नहीं है कि पीओआई पश्चात अवधि में हुई हानियां ओटीआईजेड अथवा गुशियानदाओ के कारण है।

कक. पाटन रोधी शुल्कों के अध्यधीन क्षति अवधि में चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात न्यूनतम रहे हैं। चीन जन.गण. से अधिकतम संबद्ध आयात अग्रिम लाइसेंस के तहत स्वीकृत थे और ऐसे उत्पादकों से आयात किए गए थे जिन्हें मूल जांच में शुल्क की "शून्य" दर प्रदान की गई थी। इसके अलावा, क्षति अवधि में चीन जन.गण. से आयातों का 85 प्रतिशत से अधिक भाग पाटनरोधी शुल्कों के अधीन नहीं थे और चीन जन.गण. से केवल 4-11 प्रतिशत आयतों पर पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किया गया था। यदि पाटनरोधी शुल्क का विस्तार करता है तो अग्रिम लाइसेंस के तहत आयात जारी रहेंगे और शुल्क से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा।

खख. शुल्क को जारी रखना घरेलू उद्योग को कोई ठोस लाभ प्रदान नहीं करेगा, जबकि यह प्रयोक्ताओं को विपरीत रूप से प्रभावित कर रहा है।

गग. चीन जन.गण. से आयात बाजार पर अधिकार नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अग्रिम लाइसेंस के तहत आयातित किया गया है।

घघ. घरेलू उद्योग को किसी क्षति और क्षति के जारी रहने की संभावना नहीं है क्योंकि समय के साथ इसके निष्पादन में सुधार हुआ है।

ङ.ङ. घरेलू उद्योग के इस दावे कि शुल्क की प्रवंचना पाटन और क्षति की संभावना को दर्शाती है और यह कि प्रवंचनाकारी आयातों के कारण वह उचित कीमतों पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं है, को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि प्रवंचना संबंधी जांच अभी समाप्त नहीं हुई है।

चच. समय के साथ-साथ घरेलू उत्पादकों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि, 3 उत्पादकों से 6 उत्पादक की हुई है जो दर्शाती है कि क्षति की कोई संभावना नहीं है।

छछ. चूंकि, घरेलू उद्योग ने भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता को स्थापित नहीं किया है, इसलिए यूरोपीय संघ और यूएसए द्वारा उपायों को लागू किए जाने से और चीन जन.गण. के उत्पादकों के उन्मुखीकरण के कारण भारतीय बाजार को उनकी अतिशय क्षमता के विपणन की कोई संभावना नहीं है।

जज. ईयू अथवा यूएसए द्वारा की गई जांच की तुलना में इस पुनरीक्षा जांच में उत्पाद का दायरा सीमित है।

झझ. चूंकि, आटोलिव ने प्रवंचनाकारी उत्पाद का आयात नहीं किया है, इसलिए इसके आयातों के कारण पाटन या क्षति की कोई संभावना नहीं हो सकती।

ञञ. एचसीएफ और एचएएमसी ने भारत को कथित प्रवंचनाकारी उत्पादों का निर्यात नहीं किया है और इसलिए घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है। इसलिए, यह घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना का संभावित कारण नहीं हो सकता। इसके अलावा, एचसीएफ और एचएएमसी ने पीओआई अथवा क्षति अवधि में ईयू अथवा यूएसए बाजार को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात नहीं किया है। इसलिए, ईयू और यूएसए द्वारा उपायों को लागू किया जाना एचएएमसी अथवा एचसीएफ लिमिटेड को अपनी उत्पादित मात्राओं को भारत को विपथित करने के लिए मजबूर नहीं करेगा।

टट. ह्योसंग ने क्षमता में वृद्धि नहीं की है किंतु क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है, और इसके पास कोई अधिशेष क्षमता उपलब्ध नहीं है।

ठठ. चूंकि, हैंगली के कारण पाटन और/या क्षति की कोई संभावना नहीं है, वर्तमान जांच में शुल्कों को समाप्त किए जाने की जरूरत थी। पाटन का दावा बढ़ा-चढ़ाकर किया गया है और घरेलू कीमतों और लागतों पर आधारित सही पाटन मार्जिन किसी पाटन मार्जिन या पाटन की संभावना की ओर संकेत नहीं करते।

डड. ओटीआईजेड और झेजियांग गुशियानदाओ द्वारा निर्यातों के कारण क्षति की कोई संभावना नहीं है क्योंकि इसने कोई क्षमता विस्तार नहीं किया है, इसका क्षमता उपयोग 85-95 प्रतिशत है, यह मुख्य रूप से घरेलू बाजार और तीसरे देशों में बिक्री करता है और भारत को इसके निर्यातों में कमी आई है। ओटीआईजेड भारत की कीमतों की तुलना में तीसरे देशों को अधिक ऊंची कीमतों पर निर्यात कर रहा है। इसके अलावा, ओटीआईजेड द्वारा कोई प्रवंचना नहीं की गई है।

ढढ. संबद्ध देश से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की नाजुक स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं है क्योंकि पूरी क्षति अवधि के दौरान तीसरे देशों अर्थात ताईवान और वियतनाम से आयात महत्वपूर्ण बने रहे हैं। इन देशों से आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। इसके अलावा, ताईवान और वियतनाम की आयात कीमतें चीन जन.गण. की औसत कीमत की तुलना में काफी कम हैं।

णण. चीन जन.गण. पर पाटनरोधी शुल्क को व्यक्तिपरक रूप से लागू नहीं किया जा सकता क्योंकि वियतनाम और ताईवान से कम कीमतों पर उल्लेखनीय आयात आ रहे हैं। यदि ऐसे आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती या ह्रास नहीं कर रहे हैं तो शुल्क को समाप्त करने की स्थिति में, चीन से उच्च कीमत वाले आयातों के कारण ऐसे ह्रास/कटौती की कोई संभावना नहीं है।

तत. चीन (5 प्रतिशत) की तुलना में ताईवान (21 प्रतिशत) और वियतनाम (10 प्रतिशत) से कीमत कटौती उच्च है। इसके अलावा, यदि बिक्रियों की लागत और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत चीन की कीमतों की तुलना में निम्न हैं, तब

उत्पादन की लागत और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत वियतनाम और ताईवान से कीमतों से निम्न होंगी।

थथ. आवेदक ने दावा किया है कि चीन जन.गण. के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक है। तथापि, वियतनाम और ताईवान के लिए पाटन मार्जिन भी सकारात्मक और महत्वपूर्ण पाया गया है। ताईवान के लिए पाटन मार्जिन पीओआई भारत की कीमतों की तुलना में तीसरे देशों को अधिक ऊंची कीमतों पर निर्यात कर रहा है। इसके अलावा, ओटीआईजेड द्वारा कोई प्रवंचना नहीं की गई है।

दद. घरेलू उद्योग की क्षति, यदि कोई है, तो वह पारस्परिक प्रतियोगता, अन्य देशों से कम कीमत वाले आयातों और घटे हुए निर्यात निष्पारन के कारण है।

धध. आवेदक के तर्क अभी समाप्त नहीं हुई प्रवंचना-रोधी जांच पर आधारित हैं। ऐसी प्रवंचनाओं के अनुमान का उद्देश्य मात्र पुनरीक्षा कार्यवाहियों में उत्पाद के दायरे का गैर-कानूनी रूप से विस्तार करना और वर्तमान पुनरीक्षा में शुल्कों को लागू किए जाने को जारी रखने के लिए ऐसी "आपवादिक परिस्थितियों" का कृत्रिम रूप से सृजन करना है। यह कानून में निराधार है और इस तरह के दावों को खारिज कर दिया जाना चाहिए।

नन. आवेदक ने कच्चे माल की लागत में परिवर्तन की तुलना में पीयूसी और पीयूआई की लागत में वृद्धि की तुलना की है। आवेदक ने आधार वर्ष के रूप में वर्ष 2018-19 को अपनाया है और उक्त आंकड़ों की केवल पीयूआई के आंकड़ों के साथ तुलना की है। यह अनुरोध किया जाता है कि आंकड़ों का वर्षानुवर्ष आधार पर भी विश्लेषण किए जाने की जरूरत है, जैसा कि अर्जेन्टीना - फुटवियर (डब्ल्यूटी/डीएस/121) में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय द्वारा धारित किया गया था।

ज.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

82. घरेलू उद्योग ने क्षति, कारणात्मक संबंध और पाटन एवं क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के आरोप कि आयातों तथा क्षति में वृद्धि हुई है, बढ़ा-चढ़ा कर कहे गए हैं और रिकॉर्ड पर दी गई सूचना के विपरीत है।

ख. जहां अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि अन्य कारक घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित कर रहे हैं, उन्होंने पाटन से इंकार नहीं किया है।

ग. पाटन मार्जिन शून्य शुल्कों के अध्यधीन निर्यातकों के लिए तथा अन्य निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण है जो लगातार और बढे हुए पाटन की संभावना की ओर संकेत करता है। प्रवंचनाकारी वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन अधिक हैं।

घ. यह तथ्य कि चीन जन.गण. से उत्पादक वर्तमान पाटनरोधी शुल्कों का आश्रय ले रहे हैं, दर्शाता है कि वे गैर-पाटित कीमतों पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते।

ड. हालांकि, वर्ष 2016-17 के बाद विचाराधीन उत्पाद के आयातों की मात्रा में कमी आई हैहै, जांचाधीन उत्पाद के आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है जो चीन जन.गण. से आयातों में समग्र वृद्धि को दर्शाता है।

च. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के आरोपों के विपरीत, विचाराधीन उत्पाद के आयातों में वृद्धि अग्रिम प्राधिकरण के तहत आयातों में वृद्धि के कारण हैं और निर्यातकों से पाटनरोधी शुल्क के साथ साथ माल की प्रवंचना के अधीन नहीं हैं।

छ. किसी निर्णायक समीक्षा में, आयातों की महत्वपूर्ण मात्रा और एक सकारात्मक पाटनरोधी मार्जिन शुल्कों को जारी रखने की जरूरत को दर्शाने के लिए पर्याप्त हैं।

ज. मांग-आपूर्ति अंतर को पाटने के लिए आयातों की जरूरत नहीं है क्योंकि भारतीय क्षमता देश में मांग से अधिक है।

झ. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

ञ. पहुंच कीमतों में गिरावट कच्चे माल की लागत में गिरावट की तुलना में कहीं अधिक हैं। यदि कच्ची सामग्री की गिरावट को शामिल न किया जाए तब भी पहुंच कीमतों में गिरावट कहीं अधिक महत्वपूर्ण होगी।

ट. घरेलू उद्योग की बिक्रियों में वृद्धि मांग में वृद्धि के अनुरूप नहीं हैं।

ठ. जहां चीन जन.गण. से उत्पादकों के बाजार हिस्से में तीव्र वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में केवल गिरावट हुई है।

ड. आवेदक की माल सूचियों में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय निर्यातों और प्रवृत पाटनरोधी शुल्कों के कारण गिरावट आई है। घरेलू उद्योग को उनके उत्पादन के महत्वपूर्ण हिस्से का निर्यात करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो अन्यथा भारत में अतिरिक्त मांग को पूरा कर सकता था।

ढ. हालांकि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में सुधार हुआ है, स्थिति नाजुक बनी हुई है, जैसा कि निम्न संचयी लाभप्रदता, घरेलू उद्योग द्वारा महत्वपूर्ण निर्यातों, चीन जन.गण. से महत्वपूर्ण आयातों से देखा जा सकता है। निर्णायक समीक्षा के मामले में, लगातार विपरीत निष्पादन को एक सतत क्षति के रूप में समझा जाना चाहिए।

ण. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट कच्चे माल की लागत में गिरावट के कारण नहीं है, क्योंकि लाभों में वृद्धि हुई है हालांकि अंशदान में कमी आई है। लाभों में वृद्धि उनकी परिवर्तन लागत को कम करने के लिए आवेदक द्वारा किए गए प्रयासों के कारण है।

त. घरेलू उद्योग लाभ अर्जित करने में सक्षम है क्योंकि शुल्क वर्धित पहुंच कीमत इसकी बिक्री कीमत से उच्च है।

थ. अप्रैल से सितंबर, 2022 की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई है और इसने वित्तीय हानियां, नकद हानियां और निवेश पर ऋणात्मक आय का सामना किया है।

द. यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो आयात कीमत उत्पादन की लागत और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना में बहुत निम्न होगी।

ध. घरेलू उद्योग के निष्पादन में केवल सुधार का अर्थ यह नहीं है कि कोई क्षति नहीं है।

न. घरेलू उद्योग के लाभों के पीछे एकमात्र कारण विचाराधीन उत्पाद के आयातों की निम्न मात्रा और इसकी स्वयं की प्रतिस्पर्धात्मकता है।

प. यदि घरेलू उद्योग को पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमतों पर प्रतिस्पर्धा के लिए विवश होना पड़ता है तो इसे संभवत: महत्वपूर्ण हानियां, नकद हानियां और निवेश पर ऋणात्मक आय अर्जित करनी पड़ सकती है।

फ. बड़ी संख्या में पिछले मामलों में घरेलू उद्योग की नाजुक प्रवृति को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने शुल्क को जारी रखने की सिफारिश की है।

ब. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के आरोपों के विपरीत, घरेलू उद्योग की नाजुक स्थिति से संबंधित दावे स्वयं आवेदन में ही किए गए थे।

भ. चूंकि बहुत से अन्य कारकों के कारण निष्पादन में वर्ष प्रति वर्ष भिन्नता हो सकती है, एक समग्र या संचित आधार पर संपूर्ण अवधि में निष्पादन का विश्लेषण किया जाना चाहिए।

म. आवेदक ने कर्मचारियों की संख्या और मजदूरी में गिरावट के कारण पाटन या क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना का दावा नहीं किया है।

य. चीन जन.गण. से उत्पादक निर्यातोन्मुखी हैं। उनके द्वारा धारित क्षमताएं वैश्विक मांग से अधिक है। उनकी क्षमताएं भारत में मांग के 40 गुणा से अधिक हैं।

कक. चीन जन.गण. से उत्पादकों के पास महत्वपूर्ण निष्क्रिय क्षमताएं हैं, जो भारत में मांग का लगभग 16 गुणा है।

खख. चीन जन.गण. में उत्पादकों ने अपनी क्षमता का विस्तार किया है और अभी भी और अधिक विस्तार की योजना बना रहे हैं।

गग. भारतीय बाजार में चीन जन.गण. से कुल निर्यातों का 7 प्रतिशत शामिल है और यह चीनी उत्पादकों के लिए तीसरी सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जो इसे एक महत्वपूर्ण बाजार बनाता है।

घघ. जहां उत्तर देने वाले उत्पादकों में से एक ने दावा किया है कि भारतीय बाजार उनके लिए महत्वपूर्ण नहीं है, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना दर्शाती है कि इस की आपूर्तियों का 87 प्रतिशत भारत को किया जाता है।

ङ.ङ. यूएसए ने चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद के आयतों पर 25 प्रतिशत तक टैरिफ में वृद्धि की है और ईयू ने विचाराधीन उत्पादों पर शुल्क लागू किया है।

चच. पाटनरोधी शुल्कों को समाप्त करना न केवल इस समय शुल्क के अधीन आयातों पर प्रभाव डालता है बल्कि इस समय जो आयात शुल्क के अधीन नहीं हैं, उन पर भी प्रभाव डालता है। लागू शुल्कों के कारण, छूट प्राप्त आयातकों से आयात और अग्रिम अधिकार-वाद के तहत आयात भी सापेक्ष रूप से ऊंची कीमत पर किए गए। तथापि, शुल्क की अनुपस्थिति में, ऐसे आयातों की कीमत को कम करने के लिए भी मजबूर होना पड़ेगा क्योंकि इस समय शुल्क के अधीन किए गए आयात ऐसे आयातों की मात्रा में कटौती करेंगे।

छछ. पाटनरोधी शुल्कों को समाप्त करने के कारण प्रवंचनाकारी उत्पाद के आयातों में कमी होगी और विचाराधीन उत्पाद के आयातों में वृद्धि होगी क्योंकि तब निर्यातकों को शुल्क की प्रवंचना करने की कोई जरूरत नहीं होगी।

जज. प्राधिकारी द्वारा विचार की गई उचित आय और संबद्ध वस्तुओं की पुनर्निवेश अर्थव्यवस्था पर विचार करते हुए, घरेलू उद्योग के निवेश पर वर्तमान आय बहुत कम है।

झझ. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के आरोपों के विपरीत, केवल घरेलू उत्पादकों की संख्या में वृद्धि का अर्थ यह नहीं है कि क्षति की कोई संभावना नहीं है।

ञञ. जहां तक इस दावे का संबंध है कि भारतीय बाजार को माल के विपथन की संभावना का कोई साक्ष्य नहीं है, इस पर जोर दिया गया कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध

सूचना बाजार के रूप में भारत के महत्व, निष्क्रिय क्षमताओं एवं टैरिफ तथा यूएसए व ईयू द्वारा शुल्कों को दर्शाती है।

टट. भारतीय उद्योग की कुल क्षमता कुल भारतीय मांग की तुलना में काफी अधिक है। यदि तीसरे देशों से आयातों द्वारा और अग्रिम अधिकार-वाद के तहत पूरी की गई मांग को हटा दिया जाता है तो यह देखा जा सकता है कि देश में पाटित आयातों का कोई कारण नहीं है।

ठठ. जैसाकि यूएस-ओसीटीजी मामले में अपीलीय निकाय द्वारा अवलोकन किया गया है, किसी निर्णायक समीक्षा जांच में संभावित पाटन और संभावित क्षति के बीच एक कारणात्मक संबंध स्थापित करने की कोई जरूरत नहीं है।

डड. घरेलू उद्योग को क्षति अन्य कारकों के कारण नहीं है।

ढढ. ताईवान से आयात संबद्ध देश से आयातों की तुलना में ऊंची कीमत पर आ रहे हैं और वियतनाम से आयात अभी हाल ही में आरंभ हुए हैं ओर उनकी मात्रा निम्न है। ऐसे आयात घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट का कारण नहीं हैं और वर्तमान मामला लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद अपर्याप्त वृद्धि का है न कि महत्वपूर्ण क्षति का। किसी भी स्थिति में, किसी नए स्रोत से पाटन मूल स्रोत पर पाटनरोधी शुल्क की वापसी का कारण नहीं है।

णण. प्रवंचनारोधी जांच *प्रथम इष्टया* संतुष्टि के पश्चात आरंभ की गई है और रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना प्रवंचना को दर्शाती है। चाहे प्रवंचना किया गया उत्पाद घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहा है, इसका अर्थ यह नहीं है कि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। कानून के अनुसार संबद्ध आयातों को क्षति के कारणों में से "एकमात्र" कारण है।

तत. ऑटोलिव के अनुरोध के विपरीत, सिर्फ इसलिए कि यह प्रवंचना में संलग्न नहीं है, यह नहीं कहा जा सकता कि इसके आयातों के कारण किसी पाटन या क्षति की संभावना नहीं है।

थथ. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, संभावना संबंधी विश्लेषण पूरे देश-वार हैं न कि किसी कंपनी विशिष्ट।

दद. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विपरीत, आवेदक ने याचिका में पीसीएन-वार सूचना तथा साथ ही पीओआई-पश्चात आंकड़े उपलब्ध कराए हैं। हालांकि, अन्य पक्षकार ऐसी सूचना उपलब्ध नहीं कराते हैं तो उन्हें असहयोगी माना जाना चाहिए।

ज.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

83. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों और साक्ष्यों को ध्यान में रखा है। प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति संबंधी विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का यहां नीचे उल्लेख किया गया है।

84. इसके अनुबंध-II के साथ पठित नियमावली के नियम 11 में यह व्यवस्था की गई है कि क्षति निर्धारण में से कारकों की जांच शामिल होगी जो घरेलू उद्योग की क्षति की ओर इंगित कर सकते हैं, ".....सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, जिन में पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनका प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों का परिणामी प्रभाव शामिल है।"

85. नियमों के तहत इस बात की आवश्यकता है कि यदि घरेलू उद्योग का निष्पादन यह दर्शाता है कि वर्तमान क्षति अवधि के दौरान इसे क्षति नहीं हुई है, तो प्राधिकारी को इस बात की जांच और निर्धारण करना चाहिए कि क्या वर्तमान शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

86. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति के संभावित पहलुओं की जांच के लिए आगे बढ़ने से पूर्व घरेलू उद्योग को वर्तमान क्षति, यदि कोई हो, की पहले जांच की है। इस बात की जांच की गई है कि क्या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में या कुल रूप में आयातों में वृद्धि हुई है या मात्रा के लगातार महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते हुए, यह जांच किया जाना अनिवार्य है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत से तुलना किए जाने पर पाटित आयातों द्वारा महत्वचपूर्ण कीमत कटौती की गई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव अन्यथा रूप से महत्वपूर्ण स्तर तक कीमतों में ह्रास किया है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव ने कीमतों में वृद्धि को नियंत्रित किया है, जो अन्यथा महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए, उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले कारक जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री आय, पाटन की मात्रा एवं मार्जिन आदि पर नियमावली के अनुबंध-II के अनुसरण में विचार किया गया है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न अनुरोधों को ध्यान में रखा है तथा रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों एवं प्रयोज्य कानूनों पर विचार करते हुए इन का विश्लेषण किया है। प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति संबंधि विश्लेषण वास्तव में पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का उल्लेख करता है।

87. इस दावे के संबंध में कि देश में अन्य घरेलू उत्पादकों के निष्पादन में सुधार हुआ है जबकि घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली के नियम 11(2) के अनुसार, प्राधिकारी द्वारा "घरेलू उद्योग की क्षति, घरेलू उद्योग को क्षति के खतरे, घरेलू उद्योग की स्थापना के लिए उल्लेखनीय मंदी का निर्धारण" किया जाना अपेक्षित है। इसलिए, क्षति का मूल्यांकन किया जाना परिभाषित घरेलू उद्योग तक सीमित होना चाहिए।

88. बहुत से अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आरोप लगाया है कि प्रवंचनाकारी उत्पाद के आयात को क्षति निर्धारण में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। प्राधिकारी ने यहां नीचे प्रवंचनाकारी उत्पादों के आयात को शामिल करके और उसके बहिष्कार, दोनों प्रकार से क्षति संबंधी जांच आयोजित की है।

89. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि चूंकि, अग्रिम प्राधिकरण के तहत अधिकतर आयात किए गए हैं और ऐसे निर्यातकों द्वारा किए गए हैं जो पाटनरोधी

शुल्कों को लागू किए जाने से छूट प्राप्त हैं, शुल्क को जारी रखने से कोई प्रयोजन पूरा नहीं होगा। प्रतिक्रिया में घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि इस समय शुल्क अदा किए गए आयातों की कीमतें अन्य आयातों की कीमतों के लिए बैंचमार्क के रूप में काम करते हैं, और शुल्क के अभाव में, ऐसे आयातों की कीमतें निम्न होंगी, जो अन्य आयातों की कीमतों पर भी दबाव सृजित करेंगी। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि जहां आयातों की वर्तमान मात्रा केवल ड्यूटी फ्री श्रेणी तक सीमित बनी हुई हैं, शुल्क को समाप्त किया जाना ऐसी स्थिति को उत्पन्न करेगा जहां उपभोक्ता पाटनरोधी शुल्क के बजाय आधारभूत सीमा शुल्क के भुगतान के बाद चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं को प्राप्त करने में समर्थ होंगे। इस प्रकार, आयातों की पहुंच कीमत में, शुल्क को समाप्त किए जाने की स्थिति में, पाटनरोधी शुल्क की राशि द्वारा कमी होगी।

1 मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

90. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ, भारत में विचाराधीन उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों तथा सभी स्रोतों से आयातों के जोड़ के रूप में परिभाषित किया है। मांग के आकलन के लिए, चीन जन.गण. से प्रवंचनाकारी उत्पाद की मात्रा पर भी प्रवंचनारोधी जांचों में जारी किए गए अंतिम जांच परिणामों के अनुसार विचार किया गया है। इस प्रकार आकलन की गई मांग नीचे सारणी में दी गई है:-

विवरण	यूनिट	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2021-22 (पाटित आयात
आवेदक की बिक्रियां	मी.टन	***	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृत्ति	100	99	115	119	119
अन्य उत्पादकों की बिक्रियां	मी.टन	***	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृत्ति	100	121	110	146	146
संबद्ध आयात	मी.टन	4,048	8,503	11,495	11,659	11,365
संबद्ध आयात - गैर-पाटित	मी.टन					***
प्रवंचनाकारी आयात	मी.टन	218	1,599	3,222	6,768	6,768
अन्य आयात	मी.टन	4,354	2,969	4,331	4,815	4,815

प्रवंचनाकारी उत्पादों सहित मांग	मी.टन	30,778	37,234	44,074	52,226	52,226
प्रवंचनाकारी उत्पादों को शामिल न की गई मांग	मी.टन	30,560	35,635	40,851	45,458	45,458

91. यह देखा गया है कि समय के साथ संबद्ध वस्तुओं की मांग उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। तथापि, संबद्ध आयातों की वृद्धि कहीं ज्यादा है। जहां मांग में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है वहीं आयातों में 181% की वृद्धि हुई है।

92. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीओआई के दौरान भारत में स्थापित क्षमताएं 52,226 मी.टन से अधिक की स्थापित मांग की तुलना में ***मी.टन थी। इसलिए, देश में कोई मांग-आपूर्ति अंतर नहीं है।

2. <u>पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव</u>

93. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी द्वारा यह विचार किया जाना अपेक्षित है कि क्या या तो कुल रूप में या भारत में उत्पादन अथवा खपत के सापेक्ष, पाटित आयातों की मात्रा में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस के अधिप्राप्त सौदेवार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की आयात मात्रा और पाटित आयातों का हिस्सा निम्नानुसार है:

विवरण	**यूनिट**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2021-22 (पाटित आयात**
संबद्ध आयात पीयूसी	मी.टन	4,048	8,503	11,495	11,659	11365
संबद्ध आयात -गैर पाटित पीयूसी	मी.टन					***
प्रवंचनाकारी आयात पीयूआई	मी.टन	218	1,599	3,222	6,768	6,768
अन्य आयात	मी.ट	4,354	2,969	4,331	4,815	4,815

	न					
कुल आयात	मी.टन	8,620	13,070	19,049	23,242	23,242
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात (पीयूसी)						
भारतीय उत्पादन	%	9%	23%	33%	26%	25%
भारतीय खपत	%	13%	23%	26%	22%	22%
कुल आयात	%	47%	65%	60%	50%	49%
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात (पीयूआई)						
भारतीय उत्पादन	%	1%	4%	9%	15%	15%
भारतीय खपत	%	1%	4%	7%	13%	13%
कुल आयात	%	3%	12%	17%	29%	29%

94. आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने जोर दिया है कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों का एक महत्वपूर्ण भाग पर या तो अग्रिम प्राधिकरण के तहत किए जाने के कारण या मौजूदा पाटनरोधी शुल्कों के अधीन नहीं आने वाले निर्यातकों से आयातों के कारण वर्तमान पाटनरोधी शुल्कों से छूट दी गई है। प्राधिकारी ने इसकी जांच की है और विचाराधीन उत्पाद के आयातों का विवरण निम्नानुसार है:-

विवरण	यूनिट	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
एए के तहत आयात	मी.टन	3,136	6,519	10,044	8,784
छूट प्राप्त निर्यातकों से आयात	मी.टन	717	1,722	1,030	2,097
अन्य आयात	मी.टन	196	262	421	778
कुल	मी.टन	4,048	8,503	11,495	11,659

95. यह देखा गया है कि:-

क. इस अवधि में पीयूसी के आयातों की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ख. समान अवधि के दौरान प्रवंचनाकारी उत्पाद की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ग. जहां विचाराधीन उत्पाद के आयातों में भी वृद्धि हुई है, ऐसे आयातों का महत्वपूर्ण भाग या तो अग्रिम प्राधिकरण के तहत किया गया है या ऐसे निर्यातकों से किया गया है जो पाटनरोधी शुल्कों के दायरे से छूट प्राप्त हैं।

घ. शुल्क अदा किए गए आयात विचाराधीन के आयातों का केवल 7 प्रतिशत और भारत में कुल संबद्ध आयातों का 4 प्रतिशत ठहरता है। इसके विपरीत, कथित प्रवंचनाकारी उत्पादों के आयात भारत में कुल संबद्ध आयातों के 37 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं।

ड. इस प्रकार, शुल्क को लागू किए जाने के परिणाम स्वरूप, ड्यूटी-फ्री आयातों में कमी हुई है और इसके बजाय प्रवंचनाकारी उत्पाद के आयातों में वृद्धि के जरिए शुल्कों की कथित प्रवंचना की गई थी।

च. इस अवधि में उत्पादन और खपत के संबंध में आयातों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

छ. कुल आयातों में संबद्ध आयातों के हिस्से में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

96. कुछ पक्षकारों ने आरोप लगाया है कि मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण आयातों में वृद्धि हुई है। तथापि, घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना दर्शाती है कि समग्र रूप में घरेलू उत्पादकों की क्षमता (***मी.टन) देश की मांग की तुलना में अधिक है। इसके अलावा, अन्य सोतों से आयातों ने भी बाजार हिस्सा खोया है, क्योंकि मांग में वृद्धि के बावजूद, उनकी मात्रा सापेक्ष रूप से स्थिर बनी हुई हैं।

3. <u>पाटित आयतों का कीमत प्रभाव</u>

97. नियमावली के अनुबंध-II (ii) के संदर्भ में, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी द्वारा यह विचार किए जाने की जरूरत है कि क्या भारत में समान उत्पाद

की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा महत्वपूर्ण कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से अन्यथा रूप से महत्वपूर्ण सीमा तक कीमतों में ह्रास किया है या कीमतों में वृद्धि को नियंत्रित किया है जो अन्यथा महत्वपूर्ण सीमा तक बढ़ गई होती। इस संबंध में, संबद्ध देश से आयातों की पहुंच कीमत की संबद्ध वस्तुओं के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिक्री आय के साथ तुलना की गई है।

क. कीमत कटौती

98. कीमत में कटौती का निर्धारण करने के लिए, सभी छूटों और करों को छोड़कर, व्यापार के समान स्तर पर उत्पाद के पहुंच मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत, के बीच तुलना की गई है। घरेलू उद्योग की कीमतें कारखाना द्वार स्तर पर निर्धारित की गई थीं। उचित तुलना सुनिश्चित करने के लिए, प्राधिकारी ने पीसीएन-वार कीमत कटौती की गणना की है ।

विवरण	इकाई	पीयूसी	पीयूआई	कुल
कीमत कटौती	₹/मी.ट.	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***
कीमत कटौती	रैंज	0-10	5-15	0-10

99. यह देखा गया है कि जांच की अवधि में संबद्ध देश के लिए कीमत कटौती विचाराधीन उत्पाद और कथित रूप से प्रवंचना वाले उत्पाद, दोनों के लिए सकारात्मक है ।

ख. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

100. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या संबंधित आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को काफी हद तक कम कर दिया है या कीमत वृद्धि को रोक दिया है जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में होती, घरेलू उद्योग द्वारा लागत और कीमतों में परिवर्तन के लिए दी गई सूचना क्षति अवधि के दौरान वांछित प्रभाव देखने के लिए पहुंच मूल्य के साथ तुलना की गई है। तथापि, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि बिक्री कीमत में गिरावट का

कारण उसकी अपनी क्षमताएं हैं । तदनुसार, प्राधिकारी ने अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत की प्रवृत्ति के साथ बिक्री मूल्य की प्रवृत्ति की तुलना भी की है ।

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	89	73	87
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	80	75	92
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	1,28,290	1,05,527	86,975	1,17,532
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	82	68	92
पहुंच कीमत (एडीडी सहित)	₹/मी.ट.	1,65,269	1,42,460	1,26,674	1,56,707
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	116	130	105

101. यह देखा गया है कि बिक्री की लागत और बिक्री कीमत दोनों की अवधि में गिरावट आई है, लेकिन बिक्री की लागत में गिरावट अधिक है ।

4. घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

102. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में उन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में नियमावली में यह भी उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा। घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच यह दर्शाती है कि घरेलू

उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति संबंधी मानदंडों की निम्नलिखित रूप में चर्चा की गई है:

क. उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

103. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है:

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
क्षमता	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	100	79	79
उत्पादन - पीयूसी	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	78	83	93
उत्पादन - संयंत्र	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	83	81	94
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	83	103	120
घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	99	115	119
निर्यात बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	71	67	69

104. प्राधिकारी नोट करते हैं कि :

क. इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता कम हो गई है, क्योंकि उसने हजीरा स्थित अपने एक संयंत्र को बंद कर दिया है ।

ख. पहले एक संयंत्र के बंद होने के कारण घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में गिरावट आई, लेकिन उसके बाद इसमें वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप, क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है।

ग. घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्रियों में कमी आई है । तथापि, घरेलू उद्योग ने अभी भी अपनी कुल मात्रा का **% निर्यात किया है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि आयात और पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना के कारण घरेलू बाजार में अपने उत्पाद की मांग में कमी के कारण ही उसे निर्यात करने हेतु विवश होना पड़ा है ।

ख. बाजार हिस्सा

105. पाटित आयातों और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से की निम्नानुसार जांच की गई है:

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
आवेदक की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	82	80	70
अन्य उत्पादकों की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	100	77	86
संबद्ध आयात	%	14%	27%	33%	35%
-पीयूसी (पाटित)	%	13%	23%	26%	22%
-पीयूआई	%	1%	4%	7%	13%
पीयूसी के अपाटित आयात	%				1%
अन्य आयात	%	14%	8%	10%	9%
मांग	%	100%	100%	100%	100%

106. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, समग्र रूप से भारतीय उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट के साथ-साथ घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है। इस अवधि के दौरान अन्य आयातों के बाजार हिस्से में भी गिरावट आई है ।

ग. मालसूची

107. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
प्रारंभिक स्टॉक	मी.ट.	***	***	***	***
अंतिम स्टॉक	प्रवृति	***	***	***	***
औसत मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	104	45	23

108. यह देखा गया है कि इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में कमी आई है

घ. लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

109. क्षति अवधि के दौरान लाभ, लगाई गई पूंजी पर आय और घरेलू उद्योग का नकद लाभ नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	89	73	87
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	80	75	92
लाभ / (हानि)	₹/मी.ट.	***	(***)	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	(1,131)	410	718
लाभ / (हानि)	₹ लाख	***	(***)	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	(1,119)	472	853
नकद लाभ	₹ लाख	***	(***)	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	(63)	140	182
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	(***)	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	(260)	356	351

110. 2018-19 में घरेलू उद्योग का लाभ निम्न का स्तर था। 2019-20 में घरेलू उद्योग के लाभ में गिरावट आई, लेकिन उसके बाद इसमें सुधार हुआ है ।

111. घरेलू उद्योग के नकद लाभ और लगाई गई पूंजी पर प्रतिलाभ ने उसी प्रवृत्ति का पालन किया है जैसा कि लाभ ने किया है। 2019-20 के बाद इन मापदंडों में सुधार हुआ है ।

ङ. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

112. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जांच की है, जैसा कि नीचे दिया गया है:

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
कर्मचारियों की संख्या	सं.	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	91	73	65
वेतन तथा मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	95	92	87
प्रति दिवस उत्पादकता	मी.ट./दिन	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	78	83	93
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट./दिन	***	***	***	***
सूचीबद्ध	प्रवृति	100	85	112	144

113. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान क्षमता में गिरावट के साथ कर्मचारियों की संख्या और भुगतान किए गए वेतन में गिरावट आई है। हालांकि, घरेलू उद्योग की उत्पादकता में 2019-20 तक गिरावट आई और उसके बाद काफी वृद्धि हुई है ।

च. वृद्धि

114. प्राधिकारी ने मात्रा और कीमत मानकों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि को निम्नानुसार पाया है :

विवरण	इकाई	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
क्षमता	%	-	-	-21	-
उत्पादन	%	-	-22	6	13
घरेलू बिक्री	%	-	-1	16	3
लाभ/(हानि) प्रति इकाई	%	-	-1,231	136	75
नकद लाभ	%	-	-164	290	26
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	-360	237	-1

115. वर्ष 2019-20 में घरेलू उद्योग की नकारात्मक वृद्धि हुई और उसके बाद सकारात्मक वृद्धि हुई ।

छ. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

116. इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मानदंडों में सुधार हुआ है। तथापि, घरेलू उद्योग ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि उत्पाद में और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लाभप्रदता पर्याप्त नहीं है । घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि यदि किसी ग्रीनफील्ड निवेश को छोड़ दिया जाए तो वर्तमान लाभ किसी ब्राउनफील्ड नए निवेश को उचित नहीं ठहरा सकता है ।

विवरण	इकाई	2021-22
जरूरी निवेश	₹/मी.ट.	***
घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित ब्याज से पहले लाभ	₹/मी.ट.	***
वर्तमान लाभ पर विचार करते हुए निवेश पर आय	%	***%

ज. कीमत को प्रभावित करने वाले कारक

117. घरेलू उद्योग ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि वर्तमान में, आयातों का भुगतान किया गया शुल्क उसकी अपनी बिक्री कीमत से अधिक है। तथापि, विचाराधीन उत्पाद का आयात शुल्क के अभाव में, घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती करेगा। इस प्रकार, ऐसी स्थिति में, आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव पड़ने की संभावना है ।

झ. पाटन मार्जिन

118. यह देखा गया है कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भारत में संबद्ध वस्तुओं का निरंतर पाटन हो रहा है। इसके अलावा, पाटन मार्जिन काफी अधिक है।

झ. <u>कारणात्मक संबंध और गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

119. निर्णायक समीक्षा में कारणात्मक संबंध या गैर-आरोपण विश्लेषण अनिवार्य नहीं है। तथापि, अपनाई गई प्रथा के अनुसार, प्राधिकरी ने, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित आयातों के अलावा किन्हीं ज्ञात कारकों की जांच की है, जो उसी समय घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचा रहे हैं, ताकि इन अन्य कारकों के कारण होने वाली क्षति को क्षति के लिए पाटित किए गए आयात जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकें। इस संबंध में जो कारक प्रासंगिक हो सकते हैं, उनमें अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित कीमतों पर नहीं बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमतें, मांग में संकुचन या खपत खपत की पद्धति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा, विकास शामिल हैं। प्रौद्योगिकी और निर्यात प्रदर्शन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता में नीचे इसकी जांच की गई है कि क्या पाटित आयातों के अलावा अन्य कारकों का घरेलू उद्योग को हुई क्षति में योगदान हो सकता है:

क. तीसरे देशों से आयातित मात्रा तथा कीमतें

120. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध आयातों के अलावा ताइवान और वियतनाम से काफी आयात हुए हैं। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग को ऐसे आयातों के कारण क्षति हुई है न कि संबद्ध आयातों के कारण । आवेदक ने तर्क दिया

है कि ताइवान से आयात कीमत अधिक है जबकि वियतनाम से आयात हाल ही में शुरू हुआ है और ये निर्यात एक चीन के उत्पादक से संबद्ध निर्यातक द्वारा किया गया है ।

ख. मांग में संकुचन

121. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में लगातार वृद्धि हुई है।

ग. खपत की पद्धति

122. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तुओं की खपत की पद्धति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है ।

घ. प्रतिस्पर्धा की स्थिति एवं व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

123. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच में यह नहीं दर्शाया गया है कि घरेलू उद्योग को क्षति की संभावना के दावे के लिए प्रतिस्पर्धा की स्थितियां या व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं जिम्मेदार हैं। कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग को क्षति परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है ।

ङ. तकनीकी में विकास

124. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

च. उत्पादकता

125. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

छ. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

126. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यहां ऊपर जांच की गई क्षति संबंधी सूचना केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन से संबंधित है।

ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन

127. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध वस्तुओं के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर विचार किया है।

झ. <u>क्षति मार्जिन का परिमाण</u>

128. प्राधिकरी ने घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत का निर्धारण अनुबंध III के साथ पठित नियमों में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर किया है। जांच अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर विचाराधीन उत्पाद की क्षति रहित कीमत का निर्धारण किया गया है। क्षति मार्जिन की गणना करने के लिए संबद्ध देश से पहुंच मूल्य की तुलना करने के लिए क्षति रहित कीमत पर विचार किया गया है। क्षति रहित कीमत निर्धारित करने के लिए क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्चे माल के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। उपयोगिताओं के साथ एक ही व्यवहार किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है । यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय नहीं लगाया गया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (अर्थात् औसत शुद्ध अचल संपत्ति और औसत कार्यशील पूंजी) पर एक उचित आय (पूर्व-कर @ 22%) को पूर्व-कर लाभ के रूप में क्षतिरहित कीमत पर पहुंचने के लिए निर्धारित किया गया था। नियमों का अनुबंध III और पालन किया जा रहा है ।

129. प्राधिकारी द्वारा ऊपर निर्धारित पहुंच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण किया गया है और उसे नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र. सं.	देश	उत्पादक का नाम	एनआईपी अम.डॉ. प्रति किग्रा.	पहुंच मूल्य अम.डॉ. प्रति किग्रा.	क्षति मार्जिन अम.डॉ. प्रति किग्रा.	क्षति मार्जिन %	रेंज
1	चीन	झेजियांग गुयांगडाओ पॉलिएस्टर डोप डायड यार्न कं. लि.	***	***	***	***	10-20%
2	चीन	ओरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लि.	***	***	***	***	0-10%
3	चीन	हायोसंग कैमिकल फाइबर (जियानजिंग) कं. लि.	***	***	***	***	(10-20)%
4	चीन	जियांगशू हैंगली कैमिकल फाइबर कं. लि.	***	***	***	***	10-20%
5	चीन	झेजियांग यूनिफल इंडस्ट्रियल फाइबर कं. लि. - टोटल	***	***	***	***	0-10%
6	चीन	अन्य सभी	***	***	***	***	20-30%

ट. <u>पाटन और क्षति के जारी रहने तथा उसकी पुनरावृति की संभावना</u>

130. प्राधिकारी ने पाया है कि यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है और इस जांच का केन्द्र बिन्दु निरंतर पाटन और परिणामी क्षति के संभावित परिदृश्य की जांच करना है, यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त करने की अनुमति दी जाए, भले ही कोई वर्तमान क्षति न हो। इसके लिए इस बात पर भी विचार करने की आवश्यकता है कि क्या लगाया गया

शुल्क क्षतिरहित पाटन को खत्म करने के उद्देश्य को पूरा कर रहा है। इस संबंध में, ईसी - फुटवियर में डब्ल्यूटीओ पैनल ने पाया कि-

"मूल पाटनरोधी जांच में, जांच अधिकारियों को यह निर्धारित करना चाहिए कि पाटित किए गए आयातों से किसी सदस्य के घरेलू उद्योग को वास्तविक रूप से क्षति हुई है या नहीं। इस स्तर पर, दृढ़ संकल्प के समय "सामग्री क्षति" के अस्तित्व पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कुछ पिछली अवधि के लिए आवश्यक और प्रासंगिक कारकों से संबंधित जानकारी के आधार पर यह निर्धारण अनुच्छेद 3 के तहत किया जाता है। इसके विपरीत, समाप्ति की समीक्षा में, कुछ समय के लिए एक पाटनरोधी उपाय किया गया है, और जांच अधिकारियों को एक नए विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित करना चाहिए कि क्या उस उपाय की समाप्ति से क्षति की निरंतरता या पुनरावृत्ति होने की संभावना होगी। " ।

131. इस प्रकार, निर्णायक समीक्षा जांच में, प्राधिकारी को यह विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि क्या किसी उपाय को रद्द करने से मूल जांच में क्षति के निर्धारण के विपरीत, घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता या पुनरावृत्ति होने की संभावना है। माननीय सेस्टेट द्वारा पी.टी. असाहिमास केमिकल्स बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी, वित्त मंत्रालय [2015 (328) ई.एल.टी. 417 (त्रि. - डेल.)], जिसमें यह निर्दिष्ट किया गया था -

"10. जहां तक क्षति निर्धारण का संबंध है, यदि पाटनरोधी शुल्क का वांछित प्रभाव होता, तो घरेलू उद्योग की स्थिति में पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने की अवधि के दौरान सुधार होने की आशा की जाती। <u>इसलिए, मूल्यांकन किया कि क्या क्षति जारी रहेगी या फिर से होगी, के लिए पाटित आयातों के अनुमानित स्तरों, कीमतों और घरेलू उत्पादकों पर प्रभाव के आधार पर भविष्य की घटनाओं का प्रतितथ्यात्मक विश्लेषण करना होगा। इस प्रकार डी.ए. को इस प्रश्न का समाधान करना है कि यदि शुल्क समाप्त कर दिए जाते हैं तो क्या घरेलू उद्योग को फिर से भारी क्षति होने की संभावना है ।</u>

11.पूर्वोक्त कानूनी स्थिति के आलोक में, हमारा विचार है कि जिस प्रश्न का समाधान किया जाना है वह यह नहीं है कि क्या वर्तमान पाटन है, बल्कि यह है कि क्या शुल्क को वापस लेने से पाटन और क्षति की पुनरावृति होगी ।

132. इसलिए, निर्णायक समीक्षा जांच के मामले में, प्राधिकारी को यह विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि क्या मौजूदा उपायों की समाप्ति की स्थिति में पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना मौजूद है।

133. प्राधिकारी के ध्यान में लाए गए सभी कारकों की यह निर्धारित करने के लिए जांच की गई है कि क्या शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन या क्षति के जारी रहने या पुनरावृति की संभावना है। प्राधिकारी ने पाटन या क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृति की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई विभिन्न सूचनाओं पर विचार किया है ।

134. इस तरह की संभावना विश्लेषण करने के लिए कोई विशिष्ट पद्धति उपलब्ध नहीं है। हालांकि, नियमों के अनुबंध II का पैरा (vii) अन्य बातों के साथ-साथ उन कारकों के लिए प्रदान किया गया है जिन पर विचार किया जाना आवश्यक है, जैसे:

i. भारत में पाटित आयातों में वृद्धि की एक महत्वपूर्ण दर आयात में पर्याप्त रूप से वृद्धि की संभावना को दर्शाती है ।

ii. किसी भी अतिरिक्त निर्यात को अवशोषित करने के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, भारतीय बाजारों में पर्याप्त रूप से बढ़े हुए पाटित निर्यात की संभावना का संकेत देते हुए निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त रूप से मुक्त रूप से डिस्पोजेबल, या एक आसन्न, पर्याप्त वृद्धि;

iii. क्या आयात उन कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनका घरेलू कीमतों पर महत्वपूर्ण ह्रास या न्यूनीकरण प्रभाव पड़ेगा और इससे और आयातों की मांग में वृद्धि होने की संभावना है; और

iv. लेख की सूची की जांच की जा रही है

135. इसके अलावा, प्राधिकरी ने अन्य प्रासंगिक कारकों की भी जांच की है जिनका घरेलू उद्योग को पाटन और परिणामी क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना पर असर पड़ता है। संभावना के मापदंडों की परीक्षा इस प्रकार है।

क. मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद निरंतर पाटन

136. प्राधिकारी नोट करते हैं कि लागू शुल्कों के बावजूद संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का लगातार और महत्वपूर्ण पाटन हो रहा है। शुल्कों के अस्तित्व के दौरान निरंतर पाटन, पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन के जारी रहने की संभावना को इंगित करता है।

ख. लागू शुल्कों का उल्लंघन (Circumvention of the duties in force)

137. 31 मार्च 2023 के अंतिम जांच परिणाम से पता चलता है कि उत्पाद के नाम, विवरण या संरचना में परिवर्तन के माध्यम से कर्तव्यों को दरकिनार किया जा रहा था। इसके अलावा, पूर्व में स्थापित सामान्य मूल्य के संबंध में कपटपूर्ण उत्पाद को पाटित पाया गया था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि लागू शुल्कों में हेराफेरी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में बढ़े हुए पाटन और आयात की मात्रा की संभावना को दर्शाती है, और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

ग. पाटनरोधी शुल्कों के बावजूद आयातों में वृद्धि

138. आवेदक ने निवेदन किया है कि आयात की मात्रा में वृद्धि और वृद्धि की संभावना दर्शाती है। प्राधिकारी ने शुल्क लगाने से पहले और बाद में आयात की मात्रा पर विचार किया है। रुझान निम्नानुसार प्रकट होते हैं ।

वर्ष		शुल्क के लिए संबद्ध पीयूसी	प्रवंचित उत्पाद (पीयूआई)
2013-14	मूल जांच की क्षति अवधि	5,903	-
2014-15		7,087	-
2015-16		9,092	-

2016-17		13,412	-
2018-19	वर्तमान क्षति अवधि	4,048	218
2019-20		8,503	1,599
2020-21		11,495	3,222
2021-22		11,659	6,768

139. यह देखा गया है कि शुल्क लगाने के बाद 2018-19 में आयात में गिरावट आई है। तथापि, उसके बाद आयातों में फिर से वृद्धि हुई है और अब यह मूल जांच की जांच अवधि के दौरान की तुलना में अधिक है । देश में मांग-आपूर्ति में कोई अंतर नहीं होने के बावजूद आयात में वृद्धि देखी गई है।

घ. तीसरे देश से पाटन और तीसरे देश से क्षतिरहित आयात

140. प्राधिकारी ने तीसरे देशों को निर्यात के संबंध में सूचना की जांच की है, जैसा कि निर्यातक द्वारा प्रदान किया गया है। इससे पता चलता है कि तीसरे देशों को 85-95% निर्यात पाटित कीमतों पर होता है, जिसमें औसत पाटित मार्जिन 30-40% होता है। इसके अलावा, 80-90% निर्यात क्षतिकारक कीमतों पर होता है जिसका औसत कीमत क्षति रहित कीमत से 10-20% कम होता है।

विवरण	इकाई	प्रतिक्रिया के अनुसार
तीसरे देशों को कुल आयात	मी.ट.	***
तीसरे देशों को पाटित निर्यात	मी.ट.	***
कुल पाटित निर्यातों का हिस्सा	%	85-95%
भारतीय मांग	मी.ट.	***
भारतीय मांग के संबंध में पाटित निर्यात	%	250-300%
पाटन मार्जिन	%	25-35%
क्षतिरहित कीमतों पर निर्यात	मी.ट.	***

कुल पाटित निर्यातों का हिस्सा	%	80-90%
भारतीय मांग के संबंध में क्षतिरहित मात्रा	%	250-300%
क्षति मार्जिन	%	15-25%

सोत- भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा दायर उत्तर

141. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि पाटित और क्षतिपूर्ण आयातों की मात्रा भारतीय मांग के संबंध में काफी अधिक है ।

ड. संबद्ध देशों में उत्पादकों द्वारा धारित महत्वपूर्ण निर्यात योग्य क्षमताएं

142. घरेलू उद्योग ने पीसीआई वुड मैकेंज़ी रेडबुक शीर्षक से एक बाजार अनुसंधान रिपोर्ट प्रदान की है जिसमें संबद्ध देश में क्षमता, उत्पादन और मांग के बारे में जानकारी शामिल है। रिपोर्ट में समग्र रूप से औद्योगिक धागे के उत्पादन और मांग के संबंध में जानकारी शामिल है। आवेदक ने % औद्योगिक यार्न क्षमता के रूप में एचपीटीवाई के लिए क्षमता की गणना की थी, और एचपीटीवाई के उत्पादन और मांग की गणना करने के लिए इसे कुल उत्पादन और मांग पर लागू किया था। तथापि, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा बिना कोई अन्य प्रतिसाक्ष्य प्रदान किए इस पर विवाद किया गया है। प्रति साक्ष्य के बिना अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे के बावजूद, प्राधिकारी ने निर्यात योग्य क्षमताओं और निष्क्रिय क्षमताओं को निर्धारित करने के लिए आवेदक द्वारा दावा किए गए एचटीपीवाई के उत्पादन और मांग के साथ-साथ कुल मांग और उत्पादन पर विचार किया है।

विवरण	**आवेदक द्वारा किए गए दावे के अनुसार ('000 मी.ट.)**	**विचाराधीन कुल उत्पादन और मांग ('000 मी.ट)**
क्षमता	2,299	2,299
चीन जन.गण. में मांग	857	1,269
निर्यात के लिए क्षमता (निर्यात योग्य)	1,442	1,030
उत्पादन	1,169	1,730

निष्क्रिय क्षमताएं	857	569
भारत में मांग	52.23	52.23
भारतीय मांग के संबंध में निर्यात योग्य क्षमता	2761%	1972%
भारतीय मांग के संबंध में निष्क्रिय क्षमता	1641%	1089%

स्रोत - पीसीआई वुड मेकेंजी रिपोर्ट

143. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश में उत्पादकों के पास घरेलू मांग से अधिक महत्वपूर्ण उत्पादन क्षमताएं हैं, जिनका शुल्कों के अभाव में भारत को निर्यात के लिए उपयोग किए जाने की संभावना है ।

144. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी इस बात पर जोर दिया है कि निर्यात योग्य और निष्क्रिय क्षमताओं का निर्धारण प्रतिवादी उत्पादकों द्वारा दाखिल किए गए उत्तर के आधार पर किया जाना चाहिए। जबकि प्राधिकारी नोट करते हैं कि संभावना जांच देश-विशिष्ट है, यह नोट किया जाता है कि भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा दाखिल किए गए उत्तर महत्वपूर्ण अतिरिक्त क्षमता दर्शाते हैं।

विवरण	**दायर जवाबों के अनुसार ('000 मी.ट) - पीओआई के लिए**
क्षमता	***
घरेलू बिक्री	***
निर्यात के लिए औसत क्षमता	***
उत्पादन	***
निष्क्रिय क्षमताएं	***
भारत में मांग	***
भारतीय मांग के संबंध में निर्यात योग्य क्षमताएं	1550-1650%
भारतीय मांग के संबंध में निष्क्रिय क्षमताएं	200-225%

स्रोत - भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा दायर प्रतिक्रियाएं

145. इस प्रकार यह देखा गया है कि यदि भाग लेने वाले उत्पादकों की प्रतिक्रियाओं के अनुसार आंकड़ों पर विचार किया जाता है, तो चीन जन. गण. में अतिरिक्त क्षमता भारतीय मांग से बहुत अधिक है।

च. चीनी उत्पादकों द्वारा जुटाई गई क्षमता

146. घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना यह दर्शाती है कि चीन जन.गण. के उत्पादकों (नामत: झेजियांग सेनवाई और झेजियांग शुआंगफेंग) ने लगभग 230000 मी.ट तक क्षमता बढ़ाई है और 250,000 एमटी तक क्षमता अभिवृद्धि की आगे योजना बना रहे हैं (नामत: जियांगशु हेंगली कैमिकल फाइबल कं. लि. और झेजियांग किंग्सवे) ।जियांगसू हेंगली केमिकल फाइबर कंपनी लिमिटेड ने भी औद्योगिक यार्न के 1,400,000 मीट्रिक टन का विस्तार करने की योजना प्रकट की है ।

छ. विचाराधीन उत्पाद की मालसूचियां

147. प्राधिकारी ने निर्यातकों द्वारा धारित विचाराधीन उत्पाद की सूची के रुझानों की भी जांच की है। चूंकि दो निर्यातकों, ओरिएंटल इंडस्ट्रीज और झेजियांग गुक्सियांडो ने मालसूची सूचना प्रदान नहीं की थी, इसलिए उसका निर्माण बिक्री घटाकर उत्पादन के आधार पर किया गया था। इसके अलावा, चूंकि जियांगसू हेंगली ने जांच की अवधि के संबंध में सूचना प्रस्तुत नहीं की, इसके बजाय 2021 की सूचना पर विचार किया गया। प्राधिकारी इस संबंध में निम्नानुसार नोट करते हैं ।

	2019	2020	POI
निर्यातकों द्वारा धारित कुल मालसूची	100	102	172
उत्पादन के दिनों की संख्या की मालसूची	100	96	137
भारतीय मांग के % के अनुसार मालसूची*	100-150%	100-150%	100-150%

*2019-20, 2020-21 और जांच की अवधि के लिए ली गई मांग

स्रोत- भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा दाखिल जवाब

148. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातकों के पास महत्वपूर्ण माल है, मालसूची की मात्रा में वृद्धि हुई है, मालसूची धारण अवधि में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, चीन जनवादी गणराज्य के उत्पादकों के पास मालसूची का भारतीय मांग की तुलना में बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ज. अन्य देशों द्वारा किए गए उपाय

149. आवेदक ने इस बात पर भी जोर दिया है कि निर्यातकों को न केवल भारत में, बल्कि यूरोपीय संघ में भी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। यूरोपीय संघ ने जून 2022 में 5.1% से 5.3% की सीमा में पाटनरोधी शुल्क लगाया। इसके अलावा, यूएसए ने संबद्ध वस्तुओं के निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि यूरोपीय संघ और यूएसए द्वारा विचार किए गए उत्पाद का दायरा वर्तमान जांच के दौरान की तुलना में व्यापक है । तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह तथ्य कि चीन के उत्पादकों को उत्पाद की बड़े पैमाने पर इन उपायों का सामना करना पड़ रहा है, जो न केवल विचाराधीन उत्पाद के लिए बल्कि समान उत्पादन सुविधाओं को साझा करने वाले अन्य उत्पादों के लिए भी बाजार में हानि का संकेत देता है।

झ. भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता

150. प्राधिकारी ने निर्यातकों द्वारा दाखिल किए गए जवाबों के अनुसार भारतीय बाजार के कीमत आकर्षण की भी जांच की है। सहयोगी उत्पादकों की प्रतिक्रिया के आधार पर देश में आयात की कीमत के साथ तीसरे देशों को निर्यात की कीमत की तुलना करके इसकी जांच की गई है। इसके अलावा, तुलना पीसीएन-वार आधार पर की गई है, जहां निर्यातकों द्वारा इस तरह से सूचना प्रदान की गई थी। जहां निर्यातक ने पीसीएन-वार सूचना प्रदान नहीं की है, वहां प्राधिकरण ने औसत कीमत से तुलना की है।

विवरण	इकाई	प्रतिक्रिया के अनुसार

तीसरे देशों को कुल आयात	मी.ट.	***
भारत में कीमत स कम कीमत पर निर्यात	मी.ट.	***
कुल में इस तरह निर्यात हिस्सा	%	75-85

स्रोत: भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा दाखिल उत्तर

151. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत निर्यातकों के लिए एक कीमत आकर्षक बाजार है, जिसमें 80% निर्यात भारतीय बाजार की कीमत से कम कीमत पर किया जाता है ।

ञ. घरेलू उद्योग का पीओआई के पश्चात निष्पादन

152. इस संबंध में विभिन्न पक्षों द्वारा किए गए निवेदनों के अनुसरण में, घरेलू उद्योग ने अप्रैल से सितंबर 2022 की अवधि के लिए अपने लिखित निवेदनों के साथ अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया। चूंकि सूचना लिखित निवेदनों के साथ दाखिल की गई थी, इसलिए उसकी एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई गई थी और कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने उस पर टिप्पणियां प्रस्तुत की थीं, प्राधिकरण ने इस सूचना की भी जांच की थी। जानकारी इस प्रकार दिखाती है।

विवरण	**इकाई**	**पीओआई**	**पश्च पीओआई**	**परिवर्तन**
आयात मात्रा	मी.ट.	20,945	14,348	-31%
पहुंच कीमत	₹/ मी.ट.	1,11,255	1,37,907	24%
कीमत कटौती	%	5-15%	0-10%	-91%
आयातों का बाजार हिस्सा	%	25%	16%	-36%
उत्पादन	मी.ट.	***	***	-1%
घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	-12%
क्षमता उपयोग	%	***	***	-1%
बिक्री कीमत	₹/ मी.ट.	***	***	14%
बिक्री की लागत	₹/ मी.ट.	***	***	29%

लाभ / (हानि)	₹/ मी.ट.	***	(***)	-223%
लाभ / (हानि)	₹/ लाख	***	(***)	-209%
नकद लाभ	₹/ लाख	***	(***)	-137%
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	(***)	-162%

153. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि जांच की अवधि के बाद की ऐसी सूचना पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए और घरेलू उद्योग की स्वयं की अक्षमता के कारण बिक्री की लागत में वृद्धि के कारण नुकसान हुआ है। हालांकि, इन हितबद्ध पक्षकारों ने अक्षमता के ऐसे दावे का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया है।

क्षति और पाटन तथा क्षति की संभावना पर समग्र निष्कर्ष

154. उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकरण का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में लागू एंटी-डंपिंग शुल्क और घरेलू उद्योग द्वारा अपनी रूपांतरण लागत को कम करने के प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्रा और मूल्य दोनों मापदंडों में सुधार हुआ है। वर्तमान क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति नहीं हुई है। तथापि, शुल्कों के प्रवंचना ने शुल्क के उपचारात्मक प्रभाव को कम कर दिया है जैसा कि सकारात्मक कीमत कटौती, बाजार हिस्सेदारी में गिरावट और घरेलू उद्योग की कम लाभप्रदता से स्पष्ट है। घरेलू उद्योग की स्थिति नाजुक है।

155. प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि पाटन के जारी रहने और घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृति होने की संभावना के साक्ष्य हैं । जांच की वर्तमान अवधि के दौरान भी संबद्ध वस्तुओं का पाटन जारी रहा है । शुल्क की वर्तमान प्रवंचना, शुल्क की समाप्ति के मामले में सकारात्मक कीमत कटौती के साथ युग्मित, अतिरिक्त क्षमता, संबद्ध देश में मालसूची, तीसरे देशों द्वारा लगाए गए व्यापार उपचार उपाय, चीनी उत्पादकों का निर्यात उन्मुखीकरण, तीसरे में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन देशों के निर्यात, भारतीय बाजार के मूल्य आकर्षण, स्पष्ट रूप से आयात में वृद्धि की संभावना और शुल्क की समाप्ति

की स्थिति में घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति की पुष्टि करते हैं। उत्तर देने वाले उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना दर्शाती है कि तीसरे देशों को निर्यात भी पाटित और क्षतिपूर्ण कीमतों पर किए गए हैं और भारत संबद्ध देश में उत्पादकों के लिए कीमत आकर्षक बाजार है । घरेलू उद्योग को जांच की अवधि के बाद पहले ही वित्तीय घाटा हो चुका है। पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में कीमत में कटौती काफी अधिक है । छल-रोधी जांच में पाए गए आयातों की मात्रा काफी महत्वपूर्ण है। देश में अब कोई मांग-आपूर्ति अंतर नहीं है, और घरेलू उत्पादकों की संचयी क्षमता पहले से ही देश में वर्तमान मांग से अधिक है। पाटित कीमतों पर किसी भी आयात से घरेलू कीमतों में कटौती होने से उद्योग पर प्रतिकूल कीमत प्रभाव पड़ने की संभावना है । पूर्वगामी से, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन और परिणामी क्षति की स्पष्ट संभावना है।

ठ. <u>भारतीय उद्योग के हित</u>

ठ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

156. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. जनहित के आधार पर कोई उपाय नहीं किया जाना चाहिए।

ख. पाटनरोधी उपायों को लागू करने से निर्यातकों के वैध हितों को नुकसान होगा और यह घरेलू उद्योग के उपचार और संरक्षण के लिए अनुकूल नहीं होगा।

ग. किसी भी पाटनरोधी उपाय का उद्देश्य घरेलू उद्योग को निवेश पर उचित या पर्याप्त लाभ अर्जित करने की सुविधा प्रदान करना नहीं है।

ठ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

157. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. निर्णायक समीक्षा में, उस अवधि की ऐतिहासिक जानकारी, जिसके दौरान कर्तव्य अस्तित्व में था, को जनहित की परीक्षा का आधार बनाना चाहिए।

ख. किसी भी प्रयोक्ता या आयातक ने आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है।

ग. इस तथ्य के बावजूद कि 30 से अधिक उपयोगकर्ता हैं, केवल 3 ने जांच में भाग लिया, जो उपयोगकर्ताओं द्वारा निम्न स्तर की रुचि को दर्शाता है।

घ. पिछले कुछ वर्षों में शुल्कों ने उन्हें कैसे प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है, इस संबंध में उपयोगकर्ताओं द्वारा किसी भी सरकारी निकाय को कोई प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया है।

ड. उपयोगकर्ता उद्योग पर लगाए गए शुल्कों का समग्र प्रभाव नगण्य है, केवल 1.5% है।

च. उपयोगकर्ता उद्योग के राजस्व और लाभप्रदता में 2017-18 से 2020-21 तक सुधार हुआ है।

छ. डाउनस्ट्रीम उद्योग ने भी इस अवधि में क्षमता का विस्तार किया है।

ज. सबसे बड़े उपयोगकर्ताओं में से एक यानी ऑटोमोबाइल उद्योग के 2022-27 के बीच 9% से अधिक बढ़ने की उम्मीद है, जो घरेलू उत्पादकों के विकास को प्रोत्साहित करेगा।

झ. चूंकि शुल्क लगाए गए थे, भारतीय उद्योग 3 से 6 उत्पादकों तक बढ़ गया है और यहां तक कि अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है, जिससे भारत को आयात पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने में मदद मिली है।

ञ. निवेश पर वर्तमान आय भविष्य के निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यदि कर्तव्यों को जारी नहीं रखा जाता है, तो आयात पर निर्भरता बढ़ने से नया निवेश मुश्किल हो जाएगा।

ट. अनुचित मूल्य निर्धारण व्यवहार जैसे कि प्रवंचना जो प्रतिस्पर्धा की स्थितियों को विकृत करता है एक दुर्भावनापूर्ण अभ्यास को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अगर माल की हेराफेरी नहीं की जाती तो 1,691 लाख रुपये सरकार को शुल्क के रूप में देय होते।

ठ. भारतीय बाजार में पर्याप्त आपूर्ति और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।

ड. संबद्ध वस्तुओं का आयात दक्षिण कोरिया, ताइवान, जापान और इंडोनेशिया जैसे तीसरे देशों से भी किया जा सकता है।

ढ. यदि कर्तव्यों को बढ़ाया नहीं जाता है और आवेदक महत्वपूर्ण नुकसान कमाता रहता है, तो वे या तो एक वैकल्पिक बाजार की तलाश करेंगे या अन्य उपयोग के लिए इसकी उत्पादन क्षमताओं का उपयोग करने पर विचार करेंगे।

ण. आयात पर अनावश्यक निर्भरता ने विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बनाया है।

त. निर्यातकों का उद्देश्य केवल लाभ अधिकतम करना है जबकि आवेदक का देश में दीर्घकालिक हित है, जिसमें उपयोगकर्ताओं का हित भी शामिल है।

थ. आरआईएल द्वारा उपयोग की जाने वाली उत्पादन तकनीक की तुलना विदेशी उत्पादकों द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक से की जा सकती है।

द. घरेलू उद्योग से खरीद उचित मूल्य, निर्बाध आपूर्ति, डाउनस्ट्रीम उद्योग की वृद्धि सुनिश्चित करेगी और उपयोगकर्ताओं को इन्वेंट्री होल्डिंग्स को कम करने की अनुमति देगी।

ध. चीनी सरकार का समर्थन निर्यातकों को अप्रतिस्पर्धी कीमतों पर निर्यात करने की अनुमति देता है।

न. हितबद्ध पक्षों के दावों के विपरीत, शुल्क की निरंतरता उन उपयोगकर्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाल सकती है जो अग्रिम प्राधिकरण के तहत आयात कर रहे हैं।

प. हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, पाटन एक अनुचित व्यापार प्रथा है और निर्यातक का "वैध अधिकार" नहीं है। शुल्क केवल विदेशी उत्पादक द्वारा अपनाई गई किसी भी अनुचित व्यापार प्रथा को संबोधित करता है

फ. जहां एक ओर हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि कर्तव्य की निरंतरता उनके "वैध अधिकार" को प्रभावित करेगी, वहीं दूसरी ओर उनकी प्रतिक्रियाओं में यह दावा शामिल है कि शुल्क जारी रखने से वे प्रभावित नहीं होंगे।

ठ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

158. प्राधिकरण नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य, सामान्य रूप से, पाटन की अनुचित व्यापार प्रथाओं द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करना है ताकि भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति स्थापित की जा सके, जो देश के सामान्य हित में है। पाटनरोधी उपायों को जारी रखने का उद्देश्य किसी भी तरह से संबद्ध देशों से आयातों को प्रतिबंधित करना नहीं है। प्राधिकारी मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्क जारी रखने से भारत में उत्पाद के मूल्य स्तर प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा पाटन रोधी उपायों के जारी रहने से कम नहीं होगी। इसके विपरीत, पाटनरोधी उपायों को जारी रखने से यह सुनिश्चित होगा कि पाटन प्रथा से कोई अनुचित लाभ प्राप्त नहीं होता है, घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में गिरावट को रोकता है और संबद्ध वस्तुओं के उपभोक्ताओं के लिए व्यापक विकल्प की उपलब्धता बनाए रखने में मदद करता है ।

159. जांच की शुरुआत के बाद, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। तथापि, प्रश्नावली का उत्तर केवल घरेलू उद्योग और 2 निर्यातकों द्वारा दायर किया गया था। वर्तमान जांच में भाग लेने वालों सहित संबद्ध वस्तुओं के किसी भी आयातक या उपयोगकर्ता ने आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है। इसके अलावा, संबद्ध वस्तुओं और डाउनस्ट्रीम उत्पाद के लिए प्रशासनिक मंत्रालय ने भी शुल्क को जारी रखने या समाप्त करने के संबंध में कोई आपत्ति या कोई बयान नहीं दिया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि यद्यपि संबद्ध वस्तुओं के लिए प्रशासनिक

मंत्रालय कपड़ा मंत्रालय है, उत्पाद वास्तव में कपड़ा अनुप्रयोगों में उपयोग नहीं किया जाता है।

160. आगे, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जबकि कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि सार्वजनिक हित के आधार पर कोई उपाय नहीं लगाया जाना चाहिए, यह दिखाने के लिए कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया गया है कि लागू शुल्कों के परिणामस्वरूप उपयोगकर्ताओं के प्रदर्शन में गिरावट आई है या इस तरह की गिरावट का कारण बन सकता है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, प्राधिकारी द्वारा आर्थिक हित प्रश्नावली के जवाब में संरचित और प्रमाणित जानकारी प्रदान करने का अवसर प्रदान करने के बावजूद, उपयोगकर्ताओं ने ऐसा करने से परहेज किया है। इसे देखते हुए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि उपायों के जारी रहने से घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

161. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि उपयोगकर्ताओं और आयातकों की भागीदारी का स्तर बेहद कम है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एसआरएफ लिमिटेड, मेहर फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड, फेनर कन्वेयर बेल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, इंटरनेशनल कन्वेयर्स लिमिटेड, शक्ति कॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड, ट्रुफ्रोप्स प्राइवेट लिमिटेड, मैककैफेरी एनवायरनमेंटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, स्ट्रैटा जियोसिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण आयात किए गए हैं। गरवारे टेक्निकल फाइबर्स लिमिटेड, अरविंद लिमिटेड, इंटरनेशनल कन्वेयर्स लिमिटेड, इंडिका कन्वेयर्स लिमिटेड, पीएनपी पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, टोडी मिल्स, फिलाटेक एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड, भले ही ऐसी पार्टियां क्षति अवधि के दौरान भारत में कुल आयात का 40% से अधिक हिस्सा लेती हैं। वर्तमान जांच में भाग लेने वाले आयातक / प्रयोक्ता अपने स्वयं के उत्तर के अनुसार जांच की अवधि के दौरान संबद्ध आयातों का केवल ***% खाते हैं । इसके अलावा, डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों के अनुसार, जहां क्षति अवधि के लिए प्राधिकारी द्वारा आयातक की पहचान की गई है, ऐसे आयातक/उपयोगकर्ता कुल आयात का केवल 3% हिस्सा हैं। इस प्रकार , प्राधिकारी नोट करते हैं कि उपयोक्ताओं द्वारा शुल्क जारी रखने का विरोध बहुत कम है ।

162. घरेलू उद्योग ने अपने स्वयं के प्रत्युत्तर के भाग के रूप में प्रमुख प्रयोक्ताओं के वित्तीय विवरण प्रदान किए हैं। उसी के अनुसार, यह नोट किया गया है कि कुछ उपयोगकर्ताओं जैसे फेनर कन्वेयर बेल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और ग्रीन फील्ड की लाभप्रदता में गिरावट आई है। हालाँकि, कुछ उपयोगकर्ताओं जैसे एसआरएफ लिमिटेड, इंटरनेशनल कन्वेयर्स लिमिटेड, मदुरा कोट्स प्राइवेट लिमिटेड, मदुरा इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की लाभप्रदता में काफी वृद्धि हुई है। वर्धमान यार्न एंड थ्रेड्स लिमिटेड, लिफ्ट एंड लैश लिमिटेड और मल्टीटेक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जैसे अन्य उपयोगकर्ता अपनी लाभप्रदता बनाए रखने में सक्षम रहे हैं ।

163. प्राधिकारी नोट करते हैं कि टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड को छोड़कर, संबद्ध वस्तुओं का उपयोग करके/निगमित करके उत्पादित उत्पादों का भाग लेने वाले उपयोगकर्ताओं के कुल राजस्व में बहुत कम हिस्सा है। समग्र आधार पर, ऐसे उत्पाद राजस्व का केवल **% खाते हैं ।

164. इस संबंध में, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने प्रयोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के मात्रात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी दी थी। घरेलू उद्योग द्वारा साझा की गई सूचना के अनुसार, उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव 0.01% से 1.2% के बीच था। घरेलू उद्योग के दावे को अन्य पक्षों द्वारा विवादित नहीं किया गया है । इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि प्रयोक्ताओं पर लागू पाटनरोधी शुल्क का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है ।

165. देश में संबद्ध वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क संबद्ध देश से आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता है, बल्कि केवल एक समान अवसर प्रदान करता है। इस तरह के खेल के मैदान ने कुछ उत्पादकों को बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी है। उदाहरण के लिए, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने क्षमता का विस्तार किया है, जबकि वेलनोन पॉलीस्टर्स लिमिटेड, सनाथन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड और फेरेटेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भी संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन शुरू कर

दिया है। इससे पता चलता है कि कर्तव्यों ने आयात पर उपयोगकर्ता की निर्भरता को कम कर दिया है और भारतीय उद्योग को बढ़ने और फलने-फूलने की अनुमति दी है

166. वास्तव में, घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, जिसका किसी अन्य पक्ष द्वारा खंडन नहीं किया गया है; देश में पहले जहां डिमांड-सप्लाई गैप था, अब ऐसा डिमांड-सप्लाई गैप नहीं है।

उत्पादक	क्षमता (मी.ट)
रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	***
वेलनोन पॉलिएस्टर्स लिमिटेड	***
एसआरएफ लिमिटेड	***
फेयरडील मल्टीफिलामेंट प्राइवेट लिमिटेड	***
फर्रेटेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	***
सनाथन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड	***
कुल भारतीय क्षमता	***
भारतीय मांग (2021-22)	52,226
भारत में अधिशेष क्षमता	***

167. अतिरिक्त क्षमता के साथ-साथ उत्पादकों की अधिक संख्या भी घरेलू उत्पादकों के बीच पारस्परिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेगी। इसके परिणामस्वरूप, उपयोगकर्ताओं को घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धी कीमतों और संबद्ध वस्तुओं की आसानी से उपलब्धता का आश्वासन दिया जाएगा ।

168. इसके अलावा, संबद्ध वस्तुओं का अन्य देशों से भी आयात जारी रखा जा सकता है। प्राधिकारी के समक्ष रिकॉर्ड पर पीसीआई वुड मैकेंज़ी रिपोर्ट के अनुसार, औद्योगिक यार्न के लिए 4.623 केटी की कुल वैश्विक क्षमता है, और उच्च दृढ़ता यार्न की 3,340 केटी है। इसके विपरीत, पूरे औद्योगिक धागे की वैश्विक मांग केवल 2,649 केटी है। इस

प्रकार, संबद्ध वस्तुओं के लिए वैश्विक अधिशेष है। चीन के अलावा, यूरोपीय संघ, वियतनाम, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, मैक्सिको और इंडोनेशिया में महत्वपूर्ण क्षमताएं हैं। इसलिए विचाराधीन उत्पाद का इन देशों से भी आयात किया जा सकता है । तदनुसार, प्राधिकरण का निष्कर्ष है कि उपयोगकर्ताओं के पास कई स्रोत उपलब्ध रहेंगे।

ङ. <u>प्रकटन पश्चात विवरण</u>

ङ.1 हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

169. हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र, घरेलू उद्योग के गठन, गोपनीयता, घरेलू उद्योग को क्षति, पाटन और क्षति की संभावना के संबंध में अपने अनुरोध दोहराए हैं । विशेष रूप से हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन विवरण पर टिप्पणियों के रूप में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

क. विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र प्रवंचित उत्पाद को शामिल करके निर्णायक समीक्षा जांच बढ़ाया नहीं जा सकता । यह पीछे के दरवाजे से घुसने वाला प्रयास होगा ।

ख. प्राधिकारी प्रवंचनारोधी जांच में जांचाधीन उत्पाद में किसी निर्णायक समीक्षा में शुल्क नहीं बढ़ा सकते क्योंकि वर्तमान समीक्षा नियम 23(1)(ख) के साथ पठित धारा 9क (5) के तहत शुरू की गई थी । चूंकि जांच की शुरूआत के समय प्रवंचनारोधी जांच और निर्णायक समीक्षा के बीच कोई संपर्क नहीं बनाया गया था, अत: उसे वर्तमान स्तर पर नहीं किया जा सकता।

ग. ऐसी स्थिति में जिससे वित्त मंत्रालय प्रवंचनारोधी शुल्क नहीं लगा सकता, स्वत: जांचाधीन उत्पाद की लंबित समीक्षा के तहत शुल्क प्रदान करने का प्रश्न विवादास्पद होगा ।

घ. यदि नियम 5 लागू नहीं है तो यह स्पष्ट नहीं है कि एसआरएफ लि. को जांच से अलग कैसे किया जा सकता है ।

ङ. एसआरएफ लिमिटेड के आयातों की मात्रा उनके उत्पादन के संबंध में और कुल भारतीय उत्पादन में आवेदक का हिस्सा प्रकट नहीं किया गया है ।

च. आवेदन पत्र में घरेलू उद्योग द्वारा सभी स्रोतों से आयातों के संबंध में सूचना मांगी गई है । अत: आरआईएल के आधार का निर्धारण सीमित सूचना के संदर्भ में उपयुक्त नहीं है ।

छ. आवेदन पत्र का अगोपनीय रूपांतर गोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति, आयातों की घोषणा और समग्र रूप से क्षति के लिए आयातकों/निर्यातकों के संबंध की घोषणा, अन्य उत्पादकों के कुल उत्पादन पीसीएन वार ब्यौरे आदि प्रदान न करने के कारण स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

ज. ऑल इंडिया लेमिनेटिड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी ने अधिकरण के निर्णय के अनुसार पाटनरोधी नियमावली के नियम 8 के तहत असिद्ध रिपोर्ट पर तब तक विश्वास नहीं किया जा सकता, जब तक कि उसकी सच्चाई सिद्ध न हो जाए और उसकी रिपोर्ट अथवा सार अन्य हितबद्ध पक्षकारों साझा न की जाए ।

झ. यदि प्राधिकारी निर्णायक समीक्षा जांच के अनुसरण में विद्यमान पाटनरोधी शुल्क जारी रखने का निर्णय लेते हैं, तो पाटनरोधी शुल्क दर की वही दर प्राधिकारी की विगत परिपाटी के अनुसार किसी संशोधन के बिना जारी रखी जानी चाहिए ।

ञ. ह्यूसंग के बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार के संबंध में टिप्पणियां कृपया अंतिम जांच परिणामों में पुष्ट की जाए । इसके अतिरिक्त, नकारात्मक क्षति मार्जिन के मद्देनजर कृपया शून्य शुल्क जारी रखे जाएं ।

ट. सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य प्रत्येक उत्पादक द्वारा दिए गए आंकड़ों पर विचार करते हुए निर्धारित किया जाना चाहिए क्योंकि वर्तमान दृष्टिकोण का अभिप्राय यह होगा की अनुच्छेद 15 (क)(ii) का कोई प्रयोजन नहीं है ।

ठ. यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या जियांगशू हैंगली के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित की गई है तथा पीसीएन वार आधार पर उसकी तुलना की गई है ।

ड. पाटनरोधी शुल्क का शून्य शुल्क उस नए उत्पादक/निर्यातक को प्रदान नहीं किया जा सकता जो प्राधिकारी की सतत परिपाटी के अनुसार निर्णायक समीक्षा जांच में पहली बार भाग लेताहै ।

ढ. ऐसा प्रतीत होता है कि नए उत्पादक/निर्यातक ने निर्णायक समीक्षा जांच की जांचावधि के दौरान भारत को केवल छोटीमात्रा में निर्यात किया है । इस प्रकार सतत परिपाटी के अनुसार, इस छोटी सी मात्रा की वास्तविक निर्यात कीमत विश्वसनीय नहीं मानी जानी चाहिए और पाटनरोधी शुल्क की व्यक्तिगत दर ऐसे उत्पादक/निर्यातक को प्रदान न की जाए ।

ण. जियांगशू ताइजी को वर्तमान समीक्षा में निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के आधार पर व्यक्तिगत शुल्क की अनुमति दी जानी चाहिए और विद्यमान शुल्क जारी नहीं रखे जाने चाहिए । प्रकटन विवरण के अनुसार नकारात्मक मार्जिन स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि उसके निर्यातों के परिणामस्वरूप पाटन और क्षति की कोई संभावना नहींहै ।

त. पाटनरोधी नियमावली के तहत प्राधिकारी का यह दायित्व है कि वे वर्तमान मार्जिन के आधार पर शुल्क की सिफारिश करें । विगम मामलों में भी प्राधिकारी समीक्षा के दौरान निर्धारित मार्जिन के आधार पर निर्णायक समीक्षा में शुल्कों में संशोधन करते रहे हैं ।

थ. झेजियांग युनिफुल और हुझोऊ युनीफुल संबद्ध उत्पादक हैं । जांच की अवधि के दौरान केवल झेजियांग युनिफुल द्वारा उत्पादित सामान निर्यात किए गए थे । तथापि, यह अनुरोध है कि हुझोहू युनिफुल का नाम भी शुल्क तालिका में नोट किया जाए ताकि भावी निर्यातों की स्थिति में पक्षकारों को किसी अनुचित कठिनाई में न रखा जाए

द. चूंकि हैंगली द्वारा निर्यातों के कारण पाटन और क्षति की कोई संभावना नहीं है, अत: उसके लिए शुल्क बंद किए जाने की आवश्यकता है ।

ध. भारत में आने वाले अधिकतर (75 प्रतिशत से अधिक)आयात अग्रिम लाइसेंस के तहत हैं और पाटनरोधी शुल्क जारी रखने से इन आयातों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा । भारत में आने वाले नियमित आयात बहुत कम हैं । यह नहीं माना जा सकता कि अग्रिम प्राधिकार के तहत आयात बढ़े हैं । केवल इस कारण कि वे उन्हें पाटनरोधी शुल्क से छूट है क्योंकि ऐसे आयातों को उस समय अनुमति दी जाती है, जब निर्यातित उत्पाद में आयातित इनपुट का प्रयोग करने का दायित्व लगाया जाए ।

न. घरेलू उद्योग के निष्पादन में उसकी मात्रा और लाभप्रदता मानदंडों के संदर्भ में सुधार हुआ है । यह क्षति की संभावना के अभाव से देखा जा सकता है क्योंकि क्षति जांच अवधि के दौरान भारत में अधिकतर आयात पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन नहीं थे ।

प. जांच की अवधि के बाद की अवधि के आंकड़े यह दर्शाते हैं कि आयात मात्रा और आयातों का बाजार हिस्से में गिरावट आई है । आयातों की पहुंच कीमत में वृद्धि हुई है और कीमत कटौती नगण्य है ।

फ. जांचावधि के बाद में लाभ में भारी गिरावट आयातों के कारण नहीं हो सकती क्योंकि आयात कम हुए हैं और पहुंच मूल्य बढ़ा है ।

ब. एसआरएफ लिमिटेड के संबंध में कोई सूचना नहीं है जोकि सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है ।

भ. उत्पादकों की संख्या में काफी वृद्धि यह दर्शाती है कि शुल्क जारी रखने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

म. चीनी उत्पादकों की निर्यातोन्मुखता की अत्यधिक क्षमताएं अथवा निर्यातोन्मुखता तथा अन्य क्षेत्राधिकारों द्वारा वृद्धि भारतीय बाजार की आकर्षकताके संबंध में किसी सूचना के अभाव में संभावना दर्शाने वाला नहीं माना जा सकती ।

य. यदि क्षति की संभावना का देशवार विश्लेषण चीन से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश करने के लिए किया जाता है तो फिर प्राधिकारी

निर्णायक समीक्षा में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए अलग पाटन मार्जिन और/अथवा क्षति मार्जिन पर विश्वास नहीं कर सकते । अधिक बेकार क्षमता, क्षमता विस्तार योजनाओं और तीसरे देश के पाटन की अधिक घटना तथा परिणामस्वरूप पाटन और क्षति की देशवार संभावना के निर्धारण के लिए जिम्मेदार होने वाले उत्पादक/निर्यातक कम पाटनरोधी शुल्क से लाभ ले सकते हैं, यदि निर्णायक समीक्षा जांच के दौरान ऐसे उत्पादक/निर्यातक के लिए निर्धारित अलग पाटन मार्जिन अथवा क्षति मार्जिन कम हो ।

कक. घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई है, तो घरेलू बाजार में परस्पर प्रतिस्पर्धा, ताइवान और वियतनाम से आयातों, अग्रिम प्राधिकार के तहत निर्यातों और आयातों में गिरावट के कारण है ।

खख. 22 प्रतिशत की दर क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए नहीं मानी जानी चाहिए क्योंकि इससे घरेलू उद्योग को अनुचित संरक्षण मिलता है । यह ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में अधिकरण के निर्णय और यूरोपियन फर्टीलाइजर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ईएफएमए) बनाम काउंसिल के मामले में यूरोपीय न्यायालयों के निर्णय से सिद्ध है ।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

170. घरेलू उद्योग ने अधिकतर क्षति और पाटन तथा क्षति जारी रहने की संभावना, कारणात्मक संपर्क और भारतीय उद्योग के हित के संबंध में जांच प्रक्रिया के दौरान किए गए अपने अनुरोध दोहराए हैं । प्रकटन विवरण जारी करने के बाद घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं :-

क. शुल्क में संशोधन की निर्णायक समीक्षा में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और किसी भी नए उत्पादक से विगत परिपाटी के अनुसार नई शिपर समीक्षा के लिए आवेदन पत्र दायर करने हेतु नहीं कहा जाना चाहिए ।

ख. जियांगशु ताइजी इंडस्ट्री न्यू मैटीरियल्स कं. लि. ने हाई मॉड्यूलस लो सिंकेज (एचएमएलएस) यार्न का निर्यात किया है जो उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता । इसलिए, निर्यातक को किसी शुल्क की अनुमति नहीं दी जा सकती ।

ग. संभावित पाटन और संभावित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क स्थापित किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

घ. वर्तमान जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को अन्य देशों से आयातों के कारण क्षति नहीं हुई है ।

ड. पाटन और क्षति की संभावना घरेलू उद्योग की कमजोर स्थिति, अग्रिम प्राधिकार के तहत आयातों के प्रभाव और छूटशुदा उत्पादकों, बाजार के रूप में भारत की महत्ता, शुल्क की समाप्ति की स्थिति में संभावित कीमत न्यूनीकरण अथवा ह्रास आदि से भी सिद्ध है ।

च. शुल्क को जारी रखना जनहित में होगा ।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

171. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोधों की जांच की है और नोट करते हैं कि अधिकतर टिप्पणियां पुनरावृति हैं जिनकी पहले ही उपयुक्त रूप से जांच कर दी गई है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराओं में उनको पर्याप्त रूप से हल कर दिया गया है । हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों और प्राधिकारी द्वारा संगत पाए गए मुद्दों की निम्नलिखित रूप में जांच की गई है ।

172. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने अपने दावे को दोहराया है कि वर्तमान समीक्षा का क्षेत्र जांचाधीन उत्पाद को शामिल करने के लिए नहीं बढ़ाया जा सकता । हितबद्ध पक्षकार इस तथ्य पर विश्वास करते हैं कि जांच की शुरूआत की अधिसूचना वर्तमान समीक्षा में प्रवंचनारोधी जांच को नहीं जोड़ती और वित्त मंत्रालय प्रवंचनारोधी जांच की सिफारिशें

अधिसूचित न करें । प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों के तर्क विगत परिपाटी के विपरीत हैं । प्राधिकरण वर्तमान सनसेट समीक्षा के अनुसरण में विचाराधीन उत्पाद के दायरे का विस्तार नहीं कर रहा है। जब प्राधिकारी ने प्रवंचनारोधी जांच के अनुसरण में प्रवंचनाकरने वाले उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क बढ़ाये जाने की सिफारिश करना उपयुक्त पाया है तो कोई भी बाद की निर्णायक समीक्षा का जांच परिणाम उस प्रवंचना करने वाले उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क बढ़ाए जाने के लिए होना चाहिए । इसके अतिरिक्त जब प्राधिकारी ने यह पाया है कि शुल्क की प्रवंचना की गई है तो जांच परिणाम का उस समय तक आधार होना चाहिए जब तक प्राधिकारी प्रवंचना के कानून के प्रावधानों के तहत समीक्षा करें । इसके अतिरिक्त जब प्राधिकारी ने पहले ही प्रवंचनारोधी जांच कर ली है और यह माना है कि शुल्क की प्रवंचना हो रही है तो प्राधिकारी के लिए पुन: यह जांच करने की अपेक्षा नहीं है कि क्या शुल्क की प्रवंचना निर्णायक समीक्षा में हो रही है।

173. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि चूंकि नियम 5 निर्णायक समीक्षा में लागू नहीं है, अत: एसआरएफ लिमिटेड को जांच से अलग नहीं किया जा सकता । प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राधिकारी उस किसी भी उत्पादक को अलग कर सकते हैं जो नियम 2(ख) के प्रावधानों के तहत विचाराधीन उत्पाद का आयात कर रहा है, जोकि निर्णायक समीक्षा पर लागू है ।

174. इस तर्क के संबंध में एसआरएफ लिमिटेड (*** मीट्रिक टन) द्वारा उनके उत्पाद, आवेदक के हिस्से, अन्य उत्पादकों के उत्पादन, घरेलू उद्योग की पीसीएन वार ब्यौरों आदि के संबंध में आयात प्रकट किए जाने थे, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सूचना से व्यक्तिगत उत्पादकों की व्यापारिक स्वामित्व संबंधी सूचना का प्रकटन होगा । इस प्रकार, इस सूचना को पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 के अनुसार गोपनीय माना गया है ।

175. आवेदन प्रपत्र में "तथाकथित पाटित वस्तु के निर्यातक अथवा आयातक" के साथ संबद्धता के संबंध में सूचना प्रकट करना आवेदक के लिए अपेक्षित है । इसके

मद्देनजर, प्राधिकारी इस तर्क में कोई औचित्य नहीं पाते कि आवेदक संगत सूचना प्रदान करने में विफल रहा क्योंकि उसने गैर-संबद्ध देशों में उत्पादक/निर्यातक से संबंध प्रकट नहीं किया गया ।

176. इन दावों के संबंध में कि आवेदन पत्र का अगोपनीय रूपांतर उपयुक्त नहीं था, प्राधिकारी ने दावा की गई गोपनीयता की जांच की है और दावों को स्वीकार करने के लिए उसे उपयुक्त पाया है । यद्यपि, हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि अगोपनीय रूपांतर गोपनीय रूपांतर की प्रतिकृति नहीं है, तथापि, दोनों के बीच किसी अंतर का आरोप नहीं लगाया गया है । जहां तक घरेलू उत्पादकों के अलग-अलग उत्पादन और घरेलू उद्योग के पीसीएन वार ब्यौरों का संबंध है, प्राधिकारी यह पाते हैं कि यह सूचना अलग-अलग कंपनियों की व्यापारिक स्वामित्व वाली सूचना है और इस प्रकार उन्होंने दावा की गई गोपनीयता को स्वीकार करना उपयुक्त पाया है ।

177. हितबद्ध पक्षकारों ने अपने इस तर्क को दोहराया है कि पीसीआई वुड मेकेंजी की रिपोर्ट पर ऑल इंडिया लेमिनेटिड फैब्रिक्स मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में अधिकरण के निर्णय के मद्देनजर विश्वास नहीं किया जा सकता । प्राधिकारी नोट करते हैं कि दोनों मामलों के तथ्यों की तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि आवेदक ने स्वयं ही आवेदन पत्र में प्रकट किया था कि उसने पीसीआई वुड मेकेंजी की रिपोर्ट पर विश्वास किया है । यह बताने के लिए बाद में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई साक्ष्य अथवा सूचना नहीं दी गई थी कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना विश्वसनीय नहीं थी । इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकारों के तर्क के विपरीत रिपोर्ट में विश्वास की गई सूचना का पर्याप्त सार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया गया था । किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने यह बताने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि पीसीआई वुड मेकेंजी की रिपोर्ट के अनुसार क्षमता, उत्पादन और मांग के आंकड़े विश्वसनीय नहीं हैं ।

178. कई हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि शुल्क की समान दर जारी रखी जानी चाहिए जबकि अन्य ने यह दावा किया है कि शुल्क की मात्रा दोबारा निर्धारित की जानी चाहिए । प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान मामला घरेलू उद्योग को जारी क्षति का

मामला नहीं है, यद्यपि शुल्क की प्रवंचना से लागू शुल्कों के उपचारात्मक प्रभाव कम हुए । अत: चूंकि प्राधिकारी ने पाटन के जारी रहने और घरेलू उद्योग को बार-बार क्षति होने की संभावना का निष्कर्ष निकाला है, अत: समान शुल्क बढ़ाए जाने की सिफारिश करना उपयुक्त है ।

179. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि सामान्य मूल्य चीन जन.गण. की लागतों और कीमतों के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए था । प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने डब्ल्यूटीओ के पाटनरोधीकरार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के साथ पठित अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 (क)(i) के प्रावधानों पर विश्वास करते हुए सभी हाल की जांचों में चीन जन.गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना है । प्राधिकारी ने आवेदक के दावे को अधिसूचित किया था कि चीन जन.गण. को जांच की शुरूआत के स्तर पर ही गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाए जिस पर सभी पक्षकारों को इस दावे का खंडन करने का अवसर दिया गया था । तथापि, ह्योसुग को छोड़कर किसी भी उत्पादक ने संगत सूचना प्रदान कर बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा करने का विकल्प नहीं लिया है ।

180. यह स्पष्ट किया जाता है कि कि जियांगशु हैंगली तथा अन्य सभी उत्पादकों के लिए भी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन पीसीएन वार आधार पर निर्धारित किया गया है ।

181. जियांगशु ताइजी के लिए पाटन मार्जिन के संबंध में इस मामले की जांच की गई है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादक ने जांच की अवधि के दौरान केवल हाई मॉड्यूलस लो सिंकेज (एचएमएलएस) यार्न का निर्यात किया है । उत्पादक ने अपनाई गई पीसीएन वार पद्धति पर विश्वास करते हुए उस उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के रूप में माना है । तथापि, प्राधिकारी ने पीसीएन पद्धति अधिसूचित की थी जैसी कि मूल जांच में अपनाई गई थी । प्राधिकारी नोट करते हैं कि मूल जांच में एचएमएलएस यार्न को जांच की उस शुरूआत के स्तर पर उत्पाद क्षेत्र में शामिल किया गया था । तथापि, विस्तृत जांच करने के बाद प्राधिकारी ने निम्नलिखित रूप में विचाराधीनउत्पाद के क्षेत्र से उस यार्न को अलग किया ।

"19. एचएमएलएस गुणधर्मों वाले यार्न को हटाए जाने के लिए दावे के संबंध में यह नोट किया जाता है कि एचएमएलएस यार्न एक ऐसा यार्न है जिसमें दबाव के तहत लंबाई और स्ट्रेचिंग के बिना आयाम वाली स्थिरता है और वह भी गर्म ताप अनुप्रयोग के बावजूद सिकुड़न के बिना है । हम नोट करते हैं कि जारी पीसीएन वर्गीकरण के संदर्भ में एमएमएलएस यार्न के लिए परीक्षण मानदंड उसका 10 से कम "डोइमेंशनल स्टेबिलिटी इंडेक्स" निर्धारित किया गया था । डोइमेंशनल स्टेबिलिटी इंडेक्स 4 सीएन/डीटेक्स (एएसटीएमडी 885 के अनुसार परीक्षित) और 0.05 सीएन/डीटेक्स अंतिम भार (एसटीएम डी4914 के अनुसार परीक्षित) पर 2 मिनट के लिए 177 डिग्रीसेल्सियस पर गर्म हवा की सिकुड़न पर लंबाई के समीकरण के रूप में मापा जाता है । एचएमएलएस यार्न का प्रयोग टायर कोर्डस (यात्री कार और हल्के वाणिज्यिक वाहनों में प्रयुक्त टायरों के भीतर पुनर्बलन के रूप में), यांत्रिक रबड़ के सामानों के उपयोग के लिए कनवेयर और वी-बेल्ट जैसे उत्पादों में किया जाता है ।

20. निर्यातकों और घरेलू उद्योग से पीसीएन वार सूचना प्राप्त होने पर यह पाया गया था कि आरआईएल में जांच की अवधि के दौरान एचएमएलएस यार्न का उत्पादन नहीं किया है । यहां तक कि यद्यपि, एसआरएफ में जांच की अवधि के दौरान एचएमएलएस यार्न का उत्पादन किया है । तथापि, उसने अपने एचएमएलएस यार्न उत्पादन के 2 प्रतिशत से कम की ही वाणिज्यिक बिक्री की है । इस प्रकार, एचएमएलएस यार्न को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत शामिल करना और वर्तमान जांच उपयुक्त नहीं होगी । तदनुसार, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के लिए विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एचएमएलएस गुण धर्मोंवाले यार्न को अलग किया है । "

इस प्रकार, यह सिद्ध है कि एचएमएलएस यार्न उत्पाद क्षेत्र का भाग नहीं बनता । इसके मद्देनजर ऐसे एचएमएलएस यार्न के निर्यातों के आधार पर जियांग्शु तेजी को अलग पाटन मार्जिन/क्षति मार्जिन तथा शुल्क प्रदान नहीं किया जा सकता ।

182. प्राधिकारी ने झेजियांग युनिफल और हुझोऊ युनिफुल दोनों को निम्नलिखित शुल्क तालिका में उत्पादकों के रूप में शामिल करने के लिए युनिफुल के अनुरोध को स्वीकार करना उपयुक्त पाया है ।

183. जियांगशु हेंगली ने अपने इस दावे को दोहराया है कि उसके निर्यातों के परिणामस्वरूप पाटन और क्षति की कोई संभावना नहीं है और इस प्रकार, इस पर लागू शुल्क बंद किया जाना चाहिए । प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन केवल सकारात्मक नहीं है बल्कि काफी भी हैं । इसके मद्देनजर, यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उसके निर्यातों के कारण पाटन और क्षति की कोई संभावना नहीं है ।

184. इस तर्क के संबंध में कि आयात की महत्वपूर्ण मात्रा अग्रिम प्राधिकरण के तहत की गई है, प्राधिकरण ने लगातार यह माना है कि शुल्क मुक्त आयात शुल्क भुगतान वाले आयात के लिए एक बैंचमार्क के रूप में कार्य करता है, दोनों के बीच एकमात्र अंतर सीमा शुल्क की राशि है। इसके अलावा, प्राधिकरण ने शुल्क मुक्त आयातों पर भी नोशनल सीमा शुल्क जोड़ने के बाद कीमत में कटौती का निर्धारण किया है। यह देखा गया है कि पाटनरोधी शुल्क के अभाव में, ऐसे शुल्क योग्य आयातों की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम होगी, जिससे पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में घरेलू उद्योग को कीमत में कटौती होगी।

185. इस दावे के संबंध में कि चीनी उत्पादकों की अत्यधिक क्षमता अथवा निर्यातोन्मुखता और अन्य न्यायाधिकरणों द्वारा प्रशुल्क में वृद्धि कीमत आकर्षकता से संबंधित सूचना के अभाव में निर्धारक नहीं हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादकों द्वारा दायर उत्तरों से यह प्रकट होता है कि भारत एक कीमत आकर्षक बाजार है । इसकी जांच पहले भी वर्तमान जांच परिणामों के संगत भाग में की जा चुकी है ।

186. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह चिंता व्यक्त की है कि समीक्षा में अलग-अलग मार्जिन पर विश्वास नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि प्राधिकारी ने संभावना का देशवार विश्लेषण

किया है । चूंकि प्राधिकारी ने विद्यमान पाटनरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश करना उपयुक्त पाया है अत: हितबद्ध पक्षकारों की चिंता पहले ही दूर कर दी गई है ।

187. जहां तक इस दावे का संबंध है कि प्राधिकारी को 22 प्रतिशत की आय पर विचार नहीं करना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है कि मानी गई आय असाधारण रूप से उच्च संरक्षण देती है अथवा यह कि भिन्न आय औचित्यपूर्ण है । प्राधिकारी ने अपनी सतत परिपाटी के अनुसार 22 प्रतिशत की आय पर विचार किया है ।

ढ. निष्कर्ष

188. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों, दी गई सूचना और किए गए अनुरोधों तथा उपर्युक्त जांच परिणाम में रिकॉर्ड किए गए अनुसार प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों तथा घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति के बार-बार होने अथवा जारी रहने की संभावना के उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं :

क. विचाराधीन उत्पाद 'हाई टेनासिटी पालिएस्टर यार्न" है जिसे बाजार स्तर में पालिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न (पीआईवाई) अथवा इंडस्ट्रियल यार्न (आईडीवाई) के रूप में भी जाना जाता है । इस उत्पाद क्षेत्र में 1000 से कम के डेनियर, 6000 से अधिक के डेनियर, टिवस्टेड यार्न , रंगीन यार्न, 1000 से अधिक डेनियर से युक्त अधेसिव एक्टीवेटेड यार्न और एचएमएलएस गुणधर्मों से युक्त वाले यार्न अलग किए गए हैं ।

ख. पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना और उत्पाद विवरण बदल कर किए गए आयातों की मात्रा काफी अधिक है और पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में चीनी उत्पादकों के संभावित व्यवहार को स्पष्ट रूप से सिद्ध करती है ।

ग. घरेलू उद्योग द्वारा खरीदा गया उत्पाद चीन से आयातित उत्पाद की समान वस्तु है ।

घ. आवेदक नियम 2(ख) के अभिप्राय से घरेलू उद्योग है । इसके अतिरिक्त पाटनरोधी शुल्क बढ़ाए जाने के अनुरोध का वेलनोन पोलिएस्टर्स लिमिटेड, सनातन टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेडऔर फेयरडील जमबो पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थन किया गया था । एसआरएफ लि. ने विचाराधीन उत्पाद तथा प्रवंचना करने वाले उत्पाद का काफी मात्रा में आयात किया है।

ड. आवेदन पत्र में निर्णायक समीक्षा की शुरूआत के प्रयोजन के लिए संगत सभी सूचनाएं हैं और आवेदन पत्र में वर्तमान निर्णायक समीक्षा की शुरूआत का औचित्य बनाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य निहित हैं । इसके अतिरिक्त, आवेदक ने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी द्वारा संगत और आवश्यक मानी गई सभी सूचनाएं प्रदान की हैं ।

च. रिकॉर्ड में उपलबध सूचना के आधार पर संबद्ध सामानों के लिए सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है । संबद्ध देश से निर्यातों की पर्याप्त मात्रा के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है।

छ. पाटित आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है । इसके अतिरिक्त, प्रवंचना करने वाले उत्पादों के आयातों में भी काफी वृद्धि हुई है । प्रवंचना करने वाले उत्पादों सहित इस उत्पाद के पाटित आयातों की कुल मात्रा में काफी वृद्धि दर्शायी है । यह भारत की क्षमताओं में काफी वृद्धि के बावजूद है । देश में इस उत्पाद के लिए वर्तमान संयुक्त क्षमताएं देश में इस उत्पाद के लिए वर्तमान से अधिक हैं ।

ज. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं । कीमत कटौती की मात्रा काफी अधिक है ।

झ. घरेलू उद्योग के निष्पादन में विभिन्न आर्थिक मानदंडों के संदर्भ में सुधार हुआ है । तथापि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है ।इसके अतिरिक्त, जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में परिवर्तन लागतों में गिरावट के कारण भी सुधार हुआ है 1

ञ. घरेलू उद्योग को जांच की वर्तमान अवधि के दौरान वास्तविक क्षति नहीं हुई है क्योंकि उसके निष्पादन में ह्रास नहीं हुआ है । तथापि, शुल्क की प्रवंचना से शुल्क के उपचारात्मक प्रभाव कम हुए हैं ।

ट. पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में क्षति के बार-बार होने की संभावना है, जैसा कि निम्नलिखित कारकों से सिद्ध किया गया है ।

i. संबद्ध सामानों का पाटन पाटनरोधी शुल्क लागू रहने के बावजूद जारी रहा है ।

ii. आयातों की मात्रा भी काफी रही है और वस्तुत: पूर्ण एवं सापेक्ष दृष्टि से बढ़ी है ।

iii. संबद्ध सामानों के बाजार हिस्से में काफी वृद्धि हुई है और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है ।

iv. प्रवंचना करने वाले उत्पाद के आयातों में इस अवधि में वृद्धि हुई है । विस्तृत जांच करने के बाद प्राधिकारी ने प्रवंचना करने वाले उत्पाद के आयातों पर शुल्क बढ़ाए जाने की सिफारिश की है ।

v. चीन में इस उत्पाद के लिए काफी अधिशेष क्षमताएं मौजूद हैं और अधिशेष अप्रयुक्त क्षमताएं भारतीय घरेलू मांग से कहीं अधिक हैं ।

vi संबद्ध देश में उत्पादकों के पास भारत में मांग की तुलना में कहीं अधिक मालसूची है ।

vii. संबद्ध देश में उत्पादक केवल भारत में ही पाटन नहीं कर रहे हैं बल्कि सामान्य मूल्य और क्षति रहित कीमत की तुलना में पाटित और क्षति कारक कीमतों पर तीसरे देशों को संबद्ध सामानों का निर्यात भी कर रहे हैं ।

viii. भारत चीनी उत्पादकों के लिए कीमत आकर्षक लाभकारी बाजार है ।

ix. जांच की अवधि के बाद ही सूचना यह दर्शाती है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई है और उसे वित्तीय हानियां हुई हैं ।

ठ. उपर्युक्त के मद्देनजर विद्यमान पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में पूरी संभावना है कि चीन से संबद्ध सामानों के आयातों में पाटित और क्षति कारक कीमतों पर वृद्धि होगी।

ड. जांच से यह दर्शाने के लिए कोई बाद सामने नहीं आई है कि यह पाटनरोधी शुल्क जारी रखना जनहित में नहीं होगा ।

189. उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि विद्यमान पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में पाटन की स्पष्ट संभावना और परिणामस्वरूप क्षति है और इसीलिए 5 वर्षों की अगली अवधि के लिए पाटनरोधी उपाय जारी रखने की सिफारिश करते हैं ।

ण. सिफारिशें

190. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित की गई थी तथा पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क एवं घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति की संभावना के संबंध में भी सूचना प्रदान करने के लिए घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों, प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया था ।

191. यह निष्कर्ष निकालने पर कि यदि विद्यमान पाटनरोधी शुल्क समाप्त करने की अनुमति दी जाती है तो पाटन और क्षति की संभावना का सकारात्मक साक्ष्य है, प्राधिकारी का यह मत है कि संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क आगे जारी रखने की आवश्यकता है । यहां ऊपर सिद्ध किए गए अनुसार मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी संबद्ध देश से संबद्ध सामानों पर विद्यमान पाटनरोधी शुल्क जारी रखनेकी सिफारिश करना उपयुक्त मानते हैं ।

तदनुसार, चीन जन.गण. के उत्पादकों के लिए निम्नलिखित शुल्क तालिका के अनुसार पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की जाती है ।

192. इस प्रकार, पाटनरोधी नियमावली के नियम 4(घ) और नियम 17(1)(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार प्राधिकारी विद्यमान पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना जारी रखनेकी सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति की संभावना समाप्त की जा सके । तदनुसार, निम्नलिखित शुल्क तालिका के कॉलम 8 में उल्लिखित राशि के बराबर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के सभी आयातों पर केन्द्र सरकार द्वारा जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से पांच (5) वर्षों के लिए लगाए जानेकी सिफारिश की जाती है ।

शुल्क तालिका

क्र.सं	शीर्ष	विवरण	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	शुल्क की राशि	इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	5402.2090	हाई टेनासिटी पॉलिएस्टर यार्न •	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	ह्योसंग कैमिकल फाइबर(जियाजिंग) कं. लि.	Nil	मी.ट.	अम.डॉ.
2	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	झेजियांग गुजियानडाओ पॉलिएस्टर डोप डायड यार्न कं.लि.	174	मी.ट.	अम.डॉ.
3	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	जियांगशु हैंगली कैमिकल फाइबर कं. लि.	234	मी.ट.	अम.डॉ.
4	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	झेजियांग युनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर कं. लि.,	316	मी.ट.	अम.डॉ.
5	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	हुझोऊ युनिफुल इंडस्ट्रियल फाइबर	316	मी.ट.	अम.डॉ.

					कं. लि.			
6	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	ऑरिएंटल इंडस्ट्रीज (सुझोऊ) लि.	Nil	मी.ट.	अम.डॉ.
7	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	कं. सं. 1 से 6 से इतर अन्य कोई संयोजन	528	मी.ट.	अम.डॉ.
8	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. से अलावा कोई अन्य देश	चीन जन.गण.	कोई	528	मी.ट.	अम.डॉ.

** हाई टेनासिटी पालिएस्टर यार्न जिसे पॉलिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न (पीआईवाई) अथवा बाजार स्थल में इंडस्ट्रियल यार्न (आईडीवाई) के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल नहीं है ।*

क. 1000 से कम डेनियर वाले यार्न

ख. 6000 से अधिक डेनियर वाले यार्न

ग. टिवस्टेड यार्न

घ. रंगीन यार्न

ङ. 1000 से अधिक डेनियर वाले अधेसिव एक्टीवेटेड यार्न

च. एचएमएलएस गुणधर्मों वाले यार्न

193. इसके अतिरिक्त, चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित निम्नलिखित जांचाधीन उत्पाद के आयातों पर विद्यमान पाटनरोधी शुल्क बढ़ाए जाने की सिफारिश करते हुए दिनांक 31 मार्च, 2023 की अधिसूचना सं. 7/9/2022-डीजीटीआर के माध्यम से प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित अंतिम जांच परिणामों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी यह मानते हैं कि निम्नलिखित जांचाधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क बढ़ाया जाना अपेक्षित है:

i. 1000 डेनियर से कम परंतु 840 डेनियर से अधिक के हाई टेनासिटी पॉलिएस्टर यार्न, दोनों अधेसिव एक्टीवेटेड और अन्य (पीयूआई I) । तथापि, 840 डेनियर और उससे कम के यार्न जब 2.4 प्रतिशत की अनुमत्य टॉलरेंस के अंतर्गत आयातित किए जाएं, विशिष्ट रूप से उत्पाद क्षेत्र से अलग किया जाता है ।

ii. 6000 डेनियर से अधिक परंतु 7000 डेनियर से कम के हाई टेनासिटी पॉलिएस्टर यार्न (पीयूआई II) तथापि, 7000 डेनियर के यार्न, जब 2.4 प्रतिशत की अनुमत्य टॉलरेंस के अंतर्गत आयात किए जाएं, विशिष्ट रूप से उत्पाद क्षेत्र से अलग किए जाते हैं ।

iii. 1000 डेनियर से अधिक परंतु 1300 डेनियर से कम के अधेसिव एक्टीवेटेड हाई टेनासिटी पालिएस्टर यार्न । तथापि, 1300 डेनियर के यार्न जब 2.4 की अनुमत्य टॉलरेंस के अंतर्गत आयात किए जाएं, विशिष्ट रूप से उत्पाद क्षेत्र से अलग किए जाते हैं ।

त. आगे की प्रक्रिया

194. इस अंतिम जांच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण/समीक्षा के विरूद्ध कोई अपील अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी ।

3-12

(अनन्त स्वरूप)
निर्दिष्ट प्राधिकारी